


# तरुण छत्तीसगढ़

सुनालिया ज्वेलर्स
हीरा, स्वर्ण, हॉलमार्क ज्वेलरी, रजत, राशि नग के विक्रेता
मो. 94255-32524,94241-43922
पावर हाउस रोड, कोरबा


e-Paper- tarunchhattisgarhkorba.com कोरबा एवं रायपुर से एक साथ प्रकाशित डाक पंजीयन क्रमांक- जी2-112/सी.जी/बीएलपी/003/2024-2026

वर्ष 36 अंक 307 | कोरबा, शुक्रवार, दिनांक 08 अगस्त 2025 डाक 09 अगस्त 2025 | पृष्ठ : 8 मूल्य 2.00 रुपए




## जिसका डर था वही हुआ... वॉलमार्ट, अमेजन समेत कई कंपनियों ने होल्ड कर दिए भारत के ऑर्डर, ट्रंप टैरिफ का दिखा असर

**नईदिल्ली, 08 अगस्त [एजेंसी]।**




अमेरिका द्वारा भारत पर 50 फीसदी टैरिफ लगाए जाने के बाद अब वॉलमार्ट, अमेजन, टारगेट और गैप सहित प्रमुख अमेरिकी खुदरा विक्रेताओं ने भारत से आने वाले ऑर्डर होल्ड कर दिए हैं। इंडियन एक्सपोर्टर्स को इस बात का डर पहले से ही सता रहा था कि टैरिफ के बढ़ने से उनके ऑर्डर प्रभावित हो सकते हैं। सूत्रों के हवाले से दावा किया है कि भारतीय एक्सपोर्टर्स को अमेरिकी खरीदारों की तरफ से लेटर और ईमेल मिले हैं, जिसमें कहा गया है कि भारतीय निर्यातक अगली सूचना तक कपड़ों की शिपमेंट रोक दें। दरअसल अमेरिकी कंपनियां चाहती हैं कि टैरिफ से बढ़ी हुई लागत का भार भारतीय निर्यातक वहन करें। टैरिफ से अमेरिकी में बिकने वाले सामानों की लागत 30 से 35 फीसदी बढ़ने की संभावना है। भारत के वेलस्पन लिविंग, गोकलदास एक्सपोर्ट्स, इंडो काउंट और ट्राइडेंट जैसे प्रमुख निर्यातक हैं, जो अमेरिकी में 40 से 70 फीसदी तक बिक्री करते हैं। माना जा रहा है कि अब अमेरिका जाने वाले ऑर्डर के होल्ड होने से व्यापार में 40 से 50 फीसदी गिरावट दर्ज की जा सकती है। दरअसल भारत से सबसे ज्यादा मात्रा में कपड़े अमेरिका को एक्सपोर्ट किए जाते हैं। लेकिन टैरिफ से भारत का ऑर्डर बांग्लादेश और वियतनाम को मिल सकता है। डोनाल्ड ट्रंप ने भारत पर 50 फीसदी टैरिफ लगाया है, जबकि बांग्लादेश और वियतनाम पर यह महज 20 फीसदी है। भारत ने ट्रंप के इस फैसले को अतार्किक बताते हुए विरोध किया था, जबकि ट्रंप इस पर अड़े हुए हैं। ट्रेड डील होने तक इस समस्या के सुलझने के आसार फिलहाल तो दिखाई नहीं देते।

## डीएसपी के ठिकानों पर छापा, आय से अधिक संपत्ति मामले में विजिलेंस ने बड़ी कार्रवाई की



**पटना, 08 अगस्त [एजेंसी]।**

भ्रष्टाचार के खिलाफ बिहार की जांच एजेंसियों की कार्रवाई निरंतर जारी है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की जीरो टॉलरेंस नीति के तहत भ्रष्ट लोक सेवकों के खिलाफ लगातार छापेमारी अभियान चल रहा है। इसी कड़ी में बिहार की विशेष निगरानी इकाई (एसवीयू) ने भ्रष्टाचार के खिलाफ शुक्रवार तड़के एक बड़ी कार्रवाई करते हुए जहानाबाद में पदस्थापित डीएसपी संजीव कुमार के पटना, खगड़िया और जहानाबाद स्थित आवासों व अन्य ठिकानों पर एक साथ छापेमारी की है। यह कार्रवाई आय से अधिक संपत्ति के गंभीर आरोपों के आधार पर की गई है, जिसमें डीएसपी पर 1.52 करोड़ की अवैध संपत्ति जमा करने का आरोप लगाया गया है। मिली जानकारी के अनुसार जांच एजेंसी ने इस मामले में कांड संख्या 16/2025 दर्ज करते हुए संजीव कुमार के खिलाफ भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम 1988 (संशोधित 2018) और बीएनएस 2023 की धारा 61(2)(ए) के तहत केस दर्ज किया है।

डीएसपी की ज्ञात आय के स्रोतों की तुलना में उनकी संपत्ति कई गुना अधिक पाई गई है, जिसके बाद यह कार्रवाई की गई। मिली जानकारी के अनुसार, एसवीयू की टीम ने संजीव के तीनों ठिकानों पर कई महत्वपूर्ण दस्तावेज, प्रॉपर्टी डीड, बैंक खातों की जानकारी मिली है। फिलहाल कार्रवाई जारी है।

### एसआईआर एक संस्थागत चोरी, राहुल गांधी ने फिर बोला चुनाव आयोग पर हमला, बीजेपी के साथ मिली भगत का लगाया आरोप



**नई दिल्ली।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने विशेष गहन पुनरीक्षण को लेकर एक बार फिर चुनाव आयोग पर हमला बोला है। ताजा हमले में राहुल ने दावा किया है वोटर लिस्ट का विशेष गहन पुनरीक्षण एक संस्थागत चोरी है। राहुल गांधी ने दावा किया कि चुनाव आयोग गरीबों के वोटिंग राइट्स को छीनने के इरादे से इस चोरी को अंजाम देने के लिए बीजेपी के साथ खुलेआम मिलीभगत कर रहा है। राहुल गांधी ने अपने यूट्यूब चैनल पर एक वीडियो जारी कर आरोप लगाया कि बिहार में एसआईआर को इसलिए लाया गया है क्योंकि चुनाव आयोग जानता है कि हमने उनकी चोरी पकड़ ली है।

## अगस्ता वेस्टलैंड घोटाले में आरोपित क्रिश्चियन मिशेल की बढ़ी मुश्किलें, ईडी की दलीलें सुन कोर्ट का राहत से इंकार

**नईदिल्ली, 08 अगस्त [एजेंसी]।**



अगस्ता वेस्टलैंड घोटाले में आरोपित क्रिश्चियन मिशेल जेम्स को न्यायालय से तगड़ा झटका लगा है। उन्हें कोर्ट ने कोई भी राहत नहीं दी है। इस संबंध में सुनवाई के दौरान राउज एवेन्यू स्थित विशेष न्यायाधीश की अदालत ने कहा कि क्रिश्चियन मिशेल जेम्स की जेल से रिहाई के निर्देश की मांग वाली याचिका खारिज की जाती है। कोर्ट ने कहा कि क्रिश्चियन मिशेल को आईपीसी की धारा 467 के तहत आजीवन कारावास तक की सजा हो सकती है।

शुरुआती जानकारी के अनुसार, सुनवाई के दौरान मिशेल के रिहाई के दावे का प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने कड़ा विरोध किया है। वहीं, राउज एवेन्यू की विशेष अदालत में ईडी ने अपने दाखिल किये गए जवाब में कहा था कि इस मामले में मिशेल की दलीलें भ्रामक और बिना किसी आधार के हैं।

## एयरपोर्ट पर कस्टम विभाग की बड़ी कार्रवाई, सोना और मादक पदार्थ बरामद

**मुंबई 8 अगस्त।** मुंबई कस्टम के एयरपोर्ट कमिश्नरेट ने छत्रपति शिवाजी महाराज अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डे (सीएसएमआई) पर दो अलग-अलग मामलों में बड़ी कार्रवाई करते हुए करोड़ों रुपए का सोना और मादक पदार्थ जब्त किया। इस ऑपरेशन में कस्टम ने कुल 0.947 किलोग्राम संदिग्ध हाइड्रोपोनिक वीड (मारिजुआना) और 3.02 किलोग्राम सोने का बारीक पाउडर (गोल्ड डस्ट) बरामद किया। बरामद सामान की कुल कीमत लगभग 3.72 करोड़ रुपए आंकी गई है। दोनों मामलों में 2 आरोपियों को गिरफ्तार भी किया गया है। पहले मामले में 24 कैरेट गोल्ड डस्ट वैक्स में छिपा हुआ पाया गया। यह 6 टुकड़ों में था, जिसका शुद्ध वजन 3020 ग्राम था और जिसकी कीमत लगभग 2.78 करोड़ रुपए बताई गई। यह सोना एक एयरलाइन स्टाफ के पास से बरामद हुआ, जिसने इसे विशेष रूप से डिजाइन की गई बेल्ट में अपने अंडरगारमेंट्स के भीतर छिपा रखा था।

## बंगलूरू मेट्रो पर रार

### शिवकुमार ने जल्दबाजी करने वाला लड़का कहा तो तेजस्वी सूर्या ने ऐसे किया पलटवार



**बंगलूरू, 08 अगस्त [एजेंसी]।**

बंगलूरू मेट्रो की येलो लाइन के उद्घाटन को लेकर कर्नाटक की राजनीति में जोरदार टकराव देखने को मिला है। राज्य के डिप्टी सीएम डीके शिवकुमार और भाजपा सांसद तेजस्वी सूर्या के बीच बयानबाजी तेज हो गई है। एक तरफ शिवकुमार ने सूर्या को जल्दबाजी वाला लड़का बताया, तो दूसरी तरफ सूर्या ने कांग्रेस पर देर की राजनीति करने का आरोप लगाया। यह विवाद मेट्रो उद्घाटन की तारीख और श्रेय लेने को लेकर भड़का है। डिप्टी सीएम डीके शिवकुमार ने तेजस्वी सूर्या पर आरोप लगाया कि उन्होंने प्रधानमंत्री मोदी को मेट्रो लाइन के उद्घाटन के लिए बुलावा भेजा, जबकि राज्य सरकार से कोई सलाह-मशविरा नहीं किया। उन्होंने कहा कि मेट्रो के संचालन की तकनीकी मंजूरी 31 जुलाई को ही मिली है, ऐसे में पांच अगस्त को उद्घाटन की बात करना जल्दबाज़ी है। शिवकुमार ने इसे गैरजिम्मेदाराना बताया और कहा कि इतनी बड़ी परियोजना को लेकर जल्दबाजी खतरनाक हो सकती है। भाजपा सांसद तेजस्वी सूर्या ने शिवकुमार के बयान को उम्रभेदी और संवेदनहीन बताया। उन्होंने कहा कि वह उस युवा पीढ़ी का प्रतिनिधित्व करते हैं जो सुधार अब चाहती है, न कि भविष्य में। सूर्या ने कांग्रेस सरकार पर उद्घाटन में बार-बार देरी करने का आरोप लगाया और कहा कि एक दो किलोमीटर का फ्लाईओवर बनाने में 8.5 साल लग गए। ऐसे में मेट्रो जैसे बड़े प्रोजेक्ट में देरी स्वीकार नहीं की जा सकती। श्रेय लेने के चक्कर में आमने सामने दोनों दल तेजस्वी सूर्या ने दावा किया कि कांग्रेस अब उस परियोजना का श्रेय लेने की कोशिश कर रही है जिसमें उनका योगदान न्यूनतम था। उन्होंने बताया कि मेट्रो परियोजना की शुरुआत 2018 में हुई थी और इसे 2021 तक पूरा होना था। हालांकि, कोविड-19 और भूमि अधिग्रहण की समस्याओं के कारण काम में देरी हुई। इस दौरान भाजपा सरकार ने लगातार फंड जारी कर निर्माण कार्य आगे बढ़ाया।

## फांसी घर बना गले की फांस, केजरीवाल और सिसोदिया समेत इनको समन भेजने की हो रही तैयारी



**नई दिल्ली 08 अगस्त।** विधानसभा में तीन दिन तक चली तीखी बहस के बाद स्पीकर विजेंद्र गुप्ता ने बृहस्पतिवार को स्पष्ट कहा कि विधानसभा परिसर में कोई फांसी घर नहीं था। उन्होंने इस मामले को गहन जांच के लिए विशेषाधिकार समिति को भी सौंपने के निर्देश दिए। जो तत्कालीन मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल, तत्कालीन विधानसभा अध्यक्ष राम निवास गोयल, तत्कालीन उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया और तत्कालीन उपाध्यक्ष राखी बिड़ला को तलब करेगी। गुप्ता ने यह भी कहा कि केजरीवाल और अन्य के नाम वाली आधारशिला पट्टिका को हटाने का निर्णय लिया गया है। अध्यक्ष ने पहले सदन को बताया था कि जिस ढांचे का जीर्णोद्धार किया गया था और जिसका उद्घाटन 2022 में तत्कालीन मुख्यमंत्री केजरीवाल ने फांसी घर के रूप में किया था, वह रिकार्ड के अनुसार एक टिफिन कक्ष था। ऐसे दो कमरे हैं।

विधानसभा परिसर का 1912 का नक्शा दिखाते हुए, उन्होंने कहा था कि ऐसा कोई दस्तावेज़ या सबूत नहीं है जो दर्शाता हो कि उस जगह का इस्तेमाल फांसी देने के लिए किया जाता था। गुप्ता ने कहा कि किसी ऐतिहासिक इमारत के साथ छेड़छाड़ करना, किसी ऐतिहासिक संरचना को फांसी के फंदे या सुरंग के रूप में गलत तरीके से प्रस्तुत करना और इतिहास को गलत साबित करने का प्रयास करना, सच्चाई के विरुद्ध एक अक्षम्य अपराध है। उन्होंने कहा, यह सदन, इस विकृत और छलपूर्ण कृत्य की कड़े शब्दों में निंदा करता है।

### एक्ट्रेस के चचेरे भाई की हत्या में शामिल दो आरोपी गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस ने बॉलीवुड अभिनेत्री हुमा कुरैशी के चचेरे भाई आसिफ कुरैशी की हत्या मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। आसिफ कुरैशी की पार्किंग को लेकर हुए विवाद के बाद कल देर रात हत्या कर दी गई थी। यह घटना कल देर रात करीब 9 बजे निजामुद्दीन थाना क्षेत्र के जंगपुरा भोगल बाजार लेन में हुई। दिल्ली पुलिस के अनुसार, 42 वर्षीय आसिफ कुरैशी पर उस समय तेज धार वाले हथियार (पोकर) से हमला किया गया, जब उन्होंने दो लोगों से उनके घर के मुख्य प्रवेश द्वार के पास खड़ी स्कूटर हटाने को कहा।

## दिल्ली आप ने फीस विधेयक में संशोधन की मांग की



**दिल्ली 08 अगस्त।** आम आदमी पार्टी (आप) ने दिल्ली स्कूल शिक्षा (फीस निर्धारण एवं विनियमन में पारदर्शिता) विधेयक, 2025 में कई संशोधन प्रस्तावित किए। पार्टी ने दावा किया कि मौजूदा मसौदा अभिभावकों की बजाय निजी स्कूल प्रबंधन को तरजीह देता है। पार्टी ने सख्त ऑडिट, फीस विनियमन समितियों में अभिभावकों का अधिक प्रतिनिधित्व और एक सरल शिकायत निवारण तंत्र की मांग की। एक प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए, विपक्ष की नेता आतिशी ने भाजपा के नेतृत्व वाली दिल्ली सरकार पर स्कूलों को अनियंत्रित और बढ़ी हुई फीस वसूलने की अनुमति देने के लिए जानबूझकर विधेयक में देरी करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा, यह विधेयक अप्रैल में तैयार हो गया था, लेकिन इसे सदन में अब लाया गया है, जिससे स्कूलों को मनमानी बढ़ोतरी करने के लिए महीनों का समय मिल गया। आप ने चार प्रमुख संशोधनों की रूपरेखा प्रस्तुत की। पहला, इसने अनिवार्य वार्षिक ऑडिट का प्रस्ताव रखा, जिसमें स्कूलों को अभिभावकों को ऑडिट किए गए खाते प्रस्तुत करने होंगे।

## चंबा में भीषण हादसा: कार गहरी खाई में गिरी, छह लोगों की मौत

**चंबा, 08 अगस्त [एजेंसी]।**



हिमाचल प्रदेश के भंजराडू-शहवा-भड़कवास मार्ग पर हुए भीषण हादसे में छह लोगों की मौत हो गई। पहाड़ी से गिरे बड़े पत्थर के कारण रात सफेद रंग की स्विफ्ट साउआ पधरी के समीप लुढ़क कर करीब 500 मीटर गहरी खाई में गिर गई। मृतकों की पहचान राजेश कुमार 40 वर्षीय पुत्र नरेन सिंह, गांव बुलवास, डाकघर जुंगरा, हंसो 36 वर्षीय पत्नी राजेश कुमार, गांव बुलवास, डाकघर जुंगरा, आरती 17 वर्षीय पुत्री राजेश कुमार, गांव बुलवास, डाकघर जुंगरा, दीपक 15 वर्षीय पुत्र राजेश कुमार, गांव बुलवास, डाकघर जुंगरा, राकेश कुमार 44 वर्षीय पुत्र हरि सिंह, गांव बुलवास, डाकघर जुंगरा और चालक हेम पाल 37 वर्षीय पुत्र इंदर सिंह, गांव सलांचा, डाकघर के रूप में हुई है। चीख-पुकार सुन मौके पर पहुंचे स्थानीय ग्रामीणों ने तुरंत पुलिस और अग्निशमन विभाग को सूचित किया। सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची अग्निशमन विभाग और पुलिस टीमों ने ग्रामीणों की मदद से सभी छह लोगों के शव गहरी खाई से निकालकर सड़क तक पहुंचाए। शुक्रवार को मृतकों का पोस्टमार्टम सिविल अस्पताल तीसा में किया जाएगा।

बताया जा रहा है कि जेबीटी अध्यापक राजेश कुमार जो वर्तमान में प्राथमिक स्कूल बुलवास में कार्यरत थे। यह दुर्घटना कार पर अचानक एक बड़ी चट्टान गिरने और फिर गहरी खाई में गिरने के कारण हुई। पुलिस अधीक्षक अभिषेक यादव ने बताया कि हादसे में 6 लोगों की मौत हुई है। पोस्टमार्टम करवाकर शव परिजनों को सौंप दिए जाएंगे।

### सुप्रीम कोर्ट ने वापस लिया अपना ही आदेश, इलाहाबाद हाईकोर्ट के जज के खिलाफ की थी सख्त टिप्पणी

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने इलाहाबाद हाईकोर्ट के जज प्रशांत कुमार को लेकर की गई अपनी उस टिप्पणी को हटा लिया है जिसमें उनकी एक सिविल विवाद मामले में आपराधिक कार्यवाही को अनुमति दिए जाने की आलोचना की थी। कोर्ट ने कहा कि उसका इरादा उन्हें शर्मिंदा करना या उन पर आरोप लगाना नहीं था। जस्टिस जे बी पारदीवाला और जस्टिस आर महादेवन की पीठ ने दोहराया कि ये टिप्पणियां न्यायपालिका की गरिमा बनाए रखने के लिए की गई थीं। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि चीफ जस्टिस बी आर गवई द्वारा मामले पर पुनर्विचार करने के अनुरोध के बाद वह इन टिप्पणियों को हटा रही है। शीर्ष अदालत ने यह स्वीकार करते हुए कि हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश ही रोस्टर के मास्टर हैं, इस मामले में निर्णय लेने का अधिकार उन पर छोड़ दिया।

स्किन केयर व कास्मेटोलाजी क्लिनिक
चर्म, गुप्त, कुष्ठ रोग विशेषज्ञ एवं सैक्स सलाहकार
डॉ.आर.के.अग्रवाल M.B.B.S.D.V.D.FDS (Lond.)F.i.a.m.s.(Ind.) Mob.9424170010
-: परामर्श का समय :- सुबह 10.30 से 1.30 (शाम को बंद)
डॉ.शशि अग्रवाल M.B.B.S.D.V.D.(U.K) Mob.9826389894
सुविधायें:- गंजापन, मस्से हटाना, दाद खाज खुजली, एक्जीमा, एलर्जी, सड़े नाखून, कुष्ठ रोग, काले दाग, मुंहासे, बाल झड़ना, सेक्स की कमी, शीघ्र पतन, धात, मानसिक रोगों का मशीनों व अत्याधुनिक दवाओं द्वारा शीघ्र ईलाज, फोटोथेरेपी, इलेक्ट्रीशिकेशन, क्रायोसर्जरी, सायकोथेरेपी का ईलाज।
मो. 9203907928,9826389894 (क्लीनिक)
विशेष : बुधवार को 20 मरीजों का फीस माफ...
पता : एचआईजी -4 नेहरू नगर, रिकाण्डो रोड घोड़ा चौक, बुधवारी बाजार के पास, कोरबा

## खीर गंगा ने वापस ले लिया अपना पुराना ठिकाना सैटेलाइट तस्वीरों के आधार पर विज्ञानियों ने किया साफ

**उत्तकाशी, 08 अगस्त [एजेंसी]।**



धराली की वेदना में प्रकृति को न समझने की मानव की बड़ी भूल भी नजर आती है। बेशक खीर गंगा से निकली तबाही ने मानव की बसावट को जमींदोज कर दिया, लेकिन इसमें प्रकृति का कोई दोष नहीं है। उच्च हिमालयी क्षेत्रों में इस तरह की घटनाएं होना सामान्य है, खीर गंगा में भी यही हुआ। असामान्य तो यह है कि हम की प्रकृति की राह में जाकर खड़े हो गए। इसरो की ओर से अब तक जारी किए गए सेटेलाइट चित्र बताते हैं कि जलप्रलय में जो मलबा आया, वह खीर गंगा के मूल कैचमेंट (जलग्राही क्षेत्र) में ही जाकर पसरा और ठहर गया। वरिष्ठ भूविज्ञानी और एचएनबी गढ़वाल केंद्रीय विश्वविद्यालय के भूविज्ञान विभाग के एचओडी प्रो एमपीएस बिष्ट के अनुसार, खीर गंगा का कैचमेंट निचले क्षेत्र में 50 से 100 मीटर तक फैला है। श्रीकंठ पर्वत के ग्लेशियर से यह क्षेत्र तीव्र ढाल के साथ खीर गंगा के माध्यम से सीधे जुड़ा है। इससे स्पष्ट होता है कि निचले क्षेत्र में जो भी बसावट हुई, वह वर्तमान की भांति ही दशकों पहले आए मलबे के ऊपर की गई।

अब उसी जलग्राही क्षेत्र में फिर से मलबा पसर गया है। इस तरह देखें तो नदी ने अपना पुरानी क्षेत्र वापस ले लिया है।यानी खीरगंगा अपने मूल स्वरूप में लौट गई है। कुछ ऐसी ही कहानी धराली से एक किलोमीटर आगे हर्षिल घाटी की भी है। हालांकि, वहां आबादी न होने के कारण कोई नुकसान नहीं हुआ। प्रो. बिष्ट आगाह करते हैं कि अब धराली में खीर गंगा के मूल जलग्राही क्षेत्र में अब कोई निर्माण नहीं किया जाना चाहिए। यह हमारे लिए नया सबक भी है कि प्रकृति कभी भी अपना क्षेत्र हमसे वापस ले सकती है। सरकार को धराली में मलबे से भरे-पूरे क्षेत्र की मैपिंग कराकर वहां निर्माण प्रतिबंधित करने होंगे। ताकि हमें फिर धराली जैसा दंश न झेलना पड़े।

### अनंतनाग में सीआरपीएफ जवान ने खुद को गोली मारकर आत्महत्या की

***श्रीनगर।*** *दक्षिण कश्मीर के अनंतनाग ज़िले के डूरू इलाके में शुक्रवार सुबह केंद्रीय रिज़र्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के एक जवान ने अपनी सर्विस राइफल से खुद को गोली मारकर कथित तौर पर आत्महत्या कर ली। एक अधिकारी ने बताया कि सीआरपीएफ जवान जो सी/164 बटालियन में तैनात था, ने अपनी सर्विस राइफल से खुद को गोली मार ली। अधिकारियों ने बताया कि उसके इस कदम के पीछे का मकसद अभी पता नहीं चल पाया है। पुलिस ने इस संबंध में जाँच शुरू कर दी है।*

# जान से मारने की धमकी देकर दुष्कर्म, आरोपी गिरफ्तार

**कोरबा।** 43 वर्ष के धर्मेंद्र साहू को मानिकपुर पुलिस ने दुष्कर्म करने के मामले में गिरफ्तार कर लिया है। उसने एक पीड़िता को जान से मारने की धमकी दी और फिर इस घटना को अंजाम दिया। पीड़िता की रिपोर्ट पर मानिकपुर चौकी पुलिस ने अपराध पंजीबद्ध करने के साथ कार्रवाई की।

इस प्रकरण में आरोपी धर्मेंद्र साहू कोरबा के मानिकपुर डिप्रापरा का निवासी है जो मूल रूप से जांजगीर चांपा जिला के पामगढ़ का रहने वाला है। उसके द्वारा 2 अगस्त को सुबह 11:00 बजे पीड़िता से दुष्कर्म किया गया, जब वह अपने घर पर अकेली थी। उसे अकेला पाकर आरोपी ने पहले डराया धमकाया और इस घटना का अंजाम दिया । दुष्कर्म करने के बाद यह भी चेतावनी दी गई कि अगर किसी से इस बारे में बात को साझा किया गया तो वह जान से हाथ धो बैठेगी। पीड़िता ने अपने साथ हुए गलत व्यवहार के बारे में परिवार के अन्य लोगों और पुलिस को जानकारी दी। मामले को गंभीरता से लेने के साथ चौकी पुलिस ने धर्मेंद्र यादव के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध किया और उसकी तलाश शुरू की। बताया गया की 72 घंटे के भीतर छानबीन करते हुए आरोपी को एक ठिकाने से गिरफ्तार कर लिया गया। पूछताछ और आगे की जांच पड़ताल में आरोपी के द्वारा दुष्कर्म करने की बात प्रमाणित हुई है। उसे कोरबा के एक कोर्ट में पेश करने के बाद जिला जेल भेज दिया गया।

## कांग्रेस की कमेटियां हुई भंग

**कोरबा ।** जिला कांग्रेस कमेटी के शहर अध्यक्ष नत्थूलाल यादव ने कोरबा विधानसभा क्षेत्र के सभी जोन कमेटी, वार्ड कमेटी और बूथ कमेटियों को भंग कर दिया है । उन्होंने बताया कि प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर प्रदेश भर के सभी जिलों में आवश्यकतानुसार मंडल कांग्रेस कमेटी का नवीन गठन किया जा रहा है। वहीं वार्ड एवं बूथ कमेटियों का पुन: गठन किया जा रहा है । इसलिए वार्ड एवं बूथ कमेटी को भंग कर दिया है। श्री यादव ने बताया कि कोरबा विधानसभा अंतर्गत कुल 4 ब्लॉक कोरबा, दर्री, बालको एवं कुसमुण्डा बनाए गए हैं, जिसमें कोरबा ब्लॉक में 4 मंडल तथा दर्री, बालको एवं कुसमुण्डा में 2-2 नवीन मंडल का गठन किया जा रहा है साथ ही साथ 67 वार्ड एवं 244 बूथ कमेटी का गठन किया जावेगा । इसके अलावा बांकीमोंगरा के 30 वार्डों को तीन मंडल में विभाजित कर तीन मण्डल कमेटी का गठन किया जा रहा है इसके अलावा यहां सभी 30 वार्डों में नवीन वार्ड कमेटी एवं बूथ कमेटी बनाया जावेगा । जिला अध्यक्ष नत्थूलाल यादव ने सभी ब्लॉक अध्यक्षों एवं ब्लॉक प्रभारियों को अतिशीघ्र मंडल कमेटी, वार्ड कमेटी एवं बूथ कमेटी के नवीन गठन करने निर्देशित किया है ।

## महापौर एवं आयुक्त ने किया वृक्षारोपण- रोपे विभिन्न प्रजातियों के पौधे



**कोरबा ।** कोरबा जिला नगर निगम महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत एवं आयुक्त आशुतोष पाण्डेय ने पोडीबहार स्थित ऑक्सी जोन में वृक्षारोपण किया तथा विभिन्न प्रजातियों के पौधे रोपे। इस मौके पर वरिष्ठ पार्षद अशोक चावलानी, वार्ड पार्षद श्रीमती चन्द्रकली जायसवाल सहित सी.सी.सी.आई. के पदाधिकारियों ने भी वृक्षारोपण किया तथा वृक्षों के संरक्षण, संवर्धन के संकल्प को दोहराया।

छत्तीसगढ़ चेम्बर आफ कामर्स एण्ड इंडस्ट्रीज एवं नगर पालिक निगम कोरबा के संयुक्त तत्वाधान में पोड़ीबहार स्थित ऑक्सी जोन में वृक्षारोपण का कार्यक्रम आयोजित किया गया। महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत एवं आयुक्त आशुतोष पाण्डेय ने आयोजन में पहुंचकर वृक्षारोपण किया। इस मौके पर महापौर ने कहा कि वृक्ष हमारे जीवनदाता हैं, अधिक से अधिक संख्या में पौधों का रोपण एवं उनका संरक्षण, संवर्धन आज की सबसे बड़ी आवश्यकता है। आयुक्त आशुतोष पाण्डेय ने कहा कि पर्यावरण को प्रदूषित होने से बचाने व पर्यावरण को संरक्षित करने हेतु वृक्षारोपण अत्यंत अनिवार्य है, वहीं केवल पौधे लगा देने ही काफी नहीं, बल्कि एक पौधे को वृक्ष बनने तक उनका संरक्षण व संवर्धन भी उतना ही जरूरी है। वृक्षारोपण कार्यक्रम के दौरान सी.सी.सी.आई. के अध्यक्ष संतोष अग्रवाल, प्रदेश उपाध्यक्ष जगदीश सोनी, कार्यकारी अध्यक्ष परसराम रामानी, महामंत्री गजानंद अग्रवाल, कोषाध्यक्ष नितिन गुप्ता, वरिष्ठ उपाध्यक्ष सुभाषचन्द्र अग्रवाल, मंत्री दीपक मित्तल, मनीष अग्रवाल, सुमित अग्रवाल, जोन कमिश्नर भूषण उरांव, सहायक अभियंता अश्वनी दास सहित अन्य लोगों ने भी वृक्षारोपण किया तथा वृक्षों के संरक्षण, संवर्धन के संकल्प को दोहराया।

# प्रवेश प्रक्रिया में धांधली, जलाया प्राचार्य का पुतला

### डीएवी कुसमुंडा के सामने लोगों का प्रदर्शन

**कोरबा।** साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड कुसमुंडा क्षेत्र के अंतर्गत संचालित डीएवी पब्लिक स्कूल के सामने नाराज अभिभावकों ने प्रिंसिपल का प्रतीकात्मक पुतला जलाया। उनका आरोप है कि प्रवेश प्रक्रिया के नाम पर जमकर धांधली की गई। इसमें पारदर्शिता पूरी तरह से गायब है। जबकि प्राचार्य ने लोगों के इन सभी आरोपों को खारिज कर दिया।पुतला जलाकर प्रदर्शन करने वाले लोग परियोजना प्रभावित क्षेत्र और कॉलोनी के बताए जा रहे हैं जो काफी संख्या में स्कूल के सामने इकट्ठे हुए थे। स्कूल संचालक के लिए प्रबंधन की ओर से कई दशक पहले यहां भवन उपलब्ध कराया गया। अधिकांश सुविधा प्रबंधन की ओर से ही मुहैया कराई जा रही है। विद्यालय प्रबंधन के लिए बनाई गई समिति में मुख्य महाप्रबंधक के अलावा कई अधिकारी शामिल किए गए हैं। छात्रों को विभिन्न कक्षाओं में उपलब्ध सीट के आधार पर प्रवेश देने के लिए नियम बने हुए हैं। हर वर्ष इसी बात को लेकर नोक झोक होती है और आरोप प्रत्यारोप भी लगते हैं। वर्ष 2025 का सत्र शुरू होने के साथ एक बार फिर इस तरह की स्थिति निर्मित हो गई। बताया गया की बड़ी संख्या में परियोजना क्षेत्र के लोग स्कूल के पास पहुंचे और उन्होंने प्राचार्य के खिलाफ नारेबाजी करते हुए पुतला जला दिया। उन्होंने आरोप लगाया कि प्रवेश के नाम पर अलग-अलग नियम बताए गए। कई बार चक्कर लगवाए गए। और फिर सीट नहीं होने की बात कह कर उनके बच्चों को प्रवेश से वंचित कर दिया। यह भी कहा गया कि जिन लोगों को प्रवेश के लिए एलिजिबल बताया गया ना तो उनकी लिस्ट जारी की गई और ना ही मापदंड की जानकारी दी गई। प्रदर्शन करने वाले लोगों ने प्राचार्य पर भ्रष्टाचार करने और गलत तरीके से खास लोगों के बच्चों को प्रवेश देने का आरोप लगाया। वही इस बारे में प्राचार्य ने ऐसे सभी आरोप को सिरे से नकार दिया। जो भी पैरामीटर बनाए गए हैं उसको ध्यान में रखने के साथ ही पूरी प्रक्रिया की गई है। अब लोग अलग-अलग कारण से इस बारे में अपनी नाराजगी दिख रहे हैं।

## एनकेएच जीवन आशा अस्पताल में 15 अगस्त तक नि:शुल्क चिकित्सा परामर्श

**कोरबा।** रक्षाबंधन एवं स्वतंत्रता दिवस के पावन अवसर पर समाजसेवा की भावना को साकार करते हुए एनकेएच जीवन आशा अस्पताल जमनीपाली में 6 अगस्त से 15 अगस्त 2025 तक निःशुल्क चिकित्सा परामर्श शिविर आयोजित किया जा रहा है। यह परामर्श सेवा प्रतिदिन सुबह 10:00 बजे से दोपहर 2:00 बजे तक उपलब्ध रहेगी। इस विशेष अभियान के अंतर्गत विभिन्न विभागों के विशेषज्ञ चिकित्सक अपनी सेवाएं दे रहे हैं। इसमें जनरल मेडिसिन (आंतरिक रोग विशेषज्ञ), हड्डी रोग विशेषज्ञ (ऑर्थोपेडिक), शिशु रोग विशेषज्ञ (पीडियाट्रिशियन) तथा स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ (गायनेकोलॉजिस्ट) शामिल हैं। यह परामर्श सेवा पूरी तरह से निःशुल्क है और मरीजों को ओपीडी (बाह्य रोगी विभाग) में बिना किसी शुल्क के जांच और सलाह दी जा रही है।अस्पताल प्रबंधन ने बताया कि इस पहल का उद्देश्य आम नागरिकों तक गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं पहुँचाना है, विशेषकर उन लोगों के लिए जो आर्थिक कारणों से नियमित जांच नहीं करवा पाते। रक्षाबंधन और स्वतंत्रता दिवस जैसे सामाजिक और राष्ट्रीय पर्वों को ध्यान में रखते हुए अस्पताल ने इस जनसेवा अभियान को प्रारंभ किया है। एनकेएच जीवन आशा अस्पताल की यह पहल न सिर्फ चिकित्सा सेवा की दिशा में एक सकारात्मक कदम है, बल्कि यह समाज में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाने का भी प्रयास है। अस्पताल प्रबंधन ने अधिक से अधिक नागरिकों से अपील की है कि वे इस सेवा का लाभ उठाएं और समय पर अपने स्वास्थ्य की जांच करवाएं।

# भाजपा ने किया कार्यशाला आयोजन



**कोरबा।** मोर तिरंगा घर घर तिरंगा, तिरंगा मोर तिरंगा घर घर तिरंगा, तिरंगा यात्रा को लेकर आज कोरबा एवं कोसाबाड़ी मंडल मे कार्य शाला का आयोजन किया गया जिसमे मुख्य अतिथि के रूप मे भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष गोपाल मोदी उपस्थित रहे उन्होंने आगामी दिनांक 10 अगस्त से 14 अगस्त तक होने वाले कार्यक्रमों को लेकर मंडल के सभी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओ आवश्क दिशा निर्देश दिए द्य कार्य शाला को सम्बोधित करते हुए कहा की हमें यह आजादी कैसे मिली यह बाते अपने बच्चो जरूर बताये ताकि उन्हें मालूम हो की हमारे पूर्वजों ने इस आजादी के लिए क्या क्या कुर्बानी दी हैँ जिसके लिए हम सभी माता पिताओं को अपने बच्चो के हांथो तिरंगा फहराना चाहिए ताकि बचपन से ही उन्हें देश के प्रति देश भक्ति भावना बनी रहे और देश की आजादी की गाथा सदैव याद रहे वे भविष्य आगे बढ़ कर एक सशक्त भारत बंनाने मे अपना योगदान दे सके उन्होंने सम्बोधन मे यह भी बताया की दुनिया का सबसे बड़ा मानव हत्या हिंदुस्तान और पाकिस्तान बटवारे के समय हुआ था जो आज भी इतिहास के पन्नों दर्ज हैँ जिसमे कई लाखो लोगो को अपनी जाने गवानी पड़ी थी जो कभी भुलाया नहीं जा सकता द्य वही कार्यक्रम मे उपस्थित मोर तिरंगा घर घर तिरंगा, तिरंगा यात्रा के प्रभारी हितानन्द अग्रवाल ने कार्य शाला को सम्बोधित करते हुए तिरंगे के महत्व को बताया उन्होंने कहा की रुस युक्रेन युद्ध के दौरान तिरंगे का असली महत्व लोगो को देखने को मिला जहाँ तिरंगे के निचे सिर्फ भारतीय ही नहीं बल्कि विदेशियों ने भी तिरंगे के सहारे अपनी जाने बचाई द्य कार्यकम के अंत मे अतिथियों का आभार व्यक्त कार्यशाला की समापन की घोषणा कियाद्य

## शिव पुराण कथा में शामिल हुईं महापौर संजू देवी राजपूत

### कोरबा की सुख-समृद्धि के लिए की प्रार्थना



**कोरबा ।** कोरबा अंचल वार्ड क्रमांक 26 स्थित रविशंकर नगर के चित्रगुप्त मंदिर परिसर में चल रही श्री शिव पुराण कथा का धार्मिक वातावरण भक्तिभाव से सराबोर है। इस पुण्य अवसर पर नगर निगम कोरबा महापौर श्रीमती संजू देवी राजपूत विशेष रूप से कथा स्थल पर पहुँचीं और व्यास पीठ पर विराजमान दशरथ नंदन द्विवेदी से शिव पुराण की अमृतमयी कथा का श्रवण कर आशीर्वाद प्राप्त किया। महापौर ने मंदिर में विधिवत पूजा-अर्चना कर कोरबा नगर की सुख-समृद्धि, शांति और जनकल्याण के लिए भगवान शिव से प्रार्थना की। कथा में पहुंची महापौर का आयोजन समिति और स्थानीय श्रद्धालुओं ने आत्मीय स्वागत किया। कथा आयोजन समिति के अरविंद कुमार, शत्रुघ्न श्रीवास्तव, राम प्रसाद, शैलेश तिवारी, राजेश वर्मा, श्रीमती रीता रस्तोगी, श्रीमती रिंकू यादव सहित भारतीय जनता पार्टी के पूर्व मंडल अध्यक्ष अजय विश्वकर्मा, दीपक यादव, श्रीधर द्विवेदी आदि उपस्थित रहे।इस अवसर पर श्रद्धालु बड़ी संख्या में उपस्थित रहे और कथा श्रवण कर पुण्य अर्जित किया। कथा का आयोजन क्षेत्रवासियों के सामूहिक सहयोग से किया जा रहा है, जो 8 अगस्त तक प्रतिदिन भक्ति, श्रद्धा और आध्यात्मिकता से परिपूर्ण रहेगा।

## फ्लाईएश व नियम विरूध राखड़ एवं कोल परिवहन करने वाले वाहनों पर आरटीओ उड़नदस्ता टीम ने की कार्यवाही

**कोरबा।** सड़क पर संयंत्रों का राखड़ लेकर दौड़ते व कोल परिवहन में लगे भारी वाहनों द्वारा बिना तिरपाल ढके/अधूरे/फटे तिरपाल के कारण सड़क पर उड़ते के गुबार व कोयले के उड़ते छोटे-छोटे कणों से सडक पर चलने वाले आम नागरिक त्रस्त है साथ ही ऐसे लापरवाही से सड़क दुर्घटनाएं भी बढ़ गई है। इन पर लगाम कसने प्रशासनिक कवायद तेज हो गई है। प्रदूषण की रोकथाम के लिए राखड़ एवं कोयला लोड कर चलने वाले विभिन्न वाहनों पर व नियम विरूध परिवहन करने वाले भारी वाहन जो बिना तिरपाल ढके/अधुरे ढके वाहनों एव खुले में अवैध डंप करने वाले फ्लाईएश वाहनों पर परिवहन आयुक्त कार्यालय के निर्देशानुसार परिवहन आयुक्त एस. प्रकाश, अपर परिवहन आयुक्त डी. रविशंकर के मार्गदर्शन एवं आरटीओ परिवहन उड़नदस्ता कोरबा के प्रभारी अधिकारी संदीप कुमार गुप्ता के नेतृत्व में दिनांक 01.08.2025 से उनकी प्रर्वतन अमला द्वारा विशेष अभियान चला कर कुल 140 वाहनों पर चालानी कार्यवाही कर 185500/- रूपये जुर्माना राशि वसूल की गई। साथ ही मौके पर वाहन चालकों को यान को निश्चित मानक (200 ) के तिरपाल से ढक कर चलने एवं ओव्हर लोड न करने एवं मादक पदार्थो का सेवन कर वाहन न चलाने एवं परिवहन नियमों का पालन करने समझाइश दी गई। बिना फिटनेस, बिना बीमा, बिना परमिट एवं बिना तिरपाल ढके वाहनों एवं दुकान/ढाबे व सड़क किनारे/नो पार्किंग एरिया में बेतरतीब खड़े वाहनों एवं मादक पदार्थो का सेवन कर चलने वाले वाहन चालकों पर परिवहन विभाग की कार्यवाही आगे भी जारी रहेगी।

# लैंगिक उत्पीड़न आंतरिक शिकायत परिवाद समिति की बैठक साकेत में संपन्न

**कोरबा ।** नगर पालिक निगम कोरबा कामकाजी महिलाओं के यौन उत्पीड़न की रोकथाम हेतु गठित आंतरिक शिकायत परिवाद समिति की बैठक 06 अगस्त को निगम के मुख्य प्रशासनिक भवन साकेत स्थित व्ही.सी. कक्ष में संपन्न हुई, समिति के समक्ष किसी भी प्रकार की शिकायत व परिवाद न तो प्रस्तुत किया गया है और न ही लंबित है, इस पर समिति के सदस्यों ने प्रसन्नता व्यक्त की। निगम में कामकाजी महिलाओं के यौन उत्पीड़न की रोकथाम हेतु लैंगिक उत्पीड़न निवारण प्रतिरोध और प्रतितोष अधिनियम 2013 के अंतर्गत निगम में आंतरिक शिकायत/परिवाद समिति का गठन किया गया है, जिसकी समय-समय पर बैठक आयोजित की जाती है। इसी कड़ी में 06 अगस्त को निगम के मुख्य प्रशासनिक भवन साकेत में समिति की बैठक संपन्न हुई, बैठक के दौरान पाया गया कि समिति के पास इस संबंध में केई भी शिकायत दर्ज नहीं कराई गई है और न ही किसी प्रकार का परिवाद लंबित है, इस पर समिति के सदस्यों ने प्रसन्नता व्यक्त की तथा कार्यालय में लैंगिक उत्पीड़न संबंधी विषयों पर सजग रहने व किसी भी प्रकार की शिकायत प्राप्त होने पर त्वरित संज्ञान लेने के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई।बैठक में समिति की अध्यक्ष गुलिस्ता साहू, सदस्य सचिव सुभाषिनी आशावान, तारा भगत, कीर्ति अनंत, तिरिथबाई, विनीता सिंह, तुलसीबाई आदि उपस्थित थे।

## घेराव पश्चात मिला नया ट्रांसफार्मर

**कोरबा ।** हर दिन बिजली गुल होने की समस्या, बार-बार सुधार की मिन्नतों और सुधार के बाद भी समस्या का समाधान नहीं होने से नाराज लोगों ने तुलसीनगर जोन कार्यालय का घेराव कर दिया। वार्ड पार्षद ने भी चर्चा की और प्रदर्शन के बाद कुछ घंटे के भीतर अंतत: ईदगाह के निकट का पुराना और बार-बार खराब हो रहा ट्रांसफार्मर बदला गया। नगर पालिक निगम के वार्ड क्रमांक 5 देवांगन पारा के इंदिरा नगर, फुलवारी मोहल्ला, ईदगाह के आसपास मोहल्ले में लगातार हो रही बिजली गुल होने की समस्या से परेशान नागरिकों ने आज तुलसी नगर बिजली जोन कार्यालय का घेराव कर दिया और नारेबाजी की। इस आंदोलन का नेतृत्व वार्ड के पार्षद टामेश अग्रवाल ने किया।

## पंडित सुंदरलाल शर्मा मुक्त विश्वविद्यालय में विभिन्न कोर्स में प्रवेश हेतु 31 अगस्त तक कर सकते है आवेदन

**कोरबा ।** पंडित सुंदरलाल शर्मा मुक्त विश्वविद्यालय में शैक्षणिक सत्र जुलाई-जून 2025-26 लिए विभिन्न पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए 31 अगस्त 2025 तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। इस हेतु पंडित सुंदरलाल शर्मा मुक्त विश्वविद्यालय बिलासपुर के दूरवर्ती शिक्षा अंतर्गत अध्ययन केंद्र कोरबा में प्रवेश प्रारंभ है। वर्तमान में अध्ययन केंद्र कोरबा, तहसील रोड, पीजी कॉलेज के बगल में पुराना कलेक्ट्रेट/पुराना आरटीओ (एनसीसी कार्यालय) में संचालित है।

प्रवेश अधिसूचना के तहत विश्वविद्यालय द्वारा संचालित स्नातक, स्नातकोत्तर डिप्लोमा, पीजी डिप्लोमा एवं कौशल विकास कार्यक्रम पाठ्यक्रमों में स्नातक कोर्स अंतर्गत ,बीए, बीएससी गणित व जीवविज्ञान, बीकॉम(आनर्स) बीबीए(आनर्स), बी-लिब एंड आईएससी, स्नाकोत्तर कोर्स के अंतर्गत एमए हिन्दी, अंग्रेजी, संस्कृत, राजनीति विज्ञान, समाजशास्त्र, एमए शिक्षा, एमए छत्तीसगढ़ी, एमएसडब्ल्यू, एमकॉम, एमए/एमएससी गणित व कम्प्यूटर साइंस, मास्टर ऑफ लाइब्रेरी एंड इन्फॉर्मेशन साइंस, पोस्ट ग्रेजुएशन डिप्लोमा अंतर्गत पीजी डिप्लोमा इन कम्प्यूटर एप्लिकेशन, डिप्लोमा कोर्स अंतर्गत डिप्लोमा इन योग साइंस, कम्प्यूटर एप्लिकेशन, डिप्लोमा इन साइकोलॉजीकल गाइडेंस एंड काउंसलिंग, रामचरित मानस में विज्ञान से सामाजिक उत्थान में डिप्लोमा आदि कोर्स शामिल है।

# शिव महापुराण सुनने पहुंचे गोपाल मोदी मांगा प्रदेश वासियों के लिए आशीर्वाद



**कोरबा।** कोरबा के कृष्णा नगर में वार्ड वासियों द्वारा सावन के पावन महीने में शिव महापुराण कथा का आयोजन किया गया हैँ कथा के आठवें दिन भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष गोपाल मोदी भी कथा सुनने कृष्णा नगर पहुंचे जहां समिति के पदाधिकारी ने उनका तिलक लगाकर स्वागत किया जहां श्री मोदी ने आमजनो के साथ बैठकर श्री महापुराण कथा सुनी और कथा का आनंद लिया इस बीच भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता सुशील गर्ग सपत्नि कथा सुनने पहुंचे जहां उन्होंने भी भगवान शिव महापुराण कथा का श्रवण किया द्य श्रवण करने के दौरान श्री मोदी ने भगवान शिव से प्रदेशवासियों की सुख शांति और समृद्धि के लिए प्रार्थना की और कथा श्रोताओं को संबोधित करते हुए कहा कि सावन के महीने में जो भी भक्त भगवान शिव से जो भी कामना करता है भगवान भोलेनाथ उनकी मनोकामना जरूर पूरा करते हैं इस बीच भगवान शिव के जय जय कारों से पूरा पंडाल गूंज उठा पूरा पंडाल शिव मय हो गया द्य वरिष्ठ भाजपा नेता सुशील गर्ग ने कथा मे शामिल होने के लिए श्री मोदी को आभार प्रकट किया इस दौरान कृष्णा नगर वासियो के साथ-साथ बड़ी संख्या में शिव भक्त उपस्थित रहे।

## उत्कृष्ट कार्यों हेतु निगम कर्मचारी हो रहे सम्मानित

**कोरबा।** नगर पालिक निगम कोरबा के सहायक ग्रेड-।। शांतिलाल सोनी, सहायक राजस्व निरीक्षक करन पाण्डेय, एवं सहायक ग्रेड-।।। तिलका ध्रुव को अगस्त माह का फेस आफ द मंथ चुना गया है। महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत व आयुक्त आशुतोष पाण्डेय ने फेस आफ द मंथ चुने गए इन कर्मचारियों को बधाई दी है तथा कार्य के प्रति उनकी निष्ठा की सराहना की है।

उल्लेखनीय है कि आज से 07 माह पूर्व नगर निगम आयुक्त आशुतोष पाण्डेय की विशेष पहल पर निगम का फेस आफ द मंथ चुने जाने का सिलसिला प्रारंभ हुआ था, इसका मुख्य उद्देश्य निगम के उत्कृष्ट कार्य करने वाले तृतीय व चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों को सम्मानित करना, उनका उत्साहवर्धन करना एवं अन्य कर्मचारियों को भी इस हेतु प्रेरित व प्रोत्साहित करना था। इसी कड़ी में निगम की सहायक ग्रेड- शांतिलाल सोनी, सहायक राजस्व निरीक्षक करन पाण्डेय, एवं सहायक ग्रेड- तिलका ध्रुव को अगस्त माह हेतु निगम का फेस आफ द मंथ चुना गया है।चयनितों ने जताया आभार

फेस आफ द मंथ चुने गए शांतिलाल सोनी, करण पाण्डेय, एवं श्रीमती तिलका ध्रुव ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा है कि निगम प्रशासन ने हम लोगों के परिश्रम व कार्य के प्रति हमारी निष्ठा के लिए हमें जो सम्मान दिया है, उसके लिए हम निगम प्रशासन के प्रति दिल से आभारी हैं, उन्होने कहा कि हम अपने आपको सम्मानित महसूस कर रहे हैं, हमें इससे यह प्रेरणा मिली है कि हम आगे और भी अधिक अच्छा कार्य करें, अपने कर्तव्यों का निष्ठापूर्वक निर्वहन करते रहें। समिति करती है फेस आफ द मंथका चयन आयुक्त ने निगम के फेस आफ द मंथ के रूप में कर्मचारियों का चयन किए जाने हेतु समिति का गठन किया है। अपर आयुक्त की अध्यक्षता में गठित इस समिति में अधीक्षण अभियंता, कार्यपालन अभियंता (योजना), उपायुक्त (स्थापना प्रभारी), राजस्व अधिकारी, सहायक स्वास्थ्य अधिकारी व अध्यक्ष महिला उत्पीडन, उन्मूलन समिति सदस्य के रूप में शामिल किए गए हैं, यह समिति निगम में कार्यरत कर्मचारियों के कार्यो का आंकलन करते हुए माह में उत्कृष्ट कार्य करने वाले 03 कर्मचारियों का चयन फेस आफ द मंथ के रूप में कर रही है। कर्मचारियों को मिल रहा अच्छे कार्य हेतु प्रोत्साहन फेस आफ द मंथ चुने जाने की इस पहल से निगम के अधिकारी कर्मचारियों विशेषकर छोटे कर्मियों को उत्कृष्ट कार्य करने हेतु प्रोत्साहन प्राप्त हो रहा है तथा उनके बीच अच्छा कार्य करने की प्रतिस्पर्धा बढ़ रही है, वहीं जिन कर्मचारियों को फेस आफ द मंथ चुना जाता है, वे अपने आपको सम्मानित महसूस कर रहे हैं, उन्हें भविष्य में और अधिक अच्छा कार्य करने, कार्यो में उत्कृष्ट परिणाम देने की प्रेरणा मिल रही है।

# किसान हित में राज्य शासन की मजबूत पहल, खरीफ सीजन में किसानों को समय पर मिल रहा खाद

**कोरबा।** खरीफ का मौसम शुरू होते ही किसानों के चेहरे पर चिंता की लकीरें साफ दिखाई देती हैं- खाद, बीज, पानी... सब कुछ समय पर मिले, तभी मेहनत रंग लाती है। लेकिन इस बार तस्वीर थोड़ी अलग है। प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय की दूरदर्शिता और मंशा के अनुरूप, अन्नदाताओं की परेशानियों को दूर करने खरीफ सीजन की शुरुआत से पहले ही सहकारी समितियों में पर्याप्त मात्रा में उन्नत किस्म की खाद और बीज का पर्याप्त भंडारण कर दिया गया।

कोरबा विकासखंड की कोरकोमा आदिम जाति सेवा सहकारी समिति में सरकार की किसान हितैषी पहल का स्पष्ट रूप देखने को मिलती है। ग्राम कोरकोमा के किसान श्री दुबराज सिंह राठिया जब समिति में अपने खरीफ सीजन में फसल की बेहतर पैदावार के लिए खाद बीज लेने पहुँचे, तो उन्हें बिना किसी परेशानी के डीएपी, यूरिया, एनपीके, सुपर फास्फेट जैसे उर्वरक उपलब्ध हुआ। उन्हें अनावश्यक समितियों के बार -बार चक्कर लगाने नही पड़े। हितग्राही दुबराज सिंह ने बताया कि पहले हमें खाद के लिए समितियों में भटकना पड़ता था, पर इस बार खाद बीज समय पर मिल गया। वक्त पर खाद मिलने से खेती की तैयारी आसान हो गई। खेतों में बुआई का काम पूर्ण हो गया है और अब हम निश्चिंत होकर बेहतर पैदावार की उम्मीद कर सकते हैं। किसान श्री राठिया ने बताया कि उनकी लगभग 10 एकड़ जमीन है। आज वे समिति से 10 बोरी डीएपी व 5 बोरी यूरिया खाद ले जा रहे है। खाद खरीदने में उन्हें किसी प्रकार की समस्या नही हुई, समिति में आवश्यक दस्तावेज देने के साथ ही तत्काल उन्हें खाद प्रदान किया गया। उन्होंने बताया कि कुछ दिनों पहले ही वे समिति से 15 बोरी यूरिया, 5 बोरी सुपर फॉस्फेट, 5 बोरी पोटाश ले जा चुके है। आगे भी अपनी आवश्यकतानुसार खाद समिति से ले जाते रहेंगे। किसान दुबराज सिंह राठिया ने समय पर खाद मिलने पर राज्य शासन की किसान हितैषी नीति की सराहना करते हुए मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय का धन्यवाद किया और कहा कि इससे खेती में बहुत सहूलियत हुई है। कोरकोमा से लगभग 8 से 10 किलोमीटर दूर ग्राम केराकछार के किसान श्री बृजपाल राठिया ने समिति की व्यवस्था की सराहना करते हुए कहा कि खाद की उपलब्धता समय पर होने से फसल की शुरुआत अच्छी हुई है। खेतों में बुआई का काम तेजी से हो रहा है। उन्होंने बताया कि वे अपनी 12 एकड़ जमीन पर सपरिवार खेती करते है, पिछले सीजन में उन्होंने लगभग 200 क्विंटल धान विक्रय किया था, और आज समिति से वे 10-10 बोरी यूरिया , डीएपी और आवश्यक खाद ले जा रहे है। बीते माह भी वे समिति से जरूरत की खाद ले गए थे। किसान बृजलाल ने कहा कि समय पर खाद प्राप्त होने से उनकी फसल की नींव मजबूत हुई है। इस वर्ष भी अच्छी फसल के पैदावार के लिए उनका पूरा परिवार मेहनत कर रहा है।

कोरकोमा समिति के प्रबंधक श्री प्यारे लाल साहू ने कहा कि शासन की दूरदर्शी नीतियों के कारण समितियों में समय पर गुणवत्तापूर्ण खाद बीज की व्यवस्था हो सकी, जिससे किसानों को बड़ा लाभ मिला है। उन्होंने बताया कि कोरकोमा समिति में आस पास के 22 गांव के कुल 1503 किसान पंजीकृत है। खरीफ सीजन के दौरान यूरिया, सुपर फॉस्फेट, पोटाश, डीएपी, एनपीके (लिक्विड) नैनो डीएपी, नैनो यूरिया जैसे रासायनिक उर्वरकों का पर्याप्त भंडारण कर किसानों को प्राथमिकता से वितरण किया गया है, अभी भी समिति में सभी खाद पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध है। उन्होंने बताया कि समिति में सबेरे से ही खाद क्रय करने के लिए किसानों का आना जाना लगा रहता है। किसान केसीसी के माध्यम से खाद बीज क्रय कर रहे। समिति में किसानों की सहूलियत के पूरा ध्यान रखा जा रहा है

# बिजली बिल हाफ योजना में संशोधन के विरोध में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने किया प्रदर्शन, जलाया पुतला

**जांजगीर-चांपा।** गुरुवार को कांग्रेस ने बिजली बिल हाफ योजना में संशोधन के विरोध में पुतला दहन किया। कांग्रेस विधायक ब्यास कश्यप ने कार्यकर्ताओं के साथ बिजली कार्यालय के सामने सड़क पर बैठकर प्रदर्शन किया।

प्रदर्शनकारियों ने 400 यूनिट फ्री बिजली योजना बहाल करने की मांग को लेकर सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। इस दौरान पुलिस और कांग्रेस कार्यकर्ताओं के बीच झूमाझटकी भी हुई। स्थिति को देखते हुए मौके पर फायर ब्रिगेड और भारी पुलिस बल तैनात किया गया। पुतला दहन के बाद पुलिस ने आग बुझाई।



**उग्र आंदोलन की चेतावनी**

कांग्रेस ने चेतावनी दी है कि अगर योजना बहाल नहीं हुई, तो आंदोलन और उग्र किया जाएगा। वर्तमान सरकार ने मात्र 100 यूनिट के भीतर की खपत वाले उपभोक्ताओं का ही बिजली बिल हाफ करने का निर्णय लिया है। इससे प्रदेश के अधिकांश उपभोक्ता इस योजना से वंचित हो गए हैं।

**नहीं मिलेगा 100 यूनिट का छूट भी**

नए निर्देश के अनुसार, 100 यूनिट से अधिक खपत होने पर बिजली बिल पूरा लगेगा और 100 यूनिट का छूट भी नहीं मिलेगा। जबकि पूर्व कांग्रेस सरकार ने 5 सालों तक विपरीत परिस्थितियों में भी बिजली उपभोक्ताओं को राहत देने के लिए बिजली बिल हाफ योजना चलाई थी।

इस योजना का फायदा प्रदेश के 44 लाख घरेलू उपभोक्ताओं को मिलता था। 5 साल में लगभग प्रत्येक उपभोक्ता को 40 से 50 हजार रुपए तक की बचत हुई थी। कांग्रेस सरकार की ओर से शुरू की गई 400 यूनिट बिजली बिल हाफ योजना के दायरे में प्रदेश का लगभग हर उपभोक्ता आता था।पहले अगर किसी का बिजली खपत 600 यूनिट या उससे अधिक भी था, तो उसके पहले 400 यूनिट तक की खपत पर बिजली बिल आधा हो जाता था। बाकी पर ही उसको पूरा बिल देना पड़ता था। पिछले माह ही सरकार ने बिजली के दाम चौथी बार बढ़ाए थे।घरेलू खपत पर 10 से 20 पैसे प्रति यूनिट की वृद्धि की गई है। गैर घरेलू बिजली की दर 25 पैसे प्रति यूनिट महंगी कर दी गई है। सर्वाधिक बढ़ोतरी कृषि पंप के बिजली के दाम में 50 पैसे प्रति यूनिट की वृद्धि करके की गई थी। डेढ़ साल के भीतर सरकार ने घरेलू बिजली की दरों में अब तक कुल 80 पैसे प्रति यूनिट बढ़ोतरी की है।

विधायक ने कहा कि भाजपा सरकार बनने के बाद आम जनता को मांग के अनुसार बिजली नहीं मिल रहा है। बिजली कटौती और लो वोल्टेज की समस्या से शहर और गांव की जनता जूझ रहे हैं। कांग्रेस की सरकार के दौरान 24 घंटा बिजली की आपूर्ति होती थी। गर्मी के दिनों में मांग बढ़ने पर दूसरे राज्यों से भी बिजली की खरीदी किया जाता था और आम जनता को 24 घंटा बिजली की आपूर्ति की जाती थी।

उन्होंने कहा कि केंद्र की मोदी सरकार के गलत नीतियों के चलते हैं। बिजली का उत्पादन लागत बढ़ा है, कोयले पर ग्रीन टैक्स चार गुना अधिक बढ़ा दिए, रेलवे का माल भाड़ा अधिक वसूल रहे हैं, थर्मल पॉवरप्लांट को अडाणी की कंपनी से महंगे दर पर कोयला खरीदने बाध्य किया जा रहा है, डीजल पर सेंट्रल एक्साइज बढ़ाए जाने से परिवहन में और फायर के लिए उपयोग होने वाले डीजल की लागत बढ़ी है, जिसकी भरपाई भी उपभोक्ताओं पर बोझ बढ़ाकर किया जा रहा है।

**स्मार्ट मीटर के नाम पर अधिक बिल भेजा रहा**

प्रदेश भर से अनाप-शनाप बिजली बिल आने की शिकायत लगातार आ रही है। स्मार्ट मीटर के नाम पर अधिक बिल उपभोक्ताओं को भेजा जा रहा है। अब तो जनता को लूटने के लिए उद्योग की कंपनी का प्रीपेड मीटर भी लगाने की तैयारी है।

कांग्रेस पार्टी भाजपा सरकार के ऐसे अन्यायपूर्ण फैसले का विरोध करती है, कोयला हमारा, पानी हमारा, जमीन हमारी और हमें ही महंगे दर पर बिजली बेचा जा रहा है? सरकार के इस जनविरोधी निर्णय के खिलाफ कांग्रेस पूरे प्रदेश में आंदोलन करेगी।

## आधार ऑपरेटर्स को मिली नए सॉफ्टवेयर की ट्रेनिंग

## C यूनिवर्सल क्लाइंट से होगा ऑनलाइन नामांकन, जीपीएस डिवाइस की अनिवार्यता खत्म




**जांजगीर-चांपा।** जिले मे भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण क्षेत्रीय कार्यालय हैदराबाद और आधार एजेंसी चिप्स के तत्वावधान में एक महत्वपूर्ण प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया।

ट्रेनिंग कार्यक्रम में जांजगीर-चांपा और सक्ती जिले के आधार ऑपरेटरों को नए सॉफ्टवेयर वर्जन %यूसी यूनिवर्सल क्लाइंट के बारे में जानकारी दी गई। ऑपरेटरों को बताया गया कि 0-5 वर्ष और उससे अधिक उम्र के हितग्राहियों का आधार नामांकन और अपडेट कैसे किया जाता है।

ई-जिला प्रबंधक सुनील कुमार साहू ने बताया कि प्रशिक्षण में आधार नामांकन और अपडेशन के लिए यूआईडीएआई द्वारा जारी दस्तावेजों की सूची के बारे में जानकारी दी गई। साथ ही तकनीकी समस्याओं और नामांकन के समय ध्यान रखने योग्य महत्वपूर्ण बिंदुओं पर भी चर्चा की गई।

नए वर्जन यूसी की विशेषता यह है कि इससे ऑनलाइन नामांकन किया जा सकेगा। इसमें जीपीएस डिवाइस की अनिवार्यता को समाप्त कर दिया गया है। इससे निरस्त आवेदनों की संख्या में कमी आएगी और रियल टाइम में दस्तावेज वेरिफिकेशन आसान हो जाएगी।

भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण क्षेत्रीय कार्यालय हैदराबाद के प्रोजेक्ट मैनेजर खुर्शीद आलम खान ने ऑपरेटरों को निर्देश दिया कि वे इस नए वर्जन का उपयोग करें और दस्तावेजों की सही जांच के बाद ही आधार नामांकन करें।

प्रशिक्षण कार्यक्रम में डिप्टी कलेक्टर देवेंद्र चौधरी, सक्ती जिले के ई-जिला प्रबंधक दुष्यंत सोनी और अलग-अलग आधार ऑपरेटर्स उपस्थित थे।

## ग्राम कुकदा में भोजली स्पर्धा 10 अगस्त को होगी

**गोधना।** आदर्श ग्राम कुकदा में 10 अगस्त रविवार को पारंपरिक भोजली प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। ग्राम पंचायत के तत्वावधान में एवं समस्त ग्रामवासियों के सहयोग से यह आयोजन संपन्न होगा। प्रतियोगिता का उद्देश्य ग्राम की सांस्कृतिक परंपराओं को जीवंत बनाए रखना तथा ग्रामीणों के बीच आपसी एकता और सहभागिता को बढ़ावा देना है। प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए ग्रामवासियों से अधिक से अधिक संख्या में सहभागिता का आग्रह किया गया है। इस बार प्रतिभागियों के लिए विशेष रूप से आकर्षक पुरस्कार निर्धारित किए गए है।

## अनुसूचित जाति विकास प्राधिकरण की बैठक में कई निणर्य

**उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने बैठक की अध्यक्षता**



**जांजगीर-चांपा।** जांजगीर चांपा जिले में अनुसूचित जाति विकास प्राधिकरण की बैठक हुई। उप मुख्यमंत्री अरुण साव की अध्यक्षता में हुई इस बैठक में प्राधिकरण के पिछले कार्यों की समीक्षा की गई। कलेक्टर को अधूरे कार्यों को शीघ्र पूरा करने के निर्देश दिए गए।

बैठक में कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। प्राधिकरण का बजट 50 करोड़ से बढ़ाकर 75 करोड़ रुपए किया गया है। बाबा गुरु घासीदास की तपोस्थली गिरौदपुरी के विकास के लिए 2 करोड़ रुपए की घोषणा की गई है।

अनुसूचित जाति वर्ग के छात्रों को प्रतियोगी परीक्षाओं की कोचिंग हेतु 50 लाख रुपए का प्रावधान किया गया है। हर साल 5 छात्रों को पायलट प्रशिक्षण के लिए प्रति छात्र 15 लाख रुपए की सहायता दी जाएगी। जैत खंभ निर्माण के लिए अब लकड़ी या सीमेंट का विकल्प समाज की इच्छानुसार खुला रखा जाएगा।

**पलायन के मुद्दे पर बोले उप मुख्यमंत्री**

क्षेत्र में पलायन के मुद्दे पर उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने कहा कि सरकार इसे रोकने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने बताया कि कई प्रयास किए गए हैं। कुछ लोग शौकिया भी पलायन करते हैं और खेती-बाड़ी छोड़कर बारिश से पहले बाहर चले जाते हैं।

प्रदेश की सड़कों की स्थिति के बारे में उन्होंने कहा कि पिछली सरकार ने पांच सालों में सड़कों पर ध्यान नहीं दिया। वर्तमान सरकार को अभी मात्र डेढ़ साल हुआ है। उप मुख्यमंत्री अरुण साहू के पास लोक निर्माण विभाग है और वे लगातार सुधार कार्यों में संलग्न हैं।

## चैनल गाटर को पार करने वाले 3 गिरफ्तार



**सक्ती।** मकान निर्माण में इस्तेमाल होने वाले 35 लोहे के चैनल गाटर चोरी के मामले में पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों की निशानदेही पर 5 चैनल गाटर कीमत 2400 रुपये और एक मोटरसाइकिल जब्त की गई है। चोरी की यह वारदात 30 जून को हुई थी।प्रमोद कुमार चौहान निवासी सराईपाली, पोरथा ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी। इसमें बताया कि उसने 35 चैनल गाटर खरीदे थे। इनकी कुल कीमत 65,450 रुपए थी। यह गाटर मुरली तंबोली के निर्माणाधीन मकान की छत पर रखे गए थे। 5 अगस्त को देखा गया कि सभी गाटर गायब थे। पुलिस को जांच के दौरान सूचना मिली कि कुछ युवक लोहे के गाटर काटते देखे गए हैं। पूछताछ में उन्होंने चोरी की बात कबूल की। आरोपियों ने बताया कि उन्होंने सभी 35 गाटर चोरी कर घुमंतू कबाड़ी को बेच दिए। पैसों को खर्च कर दिया। गिरफ्तार आरोपियों में दुर्गेश बरेठ निवासी वार्ड नंबर 11 गायत्री मंदिर सक्ती, शिवा सोनी निवासी वार्ड नंबर 16 राजा पारा सक्ती, पुष्पेन्द्र शर्मा पिता दया किशन शर्मा निवासी वार्ड नंबर 13 बैगापारा सक्ती शामिल हैं। तीनों की निशानदेही पर 5 नग चैनल गाटर और घटना में प्रयुक्त बाइक जब्त की गई। आरोपियों को 6 अगस्त को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा गया।

## 24 लीटर महुआ शराब व 210 किलो लाहन के साथ 3 पकड़ाए

**सक्ती।** जिले में 24 लीटर महुआ शराब और 210 किलो लाहन पकड़ाया है। आबकारी विभाग ने मालखरौदा के अलग-अलग क्षेत्र में छापा मारा। पहली कार्रवाई ग्राम आमनदुला में की गई। यहां बुधराम जोगी के मकान से 6 लीटर हाथभट्टी महुआ शराब बरामद की गई।

दूसरी कार्रवाई ग्राम पिहरीद में हुई। आरोपी पन्नूलाल लहरे के घर से कुल 8 लीटर महुआ शराब जब्त की गई। तीसरी कार्रवाई ग्राम अमेराडीह में की गई। आरोपी खेल बाई के घर से 10 लीटर महुआ शराब और 210 किलोग्राम महुआ लाहन बरामद किया गया।

तीनों आरोपियों के खिलाफ आबकारी अधिनियम की धारा 34(2) के तहत मामला दर्ज किया गया है। कलेक्टर अमृत विकास तोपनो के निर्देश और प्रभारी जिला आबकारी अधिकारी नितिन शुक्ला के मार्गदर्शन में यह अभियान चलाया गया।

सभी आरोपियों को न्यायालय में पेश किया गया है। वहां से उन्हें न्यायिक रिमांड पर जेल भेजने की प्रक्रिया चल रही है। इस अभियान में आबकारी वृत्त मालखरौदा के प्रभारी कोमल प्रसाद सिदार, वृत्त जैजैपुर प्रभारी घनश्याम प्रधान, आबकारी उप निरीक्षक रघुनाथ पैकरा, संजीव भगत सहित स्टाफ कमलेश यादव और भारती यादव की महत्वपूर्ण भूमिका रही।



## स्कूल के खिड़की-दरवाजे-टाइल्स घर ले जाने का लगा आरोप

**बिलासपुर।** जिले में सरपंच पति गांव के सरकारी स्कूल से खिड़की, दरवाजे, चैनल गेट और टाइल्स समेत लाखों रुपए का सामान उखाड़ कर घर ले गया। प्राचार्य ने सामान ले जाने की सहमति दी, लेकिन विभाग के अफसरों को जानकारी तक नहीं दी। मामला बेलतरा शासकीय हाई स्कूल का है। जब मामले की जानकारी सामने आई, तब भी चोरी की स्त्रङ्क्र दर्ज नहीं कराई गई। इस लापरवाही के चलते लोक शिक्षण संचालक ऋतुराज रघुवंशी ने प्रभारी प्राचार्य कावेरी यादव को सस्पेंड कर दिया है। वहीं, सामान ले जाने वाले सरपंच पति पर अब तक कोई कार्रवाई नहीं की गई है, जिससे अफसरों की जांच पर सवाल उठ रहे हैं।

## सेवा-सहकारी-समिति के प्रबंधक को हटाने की मांग




**सक्ती।** सक्ती जिले के किसानों ने ओड़ेकेरा स्थित सेवा सहकारी समिति के प्रबंधक को हटाने की मांग की है। किसानों ने आरोप लगाया है कि समिति में अनियमितताएं चल रही हैं। समय पर खाद-बीज की आपूर्ति नहीं होने से बोआई का समय निकल जाता है। इससे उन्हें निजी दुकानों से महंगे दामों पर खाद-बीज खरीदना पड़ता है।

धान खरीदी के समय भी प्रभारी संस्था प्रबंधक गैसराम बंजारे किसानों से रुपए मांगते हैं। वे असहयोगात्मक व्यवहार करते हैं। कई किसानों ने आरोप लगाया कि उनके साथ दुर्व्यवहार किया गया। बात-बात में उन्हें अपमानित किया जाता है। किसानों ने ज्ञापन सौंपकर कार्रवाई की मांग की। वहीं, समिति संचालक ने जांच की बात कही है। ग्रामीणों का कहना है कि समिति का संचालन प्रभारी की मनमानी पर निर्भर हो गया है। ऋण वितरण में पारदर्शिता नहीं है। किसानों की शिकायतें अनसुनी कर दी जाती हैं। दस्तावेजों में भी गड़बड़ियों की आशंका जताई गई है। किसानों का कहना है कि सहकारी समितियां किसानों की रीढ़ होती हैं। लेकिन गैरजिम्मेदार प्रबंधकों के कारण उन्हें समय पर जरूरी संसाधन नहीं मिल पा रहे हैं। इससे उनके कृषि कार्यों पर प्रतिकूल असर पड़ रहा है। प्रभावित किसानों ने जिला प्रशासन से तुरंत कार्रवाई की मांग की है। उन्होंने चेतावनी दी है कि यदि शीघ्र प्रबंधक को नहीं हटाया गया तो वे आंदोलन करेंगे। इस मामले पर जैजैपुर स्थित जिला सहकारी बैंक के सुपरवाइजर ने संज्ञान लिया है। उन्होंने कहा कि किसानों की शिकायतों की जांच की जा रही है। जो तथ्य सामने आएंगे, उसके आधार पर उच्च अधिकारियों को प्रतिवेदन भेजा जाएगा। उन्होंने आश्वासन दिया कि यदि आरोप सही पाए गए तो नियमानुसार उचित कार्रवाई की जाएगी।

## तालाब में डूबने से मौत, परिजन को मिली सहायता राशि

**सक्ती।** ग्राम अंजोरीपाली निवासी समीर कुमार चौहान की तालाब में डूबने से मौत हो गई थी। यह घटना तहसील सक्ती क्षेत्र की है। शासन ने इसे प्राकृतिक आपदा मानते हुए आर्थिक सहायता देने की मंजूरी दी है। डिप्टी कलेक्टर विश्वास कुमार ने बताया कि राजस्व पुस्तक परिपत्र खंड-6 क्रमांक 4 परिशिष्ट एक के तहत मृतक के पिता अजय चौहान, पिता फूलसिंह चौहान को चार लाख रुपए की सहायता राशि स्वीकृत की गई है।

## सक्ती में बढ़ेगी स्वास्थ्य सुविधाएं,कवायद तेज

**सक्ती।** सांसद कमलेश जांगड़े के निर्देश पर उनके प्रतिनिधि संजय रामचंद्र ने सीएमएचओ डॉ. पूजा अग्रवाल से मुलाकात की। चर्चा में सक्ती क्षेत्र के अस्पतालों की व्यवस्थाएं और स्वास्थ्य सुविधाएं मुख्य विषय रहीं। संजय रामचंद्र ने सक्ती को अस्थाई जिला चिकित्सालय घोषित करने की दिशा में ठोस कदम उठाने की बात कही। सांसद की पहल से जल्द घोषणा की संभावना जताई गई।

उन्होंने आयुष्मान भारत योजना के तहत कार्ड बनाने की प्रक्रिया तेज करने के लिए कैंप लगाने का सुझाव दिया। योजना के तहत पहला शिविर सक्ती नगर पालिका क्षेत्र से शुरू करने की बात कही गई। चिरायु योजना के अंतर्गत स्कूली बच्चों के स्वास्थ्य परीक्षण की सतत निगरानी और बेहतर सेवाएं देने पर भी जोर दिया गया। सांसद प्रतिनिधि ने अस्पताल में 24 घंटे डॉक्टरों की सूची सूचना पटल पर लगाने, ड्यूटी का सख्ती से पालन कराने और सफाई व्यवस्था की नियमित निगरानी का सुझाव दिया। मरीजों को समय पर पौष्टिक भोजन मिले, इसकी गुणवत्ता पर नजर रखने की बात कही।



## नर्सिंग की छात्राओं ने नुक्कड़ नाटक से किया जागरूक

**अंबिकापुर।** शासकीय नर्सिंग महाविद्यालय अंबिकापुर में 1 से 7 अगस्त तक विश्व स्तनपान सप्ताह मनाया गया। आयोजन प्राचार्य फगनी ठाकुर के निर्देशन में हुआ। सप्ताह भर चले कार्यक्रमों में स्तनपान को लेकर जागरूकता फैलाने पर जोर रहा। कार्यक्रम की शुरुआत रंगोली प्रतियोगिता से हुई। इसके बाद मेडिकल कॉलेज अस्पताल के ओपीडी परिसर में नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया। छात्रों ने स्तनपान के महत्व को प्रभावशाली ढंग से दर्शाया। फिर सीएचसी नवापारा में भी नुक्कड़ नाटक हुआ। दोनों स्थानों पर लोगों ने प्रस्तुति को सराहा। महाविद्यालय में पोस्टर प्रदर्शनी और क्विज प्रतियोगिता भी हुई। छात्रों ने उत्साह से भाग लिया। रंगोली और पोस्टरों ने विषय की गंभीरता को उजागर किया। क्विज में छात्रों ने स्तनपान से जुड़ी जानकारी पर अपनी समझ दिखाई। अंचल के अन्य नर्सिंग कॉलेजों ने भी भाग लिया। विजेताओं को पुरस्कार दिए गए।



**न्यायालय नायब तहसीलदार कटघोरा**
**जिला- कोरबा (छ.ग.)**
**// ज्ञापन//**

क्रमांक/Q / अति.तह./वाचक-2/2025
कटघोरा, दिनांक 30.04.2025
प्रति,
हल्का पटवारी
प.ह.नं. 08, ढपढप

विषय : जांच प्रतिवेदन प्रस्तुत करने बाबत्।

विषयातर्गत लेख है कि आवेदक शिव कुंवर चौहान पिता स्व. सोन साय जाति गाड़ा निवासी ग्राम ढपढप तहसील कटघोरा जिला-कोरबा (छ.ग.) के द्वारा छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 115 के तहत त्रुटि सुधार किये जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में पेश किया गया है। आवेदक द्वारा प्रस्तुत आवेदन पत्र की छायाप्रति संलग्न कर भेजी जा रही है।

अतः आपको निर्देशित किया जाता है कि आवेदक के आवेदन पत्र में उल्लेखित तथ्यों के संबंध में जांच प्रतिवेदन मय साक्ष्य दस्तावेज सहित इस न्यायालय में एक सप्ताह के भीतर अनिवार्य रूप से पेश करें।

(सील) **नायब तहसीलदार**
**कटघोरा**

## रायगढ़ में जंगली सुअर को मारने 5km तक करंट लगाया

**रायगढ़।** जिले के घने जंगल में जानवरों के शिकार किए जाने का मामला सामने आया है। जहां बंगुरसिया पश्चिम सर्किल क्षेत्र में शिकारियों ने 5कीमी तक लंबा करंट का तार लगा दिया। सूचना मिलते ही वन विभाग ने गुरुवार (7 अगस्त) को बिजली सप्लाई बंद कर तार हटाया।

जानकारी के मुताबिक, शिकारियों ने जंगली सुअर मारने के लिए पड़ीगांव से कक्ष क्रमांक 914 की ओर खेतों और जंगल में तार बिछाया था। ये इलाका हाथी प्रभावित क्षेत्र है। साल भर यहां हाथियों की मौजूदगी रहती है। ऐसे में करंट से हाथियों के मारे जाने का भी डर था। वहीं, ग्रामीणों को भी खतरा था।

इस तरह खेतों से करंट तार गुजरने से इस क्षेत्र में आने-जाने वाले किसी भी ग्रामीण की जान जा सकती थी। वन अमला ने करंट के लिए लगाए गए जीआई तार को जब्त करते हुए आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

**5-6 शिकारियों के शामिल होने की संभावना**

बताया जा रहा है कि इस क्षेत्र में पूर्व में भी शिकार के लिए तार लगाए जा चुके हैं। विभाग ने घटना में 5-6 शिकारियों के शामिल होने की संभावना जताई है। जिसकी तालाश की जा रही है। 11 केव्ही हाई वोल्टेज तार से करीब 5 किमी दूर तक करंट लगाया गया था।



इस संबंध में बंगुरसिया सर्किल प्रभारी प्रेमा तिर्की ने बताया कि करंट तार को इस तरह से लगाया गया था कि कोई बड़ा हादसा भी हो सकता था। समय पर मुखबिर से सूचना मिलने के बाद रात में ही बिजली सप्लाई बंद कर करंट तार को निकाला गया।

इसमें ग्रामीणों ने भी काफी मदद की। आरोपियों की पतासाजी की जा रही है। जल्द ही उन्हें पकड़ लिया जाएगा।

## जोरापाली के स्कूल में लायंस क्लब प्राइड ने बांटी सामग्री

**रायगढ़।** सेवा को जीवन का सर्वोच्च धर्म मानते हुए लॉयंस क्लब प्राइड रायगढ़ ने 6 अगस्त को जोरापाली प्राथमिक स्कूल में जरूरतमंद बच्चों को उपहार बांटे। क्लब की अध्यक्ष पूनम सिंह और सचिव डॉ नेहा अग्रवाल के मार्गदर्शन में नन्हें कदम, उज्ज्वल कल कार्यक्रम के तहत यह आयोजन हुआ। कार्यक्रम के दौरान बच्चों को स्कूली सामग्री दी गई। किताबें, कॉपियां और अन्य जरूरी सामान पाकर बच्चों के चेहरे खिल उठे। यह सेवा गतिविधि लॉयंस क्लब के डिस्ट्रिक्ट प्रोजेक्ट के अंतर्गत हुई। स्कूल स्टाफ ने क्लब के इस प्रयास की सराहना की। कार्यक्रम को सफल बनाने में अध्यक्ष पूनम सिंह, सचिव डॉ. नेहा ो का योगदान रहा।

## अनमोल वचन......

तब तक पैसे कमाओ जब तक तुम्हारा बैंक बैलेंस तुम्हारे फोन नंबर की तरह न दिखने लगें....

# पीड़िताओं ने सामने आने का साहस किया

*बेंगलुरु स्पेशल कोर्ट ने पूर्व प्रधानमंत्री एचडी देवगौड़ा के पोते प्रज्वल रेवाा को रेप के मामले में उम्रकैद की सजा सुनाई है। उस पर 48 वर्षीय एक घरेलू सहायिका ने कई दफा रेप करने का आरोप लगाया था। बीते साल उस पर चार मामले दर्ज किए गए थे, जिनमें से पहले मामले में दोषी ठहराया गया है। उस पर आईपीसी की धाराएं 376 (2के) (प्रभावशाली व्यक्ति द्वारा रेप), 376(2)(एन) (बार-बार रेप) 354(ए) (कपड़े उतारने के लिए हमला या बल प्रयोग), 354(सी)(ताकझांक), 506 (सबूतों को गायब करना), सूचना प्रोद्यौगिकी अधिनियम की धारा 66(ई) लगाई गई।*

*1632 पों की चार्जशीट के साथ इलेक्ट्रानिक व अन्य 183 सबूत पेश किए गए। बीते साल कर्नाटक सैक्स स्कैंडल के उछलने के बाद प्रज्वल का नाम सामने आया था, उस पर पचास से ज्यादा महिलाओं के यौन उत्पीड़न का आरोप है। पीड़ित अमूमन हासन, मैसूर व होलेनरासीपुर व करीबी इलाकों की हैं। हासन के इस सांसद के वहीं के स्टेडियम में सैकड़ों की तादाद में बिखरे मिले पेन ड्राइवों में तकरीबन तीन हजार सेक्स क्लिप व तस्वीरें मिलते ही मामले ने तूल पकड़ लिया था। कई वीडियो वह खुद बना रहा था। वीडियो वायरल होते ही वह देश छोड़ कर भाग गया। प्रधानमंत्री रहे दादा, मुख्यमंत्री रहे चाचा और मंत्री पिता का यह इंजीनियर बेटा 2019 में देश में तीसरा सबसे कम उम्र का सांसद बनने पर चर्चा में आया था। दादा के चेताने पर जर्मनी से लौटा तो एयरपोर्ट से ही उसे गिरफ्तार कर लिया गया।*

*पैसों और हैसियत के बल पर महिलाओं के साथ हैवानियत करने वाले की ताकत का ही भय है कि पचास में से केवल चार पीड़िताओं ने सामने आने का साहस किया। हालांकि पहले वह खुद को बेकसूर और आरोपों को झूठा बता रहा था। मगर पकड़े जाने के बाद उसने काड़ टीवी चैनल को भेजे वीडियो में दादा, मां-बाप, जनता दल (सेक्युलर) के कार्यकर्ताओं व राज्य के लोगों से माफी मांगी। लोगों में अपराधियों के प्रति गुस्से के चलते मामले को दबाया नहीं जा सका। बेशक, यह न्याय प्रक्रिया की ताकत है जिसने राज्य चलाने वालों की विकृति को न सिर्फ उधेड़ा, बल्कि कमजोर वर्ग की उस स्त्री को न्याय देकर छिपी बैठीं पीड़िताओं को न्याया का भरोसा दिया है। हालांकि अभी दोषी ऊपरी अदालत जाने को स्वतंत्र है। वहां तक मामला जाने और सलाखों के पीछे जाने में सालों लग सकते हैं, जिससे बच जाना जरूरी हैं। ताकतवर दोषियों को सजा दिला कर कड़ा संदेश देना बेहद जरूरी है।*

## राशिफल

**मेष राशि** - वालों आज का दिन आपके लिए लाभदायक रहेगा। आज आपको व्यापार में अच्छा धन लाभ होगा7 आज आपको अपने विचारों के साथ - साथ दूसरे व्यक्तियों के विचारों पर भी गौर देने की जरूरत है। आज आय के साधन बढ़ने के साथ ही खर्चों की भी अधिकता रह सकती है। आज आप अपने कार्यों में बाहरी व्यक्तियों का बिलकुल भी हस्तक्षेप न होने दें।

**वृष राशि** - वालों आज का दिन आपके लिए अच्छा रहेगा। आज आप अपने संपर्कव में आने वाले हर व्यक्ति के साथ प्रेमपूर्वक व्यवहार करेंगे। आज आपके विचारों में स्थिरता और दृढ़ता रहने से आप अपने कार्यों को अच्छी तरह कर पाएंगे। आज शुभचिंतकों का भरपूर साथ मिलेगा और सामाजिक रुप से मान-प्रतिष्ठा बनी रहेगी। आज आप दूसरों पर विश्वास न करके खुद पर भरोसा रखें और अपनी बेहतर प्रतिभा को दिखाते हुए अपने कार्यक्षेत्र में आगे बढ़ने की कोशिश करें।

**मिथुन राशि** - वालों आज का दिन आपके लिए बहुत शानदार रहेगा। आज आपको नौकरी में उन्नति के साथ साथ , दूसरी जगह से भी ऑफर आ सकता है7 इस राशि के छात्र आज किसी नये कोर्स को ज्वॉइन करने का मन बना सकते हैं। आज आप जल्दबाजी की बजाए शांति और धैर्य पूर्ण तरीके से काम करेंगें , तो आपके लिए अच्छा रहेगा।

**कर्क राशि** - वालों आज का दिन आपके सुखद बना रहेगा7 आज आपके सोचे हुए काम पूरे होंगे और आप किसी नए काम की शुरुआत भी कर सकते हैं7 आज आपको जीवनसाथी के सहयोग से किसी बड़े काम में सफलता मिलेगी। आज आपकी आर्थिक स्थिति पहले से बेहतर रहेगी और आज आप अपनी व्यावसायिक कार्य प्रणाली में कुछ बदलाव लाने की कोशिश करेंगें7 आज आपको इंपोर्ट और एक्सपोर्ट के बिजनेस में बड़ा फायदा होने के योग हैं।

**सिंह राशि** - वालों आज का दिन आपके लिए ठीक ठाक रहेगा7 आज आप उन चीजों को महत्व दें जो सच में आपके लिए महत्वपूर्ण हैं, ऐसा करना आपके लिए लाभदायक रहेगा। आज आपको अपने ऑफिस और परिवार के बीच संतुलन बनाकर रखना होगा, जिससे ज्यादा से ज्यादा काम करने का समय मिल सके। आज संतान की किसी उपलब्धि से घर में खुशी का माहौल बना रहेगा।

**कन्या राशि** - वालों आज का दिन आपके लिए बेहद खास रहेगा। आज आपको रोजगार में तरक्की के नए अवसर प्राप्त होंगें7 आज रास्ते में जाते समय आपकी मुलाकात किसी ऐसे व्यक्ति से हो सकती है जिसका फायदा आपको भविष्य में अवश्य मिलेगा। आज किसी भी असमंजस की स्थिति में परिवारवालों की सलाह लेना अच्छा रहेगा।

**तुला राशि** - वालों आज का दिन आपके लिए बेहतरीन रहेगा। आज सोसाइटी में आपको अपनी कार्यशीलता के लिए सम्मानित किया जा सकता है। आज आप अगर पार्टनरशिप सम्बन्धित कोई योजना बना रहे हैं तो उससे जुड़े सभी मामलों पर अच्छे से सोच-विचार कर लें। आज आपको बिजनेस में अच्छा धन लाभ होगा , लेकिन आप स्टाफ की गतिविधियों पर नजर बनायें रखें।

**वृश्चिक राशि** - वालों आज का दिन आपके लिए ठीक ठाक रहेगा। आज आप नए बिजनेस या फिर उससे सम्बन्धित किसी योजना पर विचार कर सकते हैं7 आज आपकी अध्यात्म और धर्म - कर्म के कार्यों में भी रुचि बढ़ेगी, जिससे आपको मानसिक सुख की प्राप्ति होगी। आज आपको जीवन से जुडी किसी समस्या से राहत मिलेगी7 आज आपको अपने व्यक्तिगत कार्यों के बीच यह ध्यान रखना जरूरी है कि घर के बड़े बुजुर्गों की सेवा से न चूकें।

**धनु राशि** - वालों आज आपका दिन खुशनुमा रहने वाला है। आज प्राइवेट ऑफिस में कार्यरत व्यक्तियों को उन्नति के अवसर प्राप्त होंगें7 आज आपको कारोबारी मामलों में बहुत सावधानी रखने की जरूरत है। आज आप किसी भी कार्य को करते समय धैर्य और संयम बना के रखें। आज आपकी रूचि रचनात्मक कार्यों में रहेगी, आप पेंटिंग बनाने का प्रयास करेंगें।

**मकर राशि** - वालों आज का दिन आपके लिए राहत से भरा रहेगा। आज आपकी आर्थिक स्थिति में सुधार आएगा, जिससे आपका मन संतुष्ट रहेगा। आज सामाजिक तथा सोसाइटी से सम्बन्धित गतिविधियों में आपके विचारों को विशेष प्राथमिकता मिलेगी। इस राशि के छात्रों को अपने सीनियर से कुछ नया सीखने को मिलेगा। आज आप जीवनसाथी के सहयोग से किसी काम को पूरा करने में सफल रहेंगें।

**कुम्भ राशि** - वालों आज का दिन आपके लिए बेहतरीन रहेगा। आज अनुभवी व्यक्तियों का मार्गदर्शन लेना आपके लिए लाभदायक रहेगा। आज किसी विदेशी कम्पनी से जॉब के लिए कॉल आ सकती है।

**मीन राशि** - वालों आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। आज आपको बिजनेस में बड़ा लाभ होगा, जिससे आपके घर में खुशियाँ आएँगी। आज आपको अटके हुए धन की प्राप्ति होगी, जिसका उपयोग आप अपने निजी कार्यों में कर सकते हैं7 आज दिन की शुरुआत कुछ व्यस्तता वाली रह सकती है ।

# मोदी एक बार कह दें कि ट्रंप ने जंग नहीं रूकवाई

//अजीत द्विवेदी//

**संसद के मानसून सत्र का इंतजार सबको था। इंतजार इसलिए था क्योंकि सरकार ने पहलगाम कांड और आपरेशन सिंदूर के बाद विशेष सत्र बुलाने की विपक्ष की अपील पर ध्यान नहीं दिया था। संसद में खड़े होकर विपक्ष को जवाब देने और देश के नागरिकों को इसकी सचाई बताने की बजाय सरकार दुनिया भर के देशों में डेलिगेशन भेज कर उनके सामने अपना पक्ष रख रही थी। तभी जब मानसून सत्र की शुरुआत हुई और यह तय हुआ कि दूसरे हफ्ते के पहले दिन यानी सोमवार, 28 जुलाई को पहलगाम कांड व आपरेशन सिंदूर पर चर्चा शुरू होगी तो उम्मीद थी कि इनसे जुड़े समूचे घटनाक्रम की सचाई सामने आएगी।**

सरकार हर पहलू के बारे में जानकारी देगी। विपक्ष जो सवाल पहले से उठा रहा है और जो सदन में सवाल उठाए जाएंगे, उनका वस्तुनिष्ठ तरीके से जवाब दिया जाएगा। लेकिन अफसोस की बात है कि दो दिन की लंबी चर्चा और प्रधानमंत्री के लंबे भाषण के बाद भी बहस अधूरी ही रह गई। इस बहस के बाद यह धारणा भी मजबूत हुई कि भारत में संसदीय बहसों का स्तर लगातार गिरता जा रहा है और सारी संसदीय बहस सिर्फ राजनीति साधने और चुनावी लाभ के लिए होती हैं। किसी भी सभ्य लोकतंत्र में संसदीय बहसें ऐसी नहीं होती हैं। भारत में भी कोई संविधान सभा की बहस के दस्तावेज पढ़े तो उसे भी आज जो हो रहा है उस पर शर्म ही आएगी।

बहरहाल, पहलगाम कांड और आपरेशन सिंदूर से जुड़े कौन से सवाल थे, जिनके वस्तुनिष्ठ जवाब की जरुरत थी, उस पर आने से पहले एक रूपक के जरिए इस बहस को समझते हैं। पिछले दिनों उत्तर प्रदेश के बिजली मंत्री का एक वीडियो वायरल हुआ था, जिसमें एक व्यक्ति उनसे बिजली नहीं आने की शिकायत कर रहा था। वह व्यक्ति कह रहा था कि सिर्फ तीन घंटे बिजली आती है और अधिकारी कोई सुनवाई नहीं कर रहे हैं। थोड़ी देर तक यह बात सुनने के बाद माननीय बिजली मंत्री ने अपने गले में पड़ी ढेर सारी मालाएं निकालीं और जोर से नारा लगाया, जय श्रीराम! बात वही खत्म हो गई। लोकसभा में पहलगाम कांड और आपरेशन सिंदूर पर सत्तापक्ष यानी भाजपा और उसके सहयोगी दलों के सभी नेताओं का भाषण इसी श्रेणी का था। सवालों का जवाब देने की बजाय सत्तापक्ष के लगभग सारे वक्ता सेना के शौर्य का गुणगान कर रहे थे, अपनी पीठ थपथपा रहे थे, अपनी छाती ठोक रहे थे और 77 साल पहले वाली सरकार की कमियां गिना रहे थे।

सोचें, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने करीब एक सौ मिनट के भाषण में 14 बार देश के पहले प्रधानमंत्री पंडित जवाहर लाल नेहरू का नाम लिया! क्या पहलगाम कांड और आपरेशन सिंदूर पर होने वाली चर्चा में देश के लोग यही सुनना चाहते थे। नेहरू की गलतियां थीं या इंदिरा गांधी ने गलती की या उसके बाद की कांग्रेस सरकारों ने गलतियां कीं तभी तो देश की जनता ने भाजपा और नरेंद्र मोदी को मौका दिया है! अब तो देश के लोग इस सरकार से उम्मीद कर रहे हैं। नेहरू का या इंदिरा गांधी का नाम लेकर किसी भी तात्कालिक मुद्दे पर अपनी जिम्मेदारी से नहीं बचा जा सकता है। नेहरू की गलतियां अपनी जगह हैं, जिनके बारे में राष्ट्रीय स्वंयसेवक संघ, भारतीय जनसंघ और भारतीय जनता पार्टी एक सौ साल से बोल रहे हैं। लेकिन लोग तो यह जानना चाहते थे कि पर्यटकों की उतनी बड़ी संख्या होने के बावजूद पहलगाम घाटी में एक भी सुरक्षाकर्मी क्यों नहीं तैनात था। लोग यह जानना चाहते थे कि आतंकवादी 20 मिनट तक तांडव करते रहे और उतनी देर में एक भी सुरक्षाकर्मी नहीं पहुंचा और आतंकवादियों के जवाब देने के लिए एक भी गोली नहीं चली तो ऐसा क्यों हुआ। यह तो संभव नहीं है कि नेहरू या इंदिरा गांधी ने ऐसा करने से रोक दिया था। सरकार को इस पर जवाब देना चाहिए था और अपनी जिम्मेदारी स्वीकार करनी चाहिए थी। लेकिन प्रधानमंत्री के इतने लंबे भाषण में एक बार भी पहलगाम में मारे गए 26 बेकसूर नागरिकों का जिक्र नहीं आया। देश के लोग जानना चाहते थे कि आपरेशन सिंदूर हुआ, जिसमें भारतीय सेना ने अप्रतिम शौर्य का प्रदर्शन किया तो फिर 88 घंटे के भीतर सीजफायर क्यों हो गया। जैसा कि प्रधानमंत्री ने कहा कि पाकिस्तान के सैन्य अभियानों के महानिदेशक यानी डीजीएमओ ने भारत के डीजीएमओ से गुहार लगाई कि पाकिस्तान अब और हमला नहीं झेल सकता है तो युद्धविराम हो गया। सवाल है कि पाकिस्तान मजबूर था कि वह हमारा हमला नहीं झेल पा रहा था लेकिन हमारी क्या मजबूरी थी। हमने क्यों सीजफायर स्वीकार कर लिया। अगर स्वीकार किया तो पाकिस्तान के सामने क्या शर्तें रखीं और क्या उसने हमारी कोई शर्त स्वीकार की। दुनिया के तमाम सामरिक और रक्षा विशेषज्ञों ने कहा कि भारत को दो तीन दिन और हमले जारी रखने चाहिए थे ताकि पाकिस्तान का सैन्य ढांचा स्थायी रूप से खत्म हो और उसके सैन्य नेतृत्व की कमजोरी पाकिस्तान की जनता के सामने जाहिर हो। लेकिन इसका उलटा हुआ। बिना शर्त युद्धविराम की वजह से पाकिस्तान के सैन्य नेतृत्व को छाती ठोक कर जीत का दावा करने का मौका मिला और आज पाकिस्तान का सैन्य नेतृत्व पहले से ज्यादा मजबूती और ताकत के साथ भारत विरोधी गतिविधियों में लगा है। पाकिस्तान और पाकिस्तान के बाहर भी उसकी प्रतिष्ठा कम होने की बजाय बढ़ गई है। ऐसा क्यों हुआ कि भारत जीतता हुआ पक्ष था लेकिन उसने बिना शर्त सीजफायर कर लिया, इस सवाल का जवाब नहीं दिया गया।

सीजफायर कराने के अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के दावे का भी स्पष्ट जवाब नहीं दिया गया। प्रधानमंत्री ने कहा कि दुनिया के किसी नेता ने सीजफायर नहीं कराई। वे संसद में वही बोले, जो ब्राजील में जी 7 देशों के सम्मेलन में बोले थे। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान के डीजीएमओ ने गुहार लगाई थी। उन्होंने यह भी दोहराया कि अमेरिका के उप राष्ट्रपति जीडी वेंस ने उनसे कहा कि पाकिस्तान बड़ा हमला करने वाला है तो उन्होंने कहा कि हम उससे बड़ा हमला करेंगे। सवाल है कि फिर ऐसा क्या हुआ कि पाकिस्तान ने हमला नहीं किया और हमें हमला करने की जरुरत नहीं पड़ी। कुछ तो हुआ परदे के पीछे, जिसके बाद सीजफायर हुआ! प्रधानमंत्री और रक्षा मंत्री को बताना चाहिए था कि क्या हुआ, जिसकी वजह से बिना शर्त सीजफायर की नौबत आई। विडम्बना यह है कि जिस समय प्रधानमंत्री ने संसद में कहा कि दुनिया के किसी नेता ने जंग नहीं रूकवाई लगभग उसी समय अमेरिका में ट्रंप ने दोहराया कि उन्होंने भारत और पाकिस्तान की जंग रूकवाई। ध्यान रहे दुनिया का कोई नेता सीजफायर का श्रेय नहीं ले रहा है, सिर्फ ट्रंप ले रहे हैं। इसलिए दुनिया कि किसी नेता ने नहीं रूकवाई कहने की बजाय अगर प्रधानमंत्री मोदी एक बार कह दें कि ट्रंप ने जंग नहीं रूकवाई तो बात खत्म हो। लोग यह सुनना चाहते थे लेकिन यह नहीं कहा गया।

एक और अहम बात जो पूरी चर्चा में मिसिंग रही वह ये है कि भारत को कितना नुकसान हुआ। पेंसिल टूटने की बात कही गई लेकिन यह भारत के प्रतिरक्षा प्रमुख यानी सीडीसी जनरल अनिल चौहान की बात का स्पष्टीकरण नहीं है और न जकार्ता दूतावास के भारत के डिफेंसे अताशे कैप्टेन शिवकुमार की बात का जवाब है। दोनों ने भारत के नुकसान की बात कही थी। कैप्टेन शिवकुमार ने तो नुकसान के लिए राजनीतिक फैसले को जिम्मेदार बताया था। लेकिन पूरी बहस में सरकार की ओर से इसका जवाब नहीं दिया गया। भारत को कितना और क्या नुकसान हुआ यह बताया जाना चाहिए था या फिर यह कहा जाना चाहिए था कि सेना के दोनों अधिकारियों ने जो कहा वह सही नहीं है।

भारत और पाकिस्तान के बीच हुई सीमित जंग में चीन सक्रिय भागीदार था और यह बात भारतीय सेना के वरिष्ठ अधिकारी लेफ्टिनेंट जनरल राहुल आर सिंह ने कही। उन्होंने कहा कि चीन ने पाकिस्तान का इस्तेमाल किया। उसने पाकिस्तान के जरिए भारत के खिलाफ अपने हथियारों का परीक्षण किया। भारत के खिलाफ युद्ध में चीन की सक्रिय भागीदारी के बावजूद रक्षा मंत्री और विदेश मंत्री दोनों चीन के दौरे पर गए और जब आपरेशन सिंदूर पर संसद में चर्चा हुई तो उस बारे में कुछ नहीं कहा गया। यह सही है कि इतने बड़ा घटनाक्रम के बावजूद भाजपा और नरेंद्र मोदी को कोई राजनीतिक नुकसान होता नहीं दिख रहा है। लेकिन समर्थक वर्ग को परवाह नहीं है क्या इस वजह से इतने अहम सवालों का जवाब नहीं दिया जाएगा।

# भारत-अमेरिका व्यापार संबंधों में नया तनाव

//विनीत नारायण//

**हाल में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भारत से आयातित सामान पर 25 प्रतिशत टैरिफ और रूस से तेल और हथियारों की खरीद के लिए अतिरिक्त दंड की घोषणा की। यह कदम भारत-अमेरिका व्यापार संबंधों में महत्त्वपूर्ण मोड़ के रूप में देखा जा रहा है, विशेष रूप से तब जब दोनों देश एक व्यापार समझौते पर बातचीत कर रहे हैं। ट्रंप ने भारत और रूस को मृत अर्थव्यवस्था (डेड इकानमी) कह कर निशाना बनाया और भारत के उच्च टैरिफ और गैर-मौद्रिक व्यापार बाधाओं को इसका कारण बताया।**

ट्रंप ने अपने दूसरे कार्यकाल में वैश्विक व्यापार को प्रभावित करने वाली आक्रामक टैरिफ नीतियों को अपनाया है। 7 अगस्त, 2025 से लागू होने वाले 25 प्रतिशत टैरिफ का ऐलान करते हुए ट्रंप ने इसके लिए भारत के रूस से तेल और सैन्य उपकरणों की खरीद को प्रमुख कारण बताया। उनके अनुसार, भारत रूस का सबसे बड़ा ऊर्जा खरीदार है, जो यूक्रेन में रूस के सैन्य अभियान के समय में अस्वीकार्य है। इसके अतिरिक्त, ट्रंप ने भारत के उच्च टैरिफ (जिसे उन्होंने दुनिया में सबसे अधिक बताया) और गैर-मौद्रिक व्यापार बाधाओं की भी आलोचना की। ट्रंप ने पहले 20-25 प्रतिशत टैरिफ की संभावना जताई थी, लेकिन अंतिम घोषणा में अतिरिक्त दंड भी शामिल किया गया। यह कदम भारत के फार्मास्यूटिकल्स, कपड़ा, र प्रतिशत और आभूषण और आटोमोबाइल जैसे क्षेत्रों को प्रभावित कर सकता है, जो अमेरिका के साथ भारत के व्यापार के महत्त्वपूर्ण हिस्सा हैं।

कांग्रेस नेता और लोक सभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने ट्रंप के मृत अर्थव्यवस्था वाले बयान का समर्थन करते हुए केंद्र सरकार पर तीखा हमला बोला। कहा, हां, ट्रंप सही हैं। हर कोई जानता है कि भारतीय अर्थव्यवस्था मृत है, सिवाय प्रधानमंत्री और वित्त मंत्री के। मुझे खुशी है कि ट्रंप ने यह तथ्य सामने रखा। दुनिया जानती है कि भारतीय अर्थव्यवस्था खत्म हो चुकी है। भाजपा ने अडानी को मदद करने के लिए अर्थव्यवस्था को बर्बाद कर दिया। राहुल ने मोदी सरकार की आर्थिक नीतियों पर सवाल उठाए, विशेष रूप से नोटबंदी और त्रुटिपूर्ण जीएसटी अर्थव्यवस्था के पतन के कारण बताए। उन्होंने यह भी पूछा कि ट्रंप के भारत-पाकिस्तान सीजफायर को लेकर बार-बार किए जा रहे दावों पर प्रधानमंत्री की चुप्पी क्यों है। कांग्रेस पार्टी ने इस टैरिफ को भारत की विदेश नीति की विफलता के रूप में चित्रित किया। कांग्रेस नेता सुप्रिया श्रीनेत ने कहा, राहुल गांधी ने पहले ही इस बारे में चेतावनी दे दी थी। यह टैरिफ हमारी अर्थव्यवस्था, निर्यात, उत्पादन और रोजगार पर असर डालेगा। हम अमेरिका को फार्मास्यूटिकल्स निर्यात करते हैं, और 25 प्रतिशत टैरिफ से ये महंगे हो जाएंगे जिससे मांग कम होगी और उत्पादन तथा रोजगार पर असर पड़ेगा। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने भी प्रधानमंत्री की चुप्पी पर सवाल उठाए और टैरिफ को भारत के व्यापार, एमएसएमई और किसानों के लिए हानिकारक बताया। अन्य विपक्षी नेताओं ने भी इस मुद्दे पर सरकार की आलोचना की। समाजवादी पार्टी के नेता अखिलेश यादव ने इसे भारतीय अर्थव्यवस्था के लिए बुरे दिनों की शुरुआत बताया, जबकि असदुद्दीन ओवैसी ने ट्रंप को व्हाइट हाउस का जोकर कह कर उनकी आलोचना की।

वहीं, अर्थशास्त्रियों ने इस टैरिफ के भारत की अर्थव्यवस्था पर संभावित प्रभाव को लेकर मिश्रित राय व्यक्त की है। कुछ का मानना है कि इसका प्रभाव सीमित होगा जबकि अन्य ने दीर्घकालिक नुकसान की चेतावनी दी है। इंवेस्टमेंट इनफार्मेशन एंड क्रेडिट रेटिंग एजेंसी आफ इंडिया (इक्रा) की मुख्य अर्थशास्त्री अदिति नायर ने कहा, प्रस्तावित टैरिफ और दंड हमारी अपेक्षा से अधिक हैं, और इससे भारत की जीडीपी की वृद्धि पर असर पड़ सकता है। प्रभाव की गंभीरता दंड के आकार पर निर्भर करेगी। अर्नेस्ट एंड यंग इंडिया (ईवाई) के व्यापार नीति विशेषज्ञ अग्नेर सेन ने कहा, टैरिफ से समुद्री उत्पाद, फार्मास्यूटिकल्स, कपड़ा, चमड़ा और आटोमोबाइल जैसे क्षेत्र सबसे अधिक प्रभावित होंगे। ये क्षेत्र भारत-अमेरिका व्यापार में मजबूत हैं, और टैरिफ से इनकी प्रतिस्पर्धात्मकता कम हो सकती है। फाउंडेशन फार इकोनामिक डवलपमेंट के राहुल अहलूवालिया ने चेतावनी दी कि टैरिफ भारत को वियतनाम व चीन जैसी अन्य एशियाई अर्थव्यवस्थाओं की तुलना में कमजोर कर सकता है। उनके अनुसार, निर्यात आपूर्ति श्रृंखलाओं के भारत की ओर स्थानांतरण की संभावना नहीं है।

हालांकि, कुछ विशेषज्ञों ने आशावादी रुख भी अपनाया है। फिक्की के अध्यक्ष हर्षवर्धन अग्रवाल ने कहा, हालांकि यह कदम दुर्भाग्यपूर्ण है और हमारे निर्यात पर असर डालेगा। लेकिन हमें उम्मीद है कि यह अल्पकालिक घटना होगी और दोनों पक्ष जल्द ही एक स्थायी व्यापार समझौते पर पहुंच जाएंगे। भारत सरकार ने इस मुद्दे पर सतर्क और संयमित रुख अपनाया है। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने संसद में कहा, हम राष्ट्रीय हितों की रक्षा के लिए सभी आवश्यक कदम उठाएंगे। भारत ने एक दशक में फ्रैजाइल फाइव से दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था बनने का सफर तय किया है। सरकारी सूत्रों ने संकेत दिया है कि भारत तत्काल जवाबी टैरिफ लगाने की बजाय बातचीत का रास्ता अपनाएगा। एक सूत्र ने कहा, चुप्पी सबसे अच्छा जवाब है। हम बातचीत की मेज पर इस मुद्दे को हल करेंगे। कुल मिलाकर 25 प्रतिशत टैरिफ और अतिरिक्त दंड ने भारत-अमेरिका व्यापार संबंधों में नया तनाव पैदा कर दिया है। राहुल गांधी और विपक्ष ने इसे सरकार की आर्थिक और विदेश नीति की विफलता के रूप में प्रस्तुत किया है, जबकि अर्थशास्त्रियों ने इसके मिश्रित प्रभावों की ओर इशारा किया है। जहां कुछ क्षेत्रों पर तत्काल असर पड़ सकता है, वहीं भारत के पास अन्य बाजारों में विविधता लाने और बातचीत के जरिए समाधान खोजने का भी अवसर है। यह स्थिति न केवल आर्थिक, बल्कि भू-राजनीतिक दृष्टिकोण से भी महत्त्वपूर्ण है क्योंकि भारत को अपनी रणनीतिक स्वायत्तता और आर्थिक हितों को संतुलित करना होगा। देखना यह है कि आने वाले दिनों में सरकार इस समस्या से कैसे निपटती है।

## एसआईआर पर इतना बबेला क्यों?

कांग्रेस ने मतदाता सूचियों के लिए एस आई आर (विशेष सघन पुनरीक्षण) पर आपत्ति जताई है और बिहार में राजद ने एन विधानसभा चुनावों से पहले चुनाव आयोग ने जो अभियान चलाया है उस पर तेजस्वी यादव ने गहन आपत्ति की है। उल्लेखनीय है कि चुनाव आयोग ने बिहार में 65 लाख मतदाता फर्जी पाए हैं जिनके नाम विभिन्न विधानसभा सीटों से काट दिए गए हैं। एक विधानसभा सभा क्षेत्र से औसत 3200 वोट काटे गए हैं।इन में चुनाव आयोग ने कहा है कि SIR सभी राज्यों में होगा।

दरअसल भारत में जब से या आजादी के बाद से कभी इंटीग्रेटेड मतदाता सूची बनी ही नहीं थी न ही बन सकती थी क्योंकि न तो तब आधार कार्ड, वोटर आईडी,था । अंतिम जनगणना 2011 में हुई थी और यह मैनुअल थी ।चुनाव आयोग से जुड़े लोग मतदाता सूचियों को रिवाइज्ड करते रहते थे। लेकिन अब चुनाव आयोग के पास नए सॉफ्टवेयर हैं जो नाम डालते ही बता देते हैं कि ये नाम किन किन स्थानों पर दर्ज है। और उसे मतदाता की पसंद के साथ अन्य सभी स्थानों से अलग कर देता है।अब चुकी सरकार के सभी कार्यों का विरोध करना है और मुद्दे चाहिए तो पहले ही चोर चोर चिल्ला देते हैं। राहुल गांधी भी इसे बोट की चोरी बता रहे हैं। ऊपर से मल्लिकार्जुन खड़गे, असदुद्दीन ओवैसी, अखिलेश यादव, तेजस्वी यादव, रेवंत रेड्डी, संजय रावत हां में हां मिला देते हैं। ज्ञातव्य हो कि असम, पश्चिमी बंगाल,बिहार,केरल,में 2026 तक विधानसभा चुनाव होने हैं भारतीय जनता पार्टी के नेतृत्व वाली एनडीए बिहार और असम में सत्ता में है ।जबकि पश्चिमी बंगाल में तुड़मूल कांग्रेस,केरल में वामपंथी दल सरकार चला रहे हैं। जिसमें से इस बार बिहार में राजद, कांग्रेस महागठबंधन पूरा जोर लगा रहा है यद्यपि प्रशांत किशोर की जन स्वराज पार्टी भी बताते हैं कि कुछ गणित बिगाड़ने की स्थिति में है। इसलिए SIR का विरोध हो रहा है।

## तस्वीरों की दुनिया



पौड़ी गढ़वाल में बादल फटने से अचानक आई बाढ़ के बाद खोज और बचाव अभियान जारी है।



जम्मू और कश्मीर के अनंतनाग जिले में अमरनाथ की पवित्र गुफा की ओर जाते हुए भगवान शिव की पवित्र गदा छड़ी मुबारक ले जाते हुए साधु।



फिलीपींस गणराज्य के राष्ट्रपति फर्डिनेंड रोमुअलडेज़ मार्कोस जूनियर बैंगलोर के केम्पेगौड़ा अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर पहुंचे।



केंद्रीय कपड़ा मंत्री गिरिराज सिंह नई दिल्ली में भारत मंडपम में 11वें राष्ट्रीय हथकरघा दिवस 2025 के उद्घाटन के अवसर पर। साथ में विदेश और कपड़ा राज्य मंत्री पबित्रा मार्गेरिटा भी हैं।



दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने नई दिल्ली में मुख्यमंत्री जन सेवा सदन में स्कूली छात्रों के साथ रक्षाबंधन मनाया।



नई दिल्ली में संसद के मानसून सत्र के दौरान बिहार में मतदाता सूची के चुनाव आयोग के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के खिलाफ विरोध प्रदर्शन करते हुए टीएमसी सांसद सायोनी घोष, जून मलैया, पीडीए और विपक्षी नेताओं के साथ।



भाजपा नेता और गांधी स्मृति के उपाध्यक्ष विजय गोयल स्वतंत्रता दिवस से पहले नई दिल्ली में तिरंगा यात्रा का नेतृत्व करते हुए।

# राहुल के एटम बम को चुनाव आयोग ने कर दिया डिफ्यूज... क्या फंस गए कांग्रेस के युवराज

**नईदिल्ली, 08 अगस्त [एजेंसी]।**

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने कर्नाटक और महाराष्ट्र में चुनाव में धांधली का गंभीर आरोप चुनाव आयोग पर फिर से लगाया है। मतदाता सूची विशेष सघन पुनरीक्षण (एसआईआर) के विरुद्ध लामबंद विपक्ष के दृष्टिकोण में यह कथित एटम बम हो सकता है। नैरेटिव की लड़ाई तो लंबी चलेगी लेकिन राहुल के तीखे आरोपों के जवाब में चुनाव आयोग ने जो पक्ष रखा है वह भी फांस से कम नहीं है।राहुल ने कर्नाटक में मतदाता सूची में गड़बड़ी, एक ही मतदाता के नाम बार-बार आने, गलत पता जैसे कई आरोप लगाए हैं। यानी एक तरह से राहुल ने बिहार में चल रहे एसआईआर की जरूरत मान ली। बिहार के ड्राफ्ट मतदाता सूची में लगभग 65 लाख ऐसे लोगों को बाहर किया गया है जो या मृत हो चुके हैं या अपने पते पर हैं ही नहीं। इसके अलावा आयोग ने यह भी पूछा है कि जनवरी में 2025 में कर्नाटक की जो सूची हर दल को सौंप दी गई थी उस पर अब तक एक भी शिकायत क्यों नहीं की गई। कर्नाटक चुनाव अधिकारी ने राहुल को पत्र लिखकर कहा है कि प्रतिनिधित्व कानून की धारा 20(3) के अनुसार शपथपत्र देकर शिकायत करें ताकि फिर से पूरी जांच हो सके। पहले ईवीएम में गड़बड़ी और मतदाता सूची पुनरीक्षण की आड़ में वोट चोरी का आरोप।बीते कुछ वर्षों से इसी तरह लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी चुनाव आयोग के कामकाज और पारदर्शिता पर गंभीर आरोप लगा रहे हैं। इस पर आयोग विपक्ष आरोप लगाता है कि आयोग की ओर से जवाब या अपेक्षित जानकारी नहीं दी जा रही, जबकि



आयोग दावा करता रहा है कि कई बार सूचना देने के बावजूद राहुल गांधी लिखित रूप से अपना पक्ष या शिकायत रखने के लिए नहीं आए हैं।बीते कुछ दिन से राहुल गांधी के अगले कदम की सभी को प्रतीक्षा थी, क्योंकि उन्होंने चेतावनी भरे लहजे में दावा किया था कि वह सुबूत के साथ एटम बम फोड़ेंगे। गुरुवार को राहुल ने प्रेसवार्ता कर आरोप लगाए कि चुनाव आयोग ने कर्नाटक और महाराष्ट्र में पांच तरीकों से वोटर लिस्ट में गड़बड़ियां कर वोटों की चोरी की। कर्नाटक चुनाव अधिकारी ने शुक्रवार को कांग्रेस के प्रतिनिधिमंडल को राज्य निर्वाचन आयोग ने शुक्रवार को दोपहर एक से तीन बजे के बीच मुलाकात का समय दिया है। इसके साथ ही दावा किया कि मतदाता सूची पूरी पारदर्शिता के साथ तैयार की जाती है। आयोग ने बताया कि कर्नाटक में विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण (एसएसआर)- 2025 की मतदाता सूची का प्रारूप नवंबर 2024 में कांग्रेस को उपलब्ध करा दिया गया था।

इसके बाद अंतिम मतदाता सूची जनवरी 2025 में उपलब्ध करा दी थी। मगर, अंतिम मतदाता सूची के प्रकाशन के बाद से अब तक न तो गड़बड़ियों के संबंध में प्रथम अपील संबंधित जिलाधिकारी के समक्ष की गई और न ही राज्य के मुख्य निर्वाचन अधिकारी के समक्ष द्वितीय अपील की गई है। यही हाल बिहार में चल रहे एसआईआर का है। एक अगस्त को दिए गए ड्राफ्ट मतदाता सूची के खिलाफ किसी भी राजनीतिक दल की ओर से एक भी शिकायत अब तक नहीं आई है। आयोग ने कहा है कि यदि राहुल गांधी के पास तथ्य हैं तो वह शपथ पत्र में मतदाता सूची में गड़बड़ियों का ब्योरा लिखकर दे दें, आयोग उसकी जांच कराएगा। किसी भी अन्य शपथपत्र की तरह इसमें कहा गया है कि उन्हें गड़बड़ियों को व्यक्तिगत जानकारी है और वह जानते हैं कि गलतबयानी के भारतीय न्याय संहिता की धारा 227 के तहत दंडात्मक है। आयोग ने शपथ पत्र का प्रारूप भी राहुल गांधी को भेज दिया है। हालांकि कांग्रेस की ओर से स्पष्ट कर दिया गया है कि उनकी ओर से कोई शपथपत्र नहीं दिया जाएगा।

## सौतेली मां वास्तव में मां ही होती है, सुप्रीम कोर्ट ने पारिवारिक पेंशन मामले में की अहम टिप्पणी



**नईदिल्ली, 08 अगस्त [एजेंसी]।**

सुप्रीम कोर्ट ने पारिवारिक पेंशन सहित सामाजिक कल्याण योजनाओं के तहत लाभ प्रदान करने में सौतेली माताओं को भी शामिल करने के लिए मां शब्द की उदार व्याख्या की वकालत की।जस्टिस सूर्यकांत, जस्टिस उज्जल भुइयां और जस्टिस एन. कोटिश्वर सिंह की पीठ ने केंद्र और भारतीय वायुसेना से कहा कि नियमों में मां की परिभाषा को उदार बनाने की आवश्यकता है ताकि सौतेली माताओं को भी इसमें शामिल किया जा सके। पीठ ने कहा, हमें मां शब्द को उदार बनाने की जरूरत है। इसमें सौतेली मां शब्द भी शामिल होना चाहिए, खासकर जब पारिवारिक पेंशन सहित सामाजिक कल्याण योजनाओं के तहत लाभ देने की बात हो। सौतेली मां वास्तव में मां ही होती है। सुप्रीम कोर्ट एक महिला की याचिका पर सुनवाई कर रहा था। उस महिला ने अपने सौतेले बेटे की जैविक मां की मृत्यु के बाद उसका पालन-पोषण किया। महिला पारिवारिक पेंशन की मांग कर रही थी। जस्टिस सूर्यकांत ने केंद्र के वकील से पूछा कि अगर एक महीने के बच्चे की मां का निधन हो जाए और पिता दूसरी शादी कर ले, तो क्या सौतेली मां को असली मां नहीं माना जाएगा।जस्टिस कांत ने कहा, कानून में आप उसे सौतेली मां कह सकते हैं, लेकिन वह वास्तव में वास्तविक मां ही है क्योंकि उसने पहले दिन से ही अपना जीवन बच्चे के लिए समर्पित कर दिया था। हालांकि, वकील ने भारतीय वायुसेना के नियमों का हवाला देते हुए कहा कि मां की परिभाषा में सौतेली मां शामिल नहीं है।जस्टिस कांत ने केंद्र के वकील से कहा कि वह सौतेली मां के पेंशन या किसी भी लाभकारी दावे को शामिल करने के लिए एक लचीला रुख अपनाने पर विचार करें। कोर्ट ने कहा, इस उद्देश्य के लिए इस परिभाषा को उदार बनाना होगा।

## मस्क के बाद Intel कंपनी के CEO पर ट्रंप का हमला, लिप-बू टैन से इस्तीफा देने को कहा

**बेंगलुरु।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने गुरुवार को इंटेल के सीईओ लिप-बू टैन से तत्काल इस्तीफा देने को कहा। चीनी कंपनियों



के साथ संबंधों के कारण टैन से इस्तीफा मांगा गया है।ट्रंप ने अपने ट्रुथ सोशल प्लेटफार्म पर पोस्ट में कहा, इस समस्या का कोई अन्य समाधान नहीं है। टैन ने मार्च में सीईओ का पदभार संभाला था। नेतृत्व में बदलाव से कंपनी पर दबाव बढ़ सकता है, क्योंकि यह टैन द्वारा शुरू किए गए बड़े रणनीतिक बदलाव को आगे बढ़ा रही है, जिसका उद्देश्य अपने कर्मचारियों की संख्या कम करके और अपने कुछ विनिर्माण संयंत्रों के निर्माण को रोककर लागत में कटौती करना है।अमेरिकी रिपब्लिकन सीनेटर टॉम कॉटन ने इंटेल के बोर्ड अध्यक्ष को पत्र भेजा था, जिसमें टैन के चीनी कंपनियों के साथ संबंधों और उनकी पूर्व कंपनी कैडेंस डिजाइन से जुड़े हालिया आपराधिक मामले के बारे में सवाल उठाए गए थे। आरोप है कि टैन ने सैकड़ों चीनी कंपनियों में निवेश किया है, जिनमें से कुछ चीनी सेना से जुड़ी हैं। इंटेल के प्रवक्ता ने बुधवार को बयान में कहा कि इंटेल और टैन अमेरिका की राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध हैं।

## इस साल विमानों में तकनीकी दिक्कतों के 190 मामले सामने आए, एयरलाइन कंपनियों ने 2458 उड़ानें रद की

**नईदिल्ली, 08 अगस्त [एजेंसी]।**

सरकार ने गुरुवार को लोकसभा को बताया कि एयरलाइन कंपनियों ने इस वर्ष 21 जुलाई तक विमानों में तकनीकी दिक्कतों की 190 मामलों सूचना दी है। नागरिक उड्डयन राज्य मंत्री मुरलीधर मोहोल ने लोकसभा में लिखित उत्तर में कहा कि विमानों में तकनीकी समस्याएं विमान के सिस्टम, सहायक उपकरणों के ठीक से कार्य न करने या खराबी के कारण हो सकती हैं।विमान के उड़ान भरने से पहले सभी समस्याओं को ठीक करने की जिम्मेदारी एयरलाइनों की होती है। मंत्री द्वारा साझा किए गए डाटा के अनुसार, इस वर्ष 21 जुलाई तक एयरलाइन कंपनियों ने 190 तकनीकी दिक्कतों की सूचना दी है, जबकि 2024 में यह संख्या 421 थी।अन्य प्रश्न उत्तर में मंत्री ने कहा कि वित्त वर्ष 2019-20 से वित्त वर्ष 2024-25 के दौरान देश के विभिन्न हवाईअड्डों के विकास, उन्नयन, आधुनिकीकरण पर 96,000 करोड़ रुपये से अधिक खर्च किया गया है। अन्य प्रश्न के उत्तर में मोहोल ने कहा कि इस वर्ष नियामक और भू-राजनीतिक मुद्दों के कारण एयरलाइन कंपनियों ने 2,458 उड़ानें रद या पुनर्निर्धारित की हैं। इंडिगो और एअर इंडिया ने क्रमशः 1,017 और 662 उड़ानें रद्द या पुनर्निर्धारित कीं। स्पाइसजेट ने 334, एअर इंडिया एक्सप्रेस ने 427 और अकासा एयर ने 18 उड़ानें रद्द या पुनर्निर्धारित कीं।देरी और रद्दीकरण के कारण एयरलाइनों को अतिरिक्त ईंधन, चालक दल का ओवरटाइम, रखरखाव, हवाईअड्डा शुल्क और पुनः बुकिंग व्यय सहित लागत उठानी पड़ती है।

# फडणवीस ने गोवा में राष्ट्रीय ओबीसी महासंघ के अधिवेशन को किया संबोधित, इस बात पर जताई प्रतिबद्धता

**मुंबई, 08 अगस्त [एजेंसी]।**

महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) के हितों के प्रति अपनी प्रतिबद्धता जताने गुरुवार को गोवा पहुंचे। गोवा में उन्होंने राष्ट्रीय ओबीसी महासंघ के दसवें राष्ट्रीय महाधिवेशन का उद्घाटन करते हुए कहा कि अनेक दबावों के बावजूद उन्होंने कभी ओबीसी के हितों पर आंच नहीं आने दी है। पिछले वर्ष हुए लोकसभा चुनाव से पहले ही महाराष्ट्र में मराठा एवं ओबीसी का संघर्ष परवान चढ़ने लगा था। नए-नए उभरे मराठा नेता मनोज जरांगे पाटिल ने बड़ा आंदोलन चलाकर मराठों को ओबीसी समाज में शामिल कर ओबीसी कोटे में ही उन्हें आरक्षण देने की मांग की थी। महाराष्ट्र में मराठा समाज की 32 प्रतिशत के लगभग निर्णायक संख्या होने के बावजूद तब राज्य में उपमुख्यमंत्री की जिम्मेदारी निभा रहे देवेंद्र फडणवीस उनकी इस मांग के आगे नहीं



झुके। जिसके परिणाम स्वरूप छह माह बाद ही हुए महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में ओबीसी समाज ने खुलकर भाजपा का साथ दिया, और देवेंद्र फडणवीस को पुनः मुख्यमंत्री बनकर राज्य की सत्ता में लौटने का मौका मिला।अब कुछ ही महीने बाद राज्य में स्थानीय निकायों के चुनाव होने जा रहे हैं। ये चुनाव पिछले कुछ वर्षों से स्थानीय निकाय चुनावों में ओबीसी आरक्षण को लेकर ही रुके हुए थे।

तीन माह पहले ही सर्वोच्च न्यायालय ने ये चुनाव ओबीसी को 27 प्रतिशत आरक्षण के साथ कराने के निर्देश दिए थे। दो दिन पहले ही सर्वोच्च न्यायालय ने एक बार फिर अपने इस निर्णय की पुष्टि की है। फडणवीस ओबीसी महासंघ के अधिवेशन में बोलते हुए इस बात का श्रेय लेना नहीं भूले कि वह स्थानीय निकाय चुनावों में ओबीसी को 27 प्रतिशत आरक्षण दिलवाने के लिए कितने प्रयत्नशील रहे हैं। बता दें कि महाराष्ट्र में ओबीसी की संख्या भी लगभग 38 प्रतिशत है, और स्थानीय निकाय चुनावों में उनके मत निर्णायक हो सकते हैं।

# भारत पर ट्रंप के टैरिफ बम के बाद ब्राजील के राष्ट्रपति लूला ने पीएम मोदी को क्यों किया फोन



**नईदिल्ली, 08 अगस्त [एजेंसी]।**

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा भारत और ब्राजील पर व्यापक एकतरफा टैरिफ लगाए जाने के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और ब्राजील के राष्ट्रपति लुईस इनासियो लूला दा सिल्वा के बीच बातचीत हुई। दोनों नेताओं ने व्यापार, प्रौद्योगिकी, ऊर्जा, रक्षा, कृषि, स्वास्थ्य और लोगों के बीच संबंधों में सहयोग बढ़ाने पर सहमति जताई। यह जानकारी प्रधानमंत्री कार्यालय ने दी। प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) ने एक बयान में कहा कि प्रधानमंत्री मोदी और ब्राजील के राष्ट्रपति ने आपसी हित के क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों पर भी विचारों का आदान-प्रदान किया। इस बातचीत के दौरान, प्रधानमंत्री ने पिछले महीने अपनी ब्राजील यात्रा को याद किया।

ट्रंप ने बुधवार को भारत के उत्पादों पर 25 प्रतिशत अतिरिक्त शुल्क लगाकर भारत पर शुल्क बढ़ाकर 50 प्रतिशत कर दिया, जिसके परिणामस्वरूप यह शुल्क ब्राजील पर लगाए गए शुल्क के बराबर हो गया है। पीएम मोदी ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि राष्ट्रपति लूला के साथ अच्छी बातचीत हुई। ब्राजील की मेरी यात्रा को यादगार और सार्थक बनाने के लिए उनका धन्यवाद। हम व्यापार, ऊर्जा, तकनीक, रक्षा, स्वास्थ्य आदि क्षेत्रों में अपनी रणनीतिक साझेदारी को और गहरा करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। वैश्विक दक्षिण के देशों के बीच एक मजबूत, जन-केंद्रित साझेदारी से सभी को लाभ होता है।

## भारत पर लगा 50 फीसदी टैरिफ तो भड़का चीन... डोनाल्ड ट्रंप को सुना दी खरी-खरी, अमेरिका पर साधा निशाना

**नई दिल्ली।** चीन ने गुरुवार को ट्रंप प्रशासन द्वारा लगाए गए 50 प्रतिशत के एकतरफा टैरिफ के खिलाफ भारत के विरोध का समर्थन किया है। अमेरिका ने पारस्परिक टैरिफ नीति के तहत 25 प्रतिशत टैरिफ लगाया है और रूस से तेल आयात करने पर भारत को दंडित करने के लिए 25 प्रतिशत टैरिफ लगाया है। दिल्ली स्थित चीनी दूतावास की प्रवक्ता यू जिंग ने एक्स पर एक पोस्ट के माध्यम से एक अंग्रेजी समाचार पत्र का संपादकीय कॉलम साझा किया है। जिसमें कहा गया है, भारत की संप्रभुता पर कोई समझौता नहीं किया जा सकता है और इसकी विदेश नीति के विकल्पों में अन्य देशों द्वारा हेरफेर नहीं किया जा सकता है, चाहे भारत के साथ उनके अपने संबंध कितने भी महत्वपूर्ण क्यों न हों। लेख में सोमवार को विदेश मंत्रालय के बयान का हवाला दिया गया है, जिसमें रूस के साथ संबंधों के लिए भारत को निशाना बनाने के लिए अमेरिका और यूरोपीय संघ की आलोचना की गई है। चीन द्वारा इस तरह का समर्थन ऐसे समय में आया है जब भारत और उसके सबसे बड़े व्यापारिक साझेदार अमेरिका के बीच संबंधों में खटास आ रही है।

# अभी और लगेंगे प्रतिबंध..., भारत पर टैरिफ को लेकर डोनाल्ड ट्रंप का बड़ा बयान

**वाशिंगटन, 08 अगस्त [एजेंसी]।**

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा है कि रूसी तेल खरीदने के मामले में भारत चीन के बहुत करीब है और उसे 50 प्रतिशत टैरिफ का भुगतान करना पड़ेगा। उन्होंने संकेत दिया कि भविष्य में और भी प्रतिबंध (सेकेंडरी सेंक्शन) लग सकते हैं। ट्रंप ने बुधवार को ओवल आफिस में कहा, जैसा कि आप जानते हैं, हमने भारत पर तेल खरीदने के लिए 50 प्रतिशत टैरिफ लगाया है। वे दूसरे ऐसे देश हैं जिस पर इतना अधिक टैरिफ लगाया गया है। रूस से तेल खरीदने के मामले में वे चीन के बहुत करीब हैं। एपल के सीईओ टिम कुक, उपराष्ट्रपति जेडी वेंस, वित्त मंत्री स्कॉट बेसेंट और वाणिज्य मंत्री हावर्ड लुटनिक की मौजूदगी में व्हाइट हाउस के कार्यक्रम में ट्रंप से भारत पर अतिरिक्त टैरिफ लगाने के उनके फैसले के बारे में कई सवाल पूछे गए। गौरतलब है कि एपल ने घोषणा की है कि वह अगले चार वर्षों में अमेरिका में 600 अरब अमेरिकी डॉलर का निवेश करेगी।अगर अमेरिका यूक्रेन व रूस के



साथ समझौता कर लेता है, तो क्या भारत पर से अतिरिक्त टैरिफ हटा दिया जाएगा, इस सवाल पर ट्रंप ने कहा, हम इस पर बाद में फैसला करेंगे, लेकिन अभी वे 50 प्रतिशत टैरिफ देंगे। जब उन्हें बताया गया कि भारतीय अधिकारियों ने कहा है कि चीन जैसे अन्य देश भी रूसी तेल खरीद रहे हैं, इस पर ट्रंप ने कहा, ठीक है। अतिरिक्त शुल्कों के लिए उन्होंने भारत को ही क्यों चुना, इस पर अमेरिकी राष्ट्रपति ने कहा, अभी केवल आठ घंटे ही हुए हैं, देखते हैं आगे क्या होता है.. आपको और भी बहुत कुछ देखने को मिलेगा। आपको कई और प्रतिबंध देखने को मिलेंगे। क्या रूसी तेल की खरीद के लिए चीन पर भी और अधिक शुल्क लगाने की उनकी कोई योजना है, इस प्रश्न पर ट्रंप ने कहा, ऐसा हो सकता है। यह इस बात पर निर्भर है कि हम कैसे करते हैं। हम शायद कुछ अन्य देशों के साथ भी ऐसा कर रहे हैं।

उनमें से एक चीन हो सकता है।अमेरिका ने रूस से आयातों के लिए अतिरिक्त टैरिफ या जुर्माना केवल भारत पर लगाया है, जबकि चीन और तुर्किये जैसे अन्य खरीदार अब तक ऐसे कदमों से बचे हुए हैं। चीन पर 30 प्रतिशत और तुर्किये पर 15 प्रतिशत शुल्क भारत के 50 प्रतिशत से कम है।अतिरिक्त शुल्क के बाद भारत पर ब्राजील के साथ सबसे ज्यादा 50 प्रतिशत टैरिफ लगेगा। जबकि लाओस और म्यांमार पर 40 प्रतिशत, थाईलैंड और कंबोडिया पर 36 प्रतिशत, बांग्लादेश पर 35 प्रतिशत, इंडोनेशिया पर 32 प्रतिशत, चीन और श्रीलंका पर 30 प्रतिशत, मलेशिया पर 25 प्रतिशत, फिलीपींस और वियतनाम पर 20 प्रतिशत, तुर्किये और जापान पर 15 प्रतिशत, पाकिस्तान पर 19 प्रतिशत और ब्रिटेन पर 10 प्रतिशत टैरिफ लगाया गया है।

# भाई-भाई बोलकर 20 कट्ठा जमीन रजिस्ट्री करवाई... रुपये मांगे तो सिर में एक, छाती पर दाग दीं 2 गोलियां, नाथनगर हत्याकांड में खुलासा

**नाथनगर, 08 अगस्त [एजेंसी]।**




बुधवार की शाम सवा सात बजे के करीब मधुसूदनपुर थाना क्षेत्र के किशनपुर तालाब के समीप बहबलपुर निवासी शिवम कुमार की हत्या कर दी गई। अपराधियों ने दौड़ाकर शिवम पर तीन गोलियां चलाईं। गुरुवार को एफएसएल टीम ने घटनास्थल से सबूत एकत्रित किए हैं। प्रारंभिक जांच में यह स्पष्ट हुआ है कि हत्या का कारण 20 कट्ठा जमीन का बकाया रुपया मांगना और दूसरी जमीन की रजिस्ट्री न कराना है। मृतक के पिता संजीव सिंह ने पुलिस को दिए बयान में बताया कि पहड़वा लक्ष्मणबाग निवासी घीघल उर्फ सुरेंद्र यादव, योगी यादव, मिट्ठू यादव और बहबलपुर निवासी राजा सिंह सहित कुछ अज्ञात लोगों ने मिलकर उनके पुत्र शिवम की हत्या की। संजीव सिंह ने कहा कि घीघल यादव और अन्य आरोपियों ने डेढ़ वर्ष पूर्व बिना पैसे के शिवम को बहला-फुसलाकर 20 कट्ठा जमीन की रजिस्ट्री करवा ली थी। जब भी शिवम पैसे की मांग करता, ये लोग उसे जान से मारने की धमकी देते थे। इसी डर से शिवम नासिक भाग गया था, लेकिन दो दिन पहले ही वह वापस लौटा था।गांव के राजा सिंह और घीघल के साथियों ने शिवम पर दबाव बनाया कि वह दूसरी जमीन की रजिस्ट्री कराए। पांच अगस्त को बहबलपुर स्मार्ट सिटी बगीचे में शिवम के साथ मारपीट की गई थी। जानकारी मिलने पर संजीव सिंह अपने बड़े बेटे सन्नी के साथ बगीचे गए और शिवम को बचाकर ले आए। उस समय भी घीघल और राजा ने धमकी दी थी कि यदि जमीन नहीं लिखी तो गोली मार देंगे। बुधवार की शाम करीब सात बजे संजीव ने देखा कि चारों नामजद शिवम को लेकर बगीचे की तरफ जा रहे हैं। ग्रामीणों से रात करीब आठ बजे जानकारी मिली कि किशनपुर पोखर के पास शिवम को गोली मार दी गई है। संजीव ने आरोप लगाया कि उनके बेटे की हत्या इन्हीं अपराधियों ने की है। घटनास्थल की जांच एफएसएल टीम द्वारा की गई है। शव का पोस्टमार्टम कर परिजनों को सौंप दिया गया है। नामजद आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए तकनीकी सहायता ली जा रही है। राकेश कुमार, सिटी डीएसपी-3 गोलियां मारी गई थी बहबलपुर निवासी शिवम को5 अगस्त को बहबलपुर बगीचे में शिवम के साथ हुई थी मारपीटमृतक के पिता के बयान पर चार नामजद आरोपितों के खिलाफ मामला दर्जएफएसएल टीम ने घटनास्थल से एकत्रित किए सबूतमधुसूदनपुर थाना क्षेत्र के किशनपुर तालाब के पास घटी थी घटनाघीघल यादव ने दी थी जान से मारने की धमकी, डर से नासिक भाग गया था ।

## पाकिस्तानी क्रिकेटर हैदर ब्रिटेन में दुष्कर्म के आरोप में गिरफ्तार, पीसीबी ने किया निलंबित

**मुंबई।** पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) एक नए संकट में फंस गया है। देश की ए टीम पाकिस्तान शाहीन के साथ ब्रिटेन के दौरे पर गए क्रिकेटर हैदर अली को ग्रेटर मैनचेस्टर पुलिस ने एक युवती से दुष्कर्म के आरोप में गिरफ्तार किया है। फिलहाल पीसीबी ने जांच पूरी होने तक हैदर अली को अस्थायी रूप से निलंबित कर दिया है।24 वर्षीय हैदर ने पाकिस्तान के लिए दो वनडे और 35 टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेले हैं। ग्रेटर मैनचेस्टर पुलिस के अनुसार हैदर को तीन अगस्त को कैंटरबरी में गिरफ्तार किया। वहीं पाकिस्तान शाहीन ने एमसीएसएसी के खिलाफ मैच खेला था। हैदर गिरफ्तारी के बाद मैदान से रोते हुए निकला और उसने खुद को निर्दोष बताया। सूत्रों के अनुसार दुष्कर्म की शिकायत दर्ज कराने वाली युवती भी पाकिस्तानी मूल की है। पुलिस ने हैदर का पासपोर्ट जब्त कर लिया, लेकिन उसे जमानत पर रिहा कर दिया गया।पीसीबी ने कहा है कि वह जांच में सहयोग करेगा। पाकिस्तानी खिलाड़ियों का अनुशासनहीनता का इतिहास रहा है।

# लखीमपुर खीरी हिंसा में सुप्रीम कोर्ट का लखनऊ SP को गवाह से मिलने का निर्देश

## धमकी मिलने की शिकायत की पुष्टि करने को कहा

**नईदिल्ली, 08 अगस्त [एजेंसी]।**

सुप्रीम कोर्ट ने लखनऊ के एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी को 2021 के लखीमपुर खीरी हिंसा मामले में एक गवाह से मिलने का निर्देश दिया, ताकि वह पूर्व केंद्रीय मंत्री अजय कुमार मिश्रा के पुत्र अशीष मिश्रा के खिलाफ गवाही देने के लिए कथित रूप से धमकी मिलने की उसकी शिकायत की पुष्टि कर सकें। जस्टिस सूर्यकांत, उज्जल भुइयां और एन. कोटिस्वर सिंह की खंडपीठ ने गुरुवार को उत्तर प्रदेश पुलिस से सवाल किया कि गवाह बलजिंदर सिंह की 20 जून को की गई शिकायत के बाद उन्होंने उस गवाह से मिलने का प्रयास क्यों नहीं किया। उत्तर प्रदेश के अतिरिक्त महाधिवक्ता गरिमा प्रसाद ने कहा कि गवाह अनिच्छुक था और उसे बुलाने के बावजूद वह पुलिस के पास अपनी शिकायत की पुष्टि करने या अपना बयान दर्ज कराने नहीं आया।पीठ ने कहा, यह पुलिस की ओर से संतोषजनक स्पष्टीकरण नहीं हो सकता। यदि शिकायतकर्ता अपनी शिकायत के समर्थन में आगे आने में अनिच्छुक है, तो किसी वरिष्ठ पुलिस अधिकारी को शिकायतकर्ता से मिलने भेजा जा सकता है/यह सत्यापित करने के लिए कि क्या उसकी



ओर से कोई शिकायत की गई है। यदि ऐसे तथ्य स्वीकार किए जाते हैं, तो पुलिस के लिए जांच करना अनिवार्य है। आवश्यक परिणामों का पालन होना चाहिए। सुप्रीम कोर्ट ने फिर पुलिस को जांच की ताजा स्थिति रिपोर्ट दाखिल करने का आदेश दिया और गवाह से मिलने के बाद रिपोर्ट प्रस्तुत करने को कहा। पीठ ने कहा, हम लखनऊ के वरिष्ठ एसपी को शिकायत की सत्यापन के बाद ऐसा हलफनामा दाखिल करने का निर्देश देते हैं।

यह रिकॉर्ड पर आया कि 8 मई से अभियोजन पक्ष ने 20 गवाहों का परीक्षण किया और 208 गवाहों की सूची से 20 गवाहों को हटा दिया। पीठ ने ट्रायल कोर्ट को निर्देश दिया ह्यकि वह तेजी से ट्रायल करें और संभव हो तो महीने में दो बार गवाहों का परीक्षण करें। 3 अक्टूबर, 2021 को लखीमपुर खीरी जिले के टिकुनिया में किसानों के एक समूह पर एसयूवी चढ़ाने के दौरान चार किसानों सहित आठ लोग मारे गए थे। ट्रायल कोर्ट ने दिसंबर 2023 में मिश्रा और 12 अन्य के खिलाफ हत्या, आपराधिक साजिश और अन्य दंडात्मक कानूनों के तहत आरोप तय किए।



## ऋतिक रोशन-जूनियर एनटीआर की वॉर 2 के रनटाइम का हुआ खुलासा

अयान मुखर्जी द्वारा निर्देशित एनटीआर-ऋतिक रोशन की वॉर 2 14 अगस्त 2025 को रिलीज़ के लिए तैयार है। वॉर 2 ने सेंसर की औपचारिकताएँ पूरी कर ली हैं। स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर एनटीआर और ऋतिक रोशन की एक्शन से भरपूर फ़िल्म का फ़िल्म प्रेमी बेसब्री से इंतज़ार कर रहे हैं।

फ़िल्म के प्रचार ने पहले ही फ़िल्म प्रेमियों में काफ़ी दिलचस्पी पैदा कर दी है। इस बीच, ख़बरें आ रही हैं कि वॉर 2 ने सेंसर की औपचारिकताएँ पूरी कर ली हैं। सेंसर बोर्ड के सदस्यों ने फ़िल्म को यू/ए प्रमाणपत्र दे दिया है। फ़िल्म की अंतिम अवधि 3 घंटे 5 मिनट है।वॉर 2 में ऋतिक एक बार फिर मेजर कबीर धालीवाल की भूमिका में नजर आएंगे।

यह फिल्म हिट फिल्म वॉर का सीक्वल है और एनटीआर की पहली बॉलीवुड फिल्म है।

वे नेगेटिव रोल में दिखाई देंगे। यह वाईआरएफ स्पाई यूनिवर्स की सबसे महंगी फिल्म बताई जा रही है। इसकी लागत करीब 400 करोड़ रुपये है।

फिल्म में कियारा आडवाणी मुख्य भूमिका में हैं। इस फिल्म की शूटिंग स्पेन, इटली और अबू धाबी में भव्य तरीके से की गई है और यह बहुचर्चित वाईआरएफ स्पाई वर्स का हिस्सा है।

इसका साउंडट्रैक प्रीतम ने तैयार किया है और फिल्म का संगीत संचित बल्हारा और अंकित बल्हारा ने तैयार किया है।

# क्या रोजाना क्रीम बिस्किट खाना सेहत के लिए सही है? जानिए इसके नुकसान

बच्चों से लेकर बड़ों तक हर कोई क्रीम वाले बिस्किट खाना पसंद करता है क्योंकि यह खाने में काफी स्वादिष्ट होते हैं। हालांकि, क्या आप जानते हैं कि रोजाना क्रीम बिस्किट खाना सेहत के लिए सही नहीं है। इसका कारण है कि इनमें चीनी की मात्रा अधिक होती है, जो स्वास्थ्य को प्रभावित कर सकती है। आइए जानते हैं कि क्रीम बिस्किट के सेवन से क्या-क्या नुकसान हो सकते हैं।

वजन बढ़ने की है आशंका

क्रीम बिस्किट का सेवन वजन बढ़ने का कारण बन सकता है। इसका मुख्य कारण है कि क्रीम बिस्किट में चीनी की अधिक मात्रा होती है। जब आप नियमित रूप से इनका सेवन करते हैं तो आपके शरीर में अतिरिक्त कैलोरी जमा होने लगती हैं, जिससे वजन बढ़ सकता है। वजन बढ़ने से कई स्वास्थ्य समस्याएं हो सकती हैं, जैसे कि उच्च रक्तचाप, मधुमेह, दिल की बीमारियां आदि। इसलिए सीमित मात्रा में ही क्रीम बिस्किट का सेवन करें।

दांतों के स्वास्थ्य पर पड़ता है बुरा असर

क्रीम बिस्किट का सेवन दांतों के स्वास्थ्य पर भी बुरा असर डाल सकता है। इन बिस्किट में मौजूद चीनी बैक्टीरिया के लिए भोजन का काम करती है, जिससे दांतों में कीड़े लग सकते हैं। इसके अलावा चीनी दांतों की सेंसिटिविटी बढ़ा सकती है, जिससे दर्द और असुविधा हो सकती है। इसलिए बिस्किट खाने के बाद अपने दांतों को अच्छी तरह से साफ करना जरूरी है ताकि बैक्टीरिया न पनप सकें।



पेट की समस्याएं हो सकती हैं

रोजाना क्रीम बिस्किट खाने से पेट की समस्याएं भी हो सकती हैं। इनमें मौजूद अधिक चीनी और चर्बी की मात्रा पाचन तंत्र पर असर डाल सकती है, जिससे गैस, अपच या कब्ज जैसी समस्याएं हो सकती हैं। इसके अलावा इनका सेवन पेट में भारीपन और असुविधा भी पैदा कर सकता है। इसलिए बेहतर होगा कि आप सीमित मात्रा में ही इनका सेवन करें और साथ ही पर्याप्त पानी पिएं ताकि पेट की सेहत ठीक रहे।

त्वचा पर हो सकता है बुरा असर

रोजाना क्रीम बिस्किट खाने से त्वचा पर भी बुरा असर पड़ सकता है। इनमें मौजूद अधिक चीनी रक्त के स्तर को बढ़ा सकती है, जिससे मुंहासे या त्वचा की सूजन जैसी समस्याएं हो सकती हैं। इसके अलावा चीनी त्वचा की उम्र बढ़ने की प्रक्रिया को भी तेज कर सकती है। इसलिए अपनी डाइट में क्रीम बिस्किट को सीमित मात्रा में शामिल करें ताकि आपकी त्वचा स्वस्थ रहे और समय से पहले झुर्रियां न आएं।

नींद पर पड़ सकता है असर

रात को सोने से पहले क्रीम बिस्किट खाना आपकी नींद पर भी असर डाल सकता है। इनमें मौजूद अधिक चीनी और चर्बी की मात्रा नींद को बाधित कर सकती है, जिससे आपको अच्छी नींद नहीं मिलती। इसके अलावा रात के समय इनका सेवन करने से पेट भारी महसूस कर सकता है, जिससे आरामदायक नींद लेने में दिक्कत होती है। इसलिए सोने से पहले इनका सेवन करने से बचें।



## बेहतरीन आवाज की मालकिन तो डांसिंग में शानदार, बेहद ग्लैमरस है आकृति कक्कड़

जब बात दिल को छू लेने वाली आवाज और मंच पर थिरकते कदमों की हो, तो बॉलीवुड में एक नाम जो तुरंत जेहन में आता है, वो आकृति कक्कड़ का है। 7 अगस्त को जन्मीं सिंगर ने सुरीली आवाज और बिंदास अंदाज से लाखों दिलों में जगह बनाई है।

आकृति कक्कड़ ने अपने करियर की शुरुआत छोटे-छोटे कदमों से की, लेकिन उनकी प्रतिभा ने उन्हें बॉलीवुड के बड़े प्लेटफॉर्म तक पहुंचा दिया। दिल्ली में जन्मीं और पली-बढ़ी आकृति ने संगीत की दुनिया में कदम रखते ही सबका ध्यान खींच लिया। उनके हम्प्टी शर्मा की दुल्हनिया में गाए गाने सैटरडे सैटरडे और 2 स्टेट्स के इसकी उसकी ने न सिर्फ चार्टबस्टर्स पर राज किया, बल्कि युवाओं की प्लेलिस्ट में भी जगह बनाई। इन गानों में उनकी एनर्जी और मस्ती ने हर किसी को झूमने पर मजबूर कर दिया।

इसके अलावा, खुदाया खैर और आज दिन चढ़ेया जैसे गाने उनकी गायकी की गहराई को दिखाते हैं। आकृति ने न सिर्फ बॉलीवुड में अपनी छाप छोड़ी, बल्कि अप्रैल 2010 में अपने सोलो एल्बम आकृति को रिलीज कर एक नया मुकाम हासिल किया।

इस एल्बम में शंकर महादेवन के साथ मिलकर उन्होंने गीतों को कंपोज भी किया, जो उनकी कला को और भी शानदार अंदाज में पेश करता है। उनके गाए माशा अल्लाह गाने को भी काफी पसंद किया गया।

हालांकि, उनका गाना रिंग डायमंड दी विवादों में भी रहा, जब इसे गर्ल्स जेनरेशन के कुछ गानों से प्रेरित होने का आरोप लगा।

आकृति न सिर्फ अपनी आवाज, बल्कि अपने डांस और ग्लैमरस अंदाज के लिए भी जानी जाती हैं। अपने बेटे के जन्म के महज 20 दिन बाद मंच पर नंगे पांव बलम पिचकारी गाते हुए उनकी एनर्जेटिक परफॉर्मेंस ने सोशल मीडिया पर तहलका मचा दिया। उनकी परफॉर्मेंस को खूब पसंद किया गया। आकृति ने खुद कहा, ताकत अप्रत्याशित जगहों से मिलती है और मुझे ये मेरे छोटे बच्चे से मिली।

आकृति की दो बहनें, सुकृति और प्राकृति कक्कड़ भी प्लेबैक सिंगर हैं, और तीनों बहनों ने मिलकर संगीत की दुनिया में एक से बढ़कर एक गाने दिए हैं। आकृति ने साल 2016 में डायरेक्टर चिराग अरोड़ा से शादी की और साल 2023 में बेटे को जन्म दिया। वह अपनी पर्सनल लाइफ को निजी रखना पसंद करती हैं, लेकिन फैंस के लिए सोशल मीडिया पर अपनी और परिवार की तस्वीरें पोस्ट करती रहती हैं।


# मोबाइल कवर बनाने के लिए अपनाएं ये तरीका, लगेगा खूबसूरत

मोबाइल कवर न केवल आपके फोन को सुरक्षित रखता है, बल्कि इसे आकर्षक भी बनाता है। अगर आप अपने फोन के लिए कुछ अलग और व्यक्तिगत बनाना चाहते हैं तो प्लास्टिक शीट और स्टोन का उपयोग करके एक खास मोबाइल कवर बना सकते हैं। इस लेख में हम आपको इस प्रक्रिया को आसान और मजेदार बनाने के लिए कुछ सरल तरीके बताएंगे, जिससे आप अपने फोन को एक नया लुक दे सकें।

जरूरी सामान इकट्ठा करें

सबसे पहले आपको कुछ जरूरी सामान की जरूरत पड़ेगी। इसके लिए आपको एक साफ प्लास्टिक शीट चाहिए होगी, जो आपके फोन के आकार के अनुसार हो। इसके अलावा आपको छोटे-छोटे स्टोन की जरूरत पड़ेगी, जो अलग-अलग रंगों और आकारों में हो सकते हैं। आप चाहें तो चमकदार गोंद, छोटे सजावटी सामान भी इस्तेमाल कर सकते हैं। साथ ही एक तेज कैंची, गोंद और रंग भी तैयार रखें ताकि आप अपने डिजाइन को पूरा कर सकें।

डिजाइन तैयार करें-अब बारी आती है अपने डिजाइन तैयार करने की। आप




चाहें तो पहले कागज पर स्केच बना सकते हैं या सीधे प्लास्टिक शीट पर अपना डिजाइन बना सकते हैं। अगर आप पहली बार ऐसा कर रहे हैं तो बेहतर होगा कि आप पहले कागज पर ही अभ्यास करें। अपने डिजाइन को ऐसा बनाएं जो आपके फोन के आकार और आकार के अनुसार हो ताकि यह पूरी तरह से फिट हो सके और देखने में अच्छा लगे।

स्टोन को लगाएं-जब आपका डिजाइन तैयार हो जाए तो अब समय है स्टोन को लगाने का। इसके लिए सबसे पहले प्लास्टिक शीट पर अपने डिजाइन के अनुसार स्टोन को रखें और उन्हें हल्का सा दबाएं ताकि वे अच्छे से चिपक जाएं। अगर स्टोन अच्छे से नहीं चिपक रहे हों तो थोड़ा गोंद लगाकर उन्हें फिर से चिपकाएं। ध्यान रखें कि सभी स्टोन को समान दूरी पर रखें ताकि देखने में अच्छा लगे।

रंग करें या सजाएं

स्टोन के सूखने के बाद अब आप अपने मोबाइल कवर को रंग सकते हैं या सजाने के लिए अन्य विकल्प चुन सकते हैं। अगर आपने चमकदार गोंद या छोटे सजावटी सामान का उपयोग किया है तो उन्हें भी इस चरण में जोड़ें ताकि आपका मोबाइल कवर और भी आकर्षक लगे। आप चाहें तो कुछ खास डिजाइन बनाने के लिए स्टैंसिल या टेम्पलेट्स का भी उपयोग कर सकते हैं। इससे आपके मोबाइल कवर को एक अनोखा लुक मिलेगा।

अंतिम रूप दें-अब आपका मोबाइल कवर पूरी तरह तैयार हो चुका है। इसे कुछ देर के लिए सूखने दें ताकि सभी सामग्रियां अच्छे से सेट हो जाएं। इसके बाद अपने फोन को इस नए बनाए गए मोबाइल कवर में डालें और देखें कि यह कैसा दिख रहा है। इस तरह आप आसानी से प्लास्टिक शीट और स्टोन का उपयोग करके अपने फोन के लिए एक अनोखा और व्यक्तिगत मोबाइल कवर बना सकते हैं।



## सारे जहां से अच्छा का पहला पोस्टर जारी

अभिनेता प्रतीक गांधी पिछले कुछ समय से वेब सीरीज सारे जहां से अच्छा को लेकर चर्चा में बने हुए हैं, जिसके निर्देशन की कमान गौरव शुक्ला को सौंपी गई है। प्रतीक के अलावा इस सीरीज में सनी हिंदुजा, सुहैल नैय्यर, कृतिका कामरा, तिलोत्तमा शोम, रजत कपूर और अनूप सोनी जैसे कलाकार भी नजर आएंगे। अब निर्माताओं ने सारे जहां से अच्छा का पहला पोस्टर जारी कर दिया है, जिसमें प्रतीक और सनी समेत तमाम सितारों की झलक दिख रही है। सारे जहां से अच्छा का प्रीमियर 13 अगस्त, 2025 से ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर होने वाला है। निर्माताओं ने पोस्टर साझा करते हुए लिखा, प्रतीक गांधी और सनी हिंदुजा एक गुप्त जंग में जासूस बने हैं। ओवर एंड आउट। यह वेब सीरीज 1970 के दशक की राजनीतिक और सामाजिक उथल-पुथल के दौर को पृष्ठभूमि बनाकर तैयार की गई है।

## सोनम बाजवा का ग्लैमरस लुक सोशल मीडिया पर वायरल, खूबसूरत फोटोज पर फैंस की अटकी नजरें

बॉलीवुड और पंजाबी सिनेमा की जानी-मानी एक्ट्रेस सोनम बाजवा इन दिनों सुर्खियों में हैं, सोनम बाजवा फिल्म हाउसफुल 5 में सुपरस्टार अक्षय कुमार के साथ नजर आई. इसी बीच सोनम ने अपना लेटेस्ट फोटोशूट इंस्टाग्राम पर शेयर कर फैंस का ध्यान अपनी ओर खींच लिया है. फोटोज़ में सोनम ग्रे ब्रालेट और मरमेड स्कर्ट में बेहद ग्लैमरस अवतार में नजर आ रही हैं. इसके साथ उन्होंने एक जैकेट भी कैरी की थी, जिसके बाद उन्होंने जैकेट हटाकर एक से बढकर एक पोज़ दिए. खुले बालों और कॉन्फिडेंट एक्सप्रेशंस के साथ उनका ये लुक सोशल मीडिया पर तहलका मचा रहा है. फैंस उनके टोंड फिगर और ऐब्स की जमकर तारीफ कर रहे हैं. एक यूजर ने लिखा, शानदार कर्व्स के साथ एक पंजाबन, जबकि दूसरे ने कहा, सबसे पहले मेरी नजर ऐब्स पर गई. एक और फैन ने उनके बैक शॉट की तारीफ करते हुए लिखा, शानदार बैक शॉट्स के लिए शानदार बैक! कैप्शन में सोनम ने लिखा- आपका मूडबोर्ड। साफ है कि सोनम न केवल अपनी एक्टिंग से बल्कि अपने स्टाइल और फिटनेस से भी लोगों को खूब इंप्रेस कर रही हैं.



## बॉक्स ऑफिस पर सन ऑफ सरदार 2 की हालत खस्ता, औंधे मुंह गिरी धड़क 2



अभिनेता अजय देवगन की बहुप्रतीक्षित फिल्म सन ऑफ सरदार 2 को सिनेमाघरों में रिलीज हुए 5 दिन पूरे हो गए हैं और यह अब तक 30 करोड़ रुपये की कमाई भी नहीं कर पाई। इस कॉमेडी फिल्म से दर्शकों बड़ी उम्मीदें थीं, लेकिन पहले दिन से ही इसका हाल बॉक्स ऑफिस पर निराशाजनक रहा है। अब सन ऑफ सरदार 2 की कमाई के पांचवें दिन के आंकड़े सामने आ गए हैं, जिसमें मामूली बढ़ोतरी देखने को मिली है। बॉक्स ऑफिस ट्रैकर सैकनिल्क के मुताबिक, जहां सन ऑफ सरदार 2 ने चौथे दिन 2.35 करोड़ रुपये का कारोबार किया, वहीं रिलीज के पांचवें दिन इस फिल्म ने 2.50 करोड़ रुपये की कमाई की। फिल्म ने 7.25 करोड़ रुपये के साथ अपना खाता खोला था, वहीं दूसरे दिन यह फिल्म 8.25 करोड़ रुपये कमाने में सफल रही। तीसरे दिन फिल्म ने 9.25 करोड़ रुपये कमाए। इस तरह 5 दिन में सन ऑफ सरदार 2 ने 29.60 करोड़ रुपये कमाए हैं। सन ऑफ सरदार 2 के निर्देशन की कमान पंजाबी सिनेमा के जाने-माने निर्देशक विजय कुमार अरोड़ा ने संभाली है। इस फिल्म के जरिए उन्होंने बतौर निर्देशक बॉलीवुड में कदम रखा है। उन्हें हरजीता (2018) और काली जोट्टा (2023) जैसी फिल्मों के लिए जाना जाता है।

## शब्द सामर्थ्य -133

(भागवत साहू)

**बाएं से दाएं**

1. खूब कसा हुआ, फूर्तिला, जो शिथिल व आलसी न हो 3. सार्वजनिक स्थान, संस्था, अस्तित्व, समिति 4. पौरुष, पुरुषत्व, मर्द होने का भाव 6. अंधेरा, अंधकार 7. लिपाई करना 9. शरीर, काया, जिस्म 10. मां के पिता, विभिन्न 12. महीना, मास 14. प्रियतम, बलमा, सजना 15. पांडवों का सबसे छोटा भाई 17. नशा, घमंड, खाता 19. वनोपज, वन से प्राप्त सामाग्री 21. शक्तिशाली, बलवान 24. तीव्र इच्छा 25. हथेली।

**ऊपर से नीचे**

1. निंदा, बुराई 2. निर्जीव, निष्प्राण 3. ध्वनियों या स्वरों का विशिष्ट लय में प्रस्फुटन, धुन, म्युजिक 4. झुका हुआ, विनीत 5. रूठे हुए को प्रसन्न करना, राजी करना 8. आश्रय, शरण 11. जन्म, जिंदगी 12. इंसानियत, मनुष्यता 13. रास्ता, मार्ग 14. एक हिंदी महीना, श्रावण 15. सपाट, जो उबड़-खाबड़ न हो 16. पति का छोटा भाई 18. गहरा कीचड़, पंक 20. आत्मा, अंत:करण (उ.) 22. बीता हुआ या आने वाला दिन 23. बगुला।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | ■ | 2 | ■ | 3 | | 4 | ■ |
| | ■ | 5 | | | | ■ | 6 | |
| 7 | 8 | | ■ | ■ | 9 | | ■ | ■ |
| ■ | 10 | | ■ | ■ | ■ | ■ | 11 | ■ |
| 12 | | ■ | 13 | ■ | 14 | | | ■ |
| | ■ | 15 | | 16 | | ■ | 17 | 18 |
| | ■ | | ■ | 19 | | 20 | ■ | |
| 21 | 22 | | 23 | | ■ | | ■ | |
| ■ | 24 | | | ■ | 25 | | | |

**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 132 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| गु | मा | न | ■ | ■ | प | यो | द | ■ |
| न | ■ | ह | क | दा | र | ■ | ल | य |
| ह | वा | ला | त | ■ | च | ■ | द | म |
| गा | ■ | ■ | रा | ज | म | ह | ल | ■ |
| र | ई | स | ■ | ग | ■ | स | ■ | अ |
| ■ | मा | ■ | प | त | वा | र | ■ | ल |
| ख | न | क | ना | ■ | ह | त | ■ | बे |
| स | दा | ■ | ह | ■ | वा | ■ | शो | ला |
| रा | र | ■ | ■ | ■ | ही | र | क | ■ |

# ई-समन प्रणाली शुरू, कोर्ट का नोटिस नियत जगह पहुंचने में अब केवल लगेगा सीमित समय

**सूरजपुर।** जिले की पुलिस समंस तामीली अब डिजिटल रूप से करेगी। डीआईजी व एसएसपी सूरजपुर श्री प्रशांत कुमार ठाकुर के निर्देश पर जिले के सभी थानों में ई-समन प्रणाली शुरू हो गई है। इसके लिए थानों के समन वारंट मुंशी और मददगारों की विशेष बैठक जिला पुलिस कार्यालय के सभागार में गुरूवार, 07 अगस्त 2025 को आयोजित हुई। बैठक में ऑनलाइन समन-वारंट की तामीली कराने की प्रक्रिया को सफल संचालन की समीक्षा की गई। नई व्यवस्था में कोर्ट से थानों तक समन और वारंट इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से भेजे जाएंगे। पुलिस डिजिटल माध्यम से ई-समन की तामील करा सकेगी।

डीआईजी व एसएसपी सूरजपुर ने बताया कि नवीन कानून में डिजिटल माध्यम से समंस तामील कराने का प्रावधान है। ई-समन प्रणाली डिजिटल पोर्टल आधारित सेवा है। पहले समन और वारंट की तामील में कई दिन लगते थे, थाने तक समन पहुंचाने में विलंब होता था। नई व्यवस्था में तामील प्रक्रिया की जानकारी हर स्तर पर ऑनलाइन अपडेट होगी। इससे न्यायिक प्रक्रिया में तेजी आएगी। अधिकारियों की जवाबदेही बढ़ेगी। समन तामील की प्रक्रिया अब हफ्तों की बजाय कुछ घंटों या दिनों में पूरी होगी। न्यायालय की सुनवाई में अनावश्यक देरी नहीं होगी।



## 12 को प्लेसमेंट कैंप रोजगार की राह खोलेगा

**कोरिया।** कोरिया जिले के शिक्षित युवाओं को निजी क्षेत्र में रोजगार दिलाने की दिशा में जिला प्रशासन द्वारा सराहनीय पहल की जा रही है। इसी क्रम में जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र, कोरिया द्वारा 12 अगस्त 2025 को एक दिवसीय प्लेसमेंट कैंप का आयोजन किया जाएगा, जो प्रातः 11 बजे से सायं 4 बजे तक चलेगा। इस कैंप में मेसर्स सीजी स्किल फाउंडेशन (सूरजपुर) द्वारा प्रोडक्शन सहायक के 25 रिक्त पदों पर भर्ती की जाएगी। इन पदों के लिए शैक्षणिक योग्यता 10वीं, 12वीं, आईटीआई, डिप्लोमा और एमबीए निर्धारित की गई है। चयनित उम्मीदवारों को 16 हजार से 20 हज़ार रुपये मासिक वेतन प्रदान किया जाएगा। यह पूरी प्रक्रिया निःशुल्क है और नियुक्ति की शर्तों की पूर्ण जिम्मेदारी नियोजक संस्था की होगी। जिला रोजगार कार्यालय केवल सुविधा प्रदाता की भूमिका में रहेगा। जो युवा इस अवसर का लाभ उठाना चाहते हैं, वे अपने साथ बायोडाटा, शैक्षणिक प्रमाण पत्रों की छायाप्रति, निवास प्रमाण पत्र, और पासपोर्ट साइज फोटो लेकर निर्धारित तिथि और समय पर कैंप में उपस्थित हों।



## जिला चिकित्सालय में कीमोथेरेपी यूनिट का शुभारंभ

**कोरिया बैकुंठपुर।** जिला चिकित्सालय परिसर में 15 बिस्तरीय आई0सी0यू0 एवं कीमोथेरेपी यूनिट का शुभारंभ क्षेत्रीय विधायक भैयालाल राजवाड़े के द्वारा फीता काटकर किया गया है। शुभारंभ कार्यक्रम कलेक्टर कोरिया श्रीमति चंदन त्रिपाठी की उपस्थिति में संपन्न हुआ। जिसमें अतिथि के रूप में जिला पंचायत अध्यक्ष मोहित पैकरा, उपाध्यक्ष श्रीमति वंदना राजवाड़े, पूर्व जिला अध्यक्ष, भाजपा कृष्ण बिहारी जायसवाल अध्यक्ष नगर पालिका श्रीमति नमिता शिवहरे, जिला पंचायत सदस्य श्रीमति शौभाग्यवती सिंह की सम्मिलित रहे। शुभारंभ कार्यक्रम में जिले के मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. प्रशांत सिंह, जिला चिकित्सालय बैकुण्ठपुर के सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक डॉ. आयुष जायसवाल, आवासीय चिकित्सा अधिकारी डॉ. कार्तिकेय सिंह, एनेस्थेसिस्ट डॉ. मनीष कुमार, अस्पताल सलाहकार एवं चिकित्सालय के अन्य कर्मचारी भी उपस्थित रहे।

## मनरेगा एवं प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत हुए कार्यों का होगा सामाजिक अंकेक्षण

**कोरिया।** पारदर्शिता और जनहितकारी योजनाओं में जवाबदेही तय करने के उद्देश्य से कोरिया जिले में महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) और प्रधानमंत्री आवास योजना के कार्यों का सोशल ऑडिट (सामाजिक अंकेक्षण) किया जा रहा है। कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी के निर्देश पर 4 अगस्त से सोनहत और बैकुण्ठपुर विकासखंड की आठ-आठ ग्राम पंचायतों में सोशल ऑडिट की प्रक्रिया प्रारंभ की गई है।

कलेक्टर द्वारा जारी निर्देशों के अनुसार सोशल ऑडिट टीमों का गठन कर उन्हें नियत तिथि पर संबंधित पंचायतों में पहुंचकर कार्यों की जांच करने और तत्पश्चात ग्राम सभाओं का आयोजन कर ऑडिट रिपोर्ट पर चर्चा करने के निर्देश दिए गए हैं। जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों को समस्त आवश्यक दस्तावेज सौंपने, स्वतंत्र पर्यवेक्षक नियुक्त करने तथा तकनीकी सहायकों की तैनाती सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। सामाजिक अंकेक्षण के लिए मनरेगा के अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2023-24 और 2024-25 तक तथा प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2016-17 से 2024-25 तक के सभी स्वीकृत हितग्राहियों के कार्यों को सम्मिलित किया गया है। सोनहत व बैकुंठपुर जनपद पंचायत में सोशल ऑडिट कार्यक्रम एक टीम द्वारा ग्राम पंचायत चंदहा, दामुज, कटगोड़ी एवं चकडांड में चार से पांच दिन का सोशल ऑडिट कार्य किया जाएगा, जिसके बाद विशेष ग्राम सभाएं आयोजित होंगी। दूसरी टीम बंशीपुर, सुंदरपुर, कुशहा एवं बोड़ार पंचायतों में सोशल ऑडिट कर ग्राम सभाओं का आयोजन करेगी। इसी तरह बैकुण्ठपुर जनपद पंचायत में सोशल ऑडिट कार्यक्रम के तहत पहली टीम फूलपुर, जमगहना, गदबदी एवं बड़गांव में चार-चार दिनों तक ऑडिट कार्य कर ग्राम सभाएं आयोजित करेगी।

दूसरी टीम रटगा, डोहड़ा, रनई एवं डुमरिया ग्राम पंचायतों में ऑडिट प्रक्रिया संपन्न कर विशेष ग्राम सभाएं आयोजित करेगी। ऑडिट टीम द्वारा मनरेगा में किए गए कार्यों के तहत वर्क फाइल, मस्टर रोल, माप पुस्तिका, प्रशासकीय स्वीकृति, वेज लिस्ट, एफटीओ लिस्ट, बिल-बाउचर सहित सभी आवश्यक दस्तावेजों की सार्वजनिक जांच की जाएगी। साथ ही प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत पात्रता सूची, प्रशासकीय स्वीकृति, भुगतान रजिस्टर आदि दस्तावेजों की भी जांच की जाएगी। कलेक्टर श्रीमती त्रिपाठी ने निर्देशित किया है कि सोशल ऑडिट की इस प्रक्रिया को गंभीरता से संपन्न किया जाए ताकि ग्रामीण विकास से जुड़ी योजनाओं में पारदर्शिता बनी रहे तथा हितग्राहियों को योजनाओं का पूरा लाभ मिल सके।

## शराब बेचने ग्राहक की तलाश कर रहा युवक पकड़ाया

**रायपुर।** अवैध रूप से शराब रखकर बिक्री के लिए ग्राहक की तलाश कर रहे एक युवक को विधानसभा थाना पुलिस ने गिरफ्तार किया है तथा उसके पास से 40 पौवा देशी शराब जब्त किया है। एण्टी क्राईम एण्ड साईबर यूनिट की टीम को सूचना मिली कि थाना विधानसभा क्षेत्रांतर्गत आमासिवनी पास एक व्यक्ति अपने पास शराब रखा है तथा बिक्री की फिराक में ग्राहक की तलाश कर रहा है। जिस पर वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में एण्टी क्राईम एण्ड साईबर यूनिट तथा थाना विधानसभा पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा उक्त स्थान जाकर मुखबीर द्वारा बताये हुलिए के व्यक्ति को चिन्हांकित कर पकड़ा गया। पूछताछ में व्यक्ति ने अपना नाम ओमप्रकाश जोशी निवासी रायपुर का होना बताया।

## भटगांव-बनारस मार्ग के डेंजर स्पॉट का जायजा लेने के साथ इन्हें हटाने की होगी कार्यवाही

**डीआईजी ने अधिकारियों के साथ ऐसे कई प्वाइंट का निरीक्षण किया**

**सूरजपुर।** जिले के राष्ट्रीय एवं राजकीय राजमार्ग के दुर्घटनाजन्य स्थानों पर हादसे रोकने हेतु ऐसे स्थानों पर सुरक्षा के इंतेजाम सुनिश्चित कराने को लेकर गुरूवार, 07 अगस्त 2025 को डीआईजी व एसएसपी सूरजपुर श्री प्रशांत कुमार ठाकुर ने थाना प्रभारी भटगांव, यातायात प्रभारी के साथ राजकीय राजमार्ग बनारस रोड़ भटगांव-कपसरा सहित अन्य दुर्घटनाजन्य स्थानों का दौरा किया।

डीआईजी व एसएसपी सूरजपुर ने राजकीय राजमार्ग के बनारस रोड़ पर कपसरा-भटगांव में स्थित इन ब्लैक स्पोर्ट पर पहुंचे जहां ज्यादातर सड़क दुर्घटनाए हुई है। इन दुर्घटनाजन्य जगहों पर पाया कि यहां साइन बोर्ड, रेडियम, रबर स्ट्रीम और सड़क चौड़ीकरण की आवश्यकता है जिसे देखते हुए उन्होंने पुलिस अधिकारियों को एनएच व पीडब्ल्यूडी के अधिकारियों से समन्वय स्थापित कर इन स्थानों पर उक्त सुरक्षा के इंतजाम सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए ताकि सड़क दुर्घटना पर रोक लगाई जा सके। जिले के सभी थाना-चौकी प्रभारियों को निर्देश दिए गए है कि वे यातायात नियमों का पालन करवाने के लिए कड़े कदम उठाए साथ ही जिन स्थानों पर सड़क दुर्घटनाएं होती है उन स्थानों पर हादसों को रोकने के लिए सुरक्षात्मक उपाए संबंधित जिम्मेदार अधिकारियों से जल्द कराए जाए।



## पत्नी पर जानलेवा हमला, पति गिरफ्तार

**बलौदाबाजार।** जिले के इंदिरा कॉलोनी कसडोल में अपनी पत्नी को लोहे की पाइप से मारकर गंभीर चोट पहुंचाने वाले आरोपी पति को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थिया रेवती बाई जायसवाल द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराया गया कि दिनांक 05.06.2025 के 10:30 आरोपी उमेंद्र जयसवाल द्वारा अपनी पत्नी डालेश्वर जायसवाल को जान से मारने की नीयत से लोहे की पाइप से उसके सिर में वारकर गंभीर चोंट पहुंचाया है। रिपोर्ट पर थाना कसडोल में धारा 109 बीएनएस का प्रकरण पंजीबध्द कर विवेचना में लिया गया तथा आरोपी उमेंद्र जायसवाल को हिरासत में लिया गया, जिससे पूछताछ करने पर आरोपी द्वारा जान से मारने की नीयत से अपनी पत्नी के सिर में लोहे की पाईप से वार कर उसे गंभीर चोट पहुंचाना स्वीकार किया गया। जिसके बाद आरोपी को आज दिनांक 07.08.2025 को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करने की प्रक्रिया की जा रही है।

## अवैध रूप से शराब बिक्री करने वाला पकड़ाया

**दुर्ग।** जिले की जामुल थाना पुलिस ने कैलाश नगर साप्ताहिक बाजार के पास अवैध रूप से शराब बेच रहे एक आरोपी को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 566 पौवा देशी मदिरा जप्त किया है। मिली जानकारी के अनुसार दिनांक 07.08.2025 जामुल पुलिस को मुखबीर द्वारा सूचना मिली कि विरेन्द्र सिंह निवासी कैलाश नगर साप्ताहिक बाजार के पास जामुल द्वारा अपने मकान के पास अवैध रूप से शराब ब्रिकी कर रहा है। सूचना पर जामुल पुलिस एवं एसीसीयू की संयुक्त टीम द्वारा मामले को संज्ञान में लेकर त्वरित कार्यवाही करते हुए तत्काल विरेन्द्र सिंह का निवास स्थान कैलाश नगर साप्ताहिक बाजार के पास जामुल पहुंची पुलिस को आते देख विरेन्द्र सिंह भागने लगा जिसे घेराबंदी का पकड़ा गया। आरोपी विरेन्द्र सिंह के कब्जे से एवं घर में छुपा कर रखे 04 प्लास्टिक के बोरी में रखे 391 नग शोले देशी मसाला, 01 प्लास्टिक बोरी में 98 नग शोले देशी प्लेन, थैला में 77 नग गोवा स्पेशल व्हीस्की जप्त कुल 566 पौवा मदिरा कुल कीमत 59330 रूपये जप्त किया गया तथा आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड में केन्द्रीय जेल दुर्ग भेजा गया।

## दुपहिया में मिला 500 पौवा देशी शराब, आरोपी गिरफ्तार

**रायपुर।** राजधानी रायपुर की विधानसभा थाना पुलिस ने अवैध रूप से शराब का परिवहन कर रहे एक व्यक्ति को गिरफ्तार कर उसके पास से 500 पौवा देशी शराब जब्त किया है। एण्टी क्राईम एण्ड साईबर यूनिट की टीम को सूचना मिली कि थाना विधानसभा क्षेत्रांतर्गत आमासिवनी पास दोपहिया वाहन सवार व्यक्ति अपने पास शराब रखा है तथा कहीं जाने की फिराक में है। जिस पर वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में एण्टी क्राईम एण्ड साईबर यूनिट तथा थाना विधानसभा पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा उक्त स्थान जाकर मुखबीर द्वारा बताये दोपहिया वाहन एवं हुलिए के व्यक्ति को चिन्हांकित कर पकड़ा गया। पूछताछ में व्यक्ति ने अपना नाम रघु सोनी निवासी रायपुर का होना बताया। टीम के सदस्यों द्वारा उसके दोपहिया वाहन की तलाशी लेने पर वाहन में शराब रखा होना पाया गया। शराब रखने एवं परिवहन करने के संबंध में वैध दस्तावेज की मांग करने पर उसके द्वारा किसी प्रकार का कोई दस्तावेज प्रस्तुत न कर टीम के सदस्यों को लगातार गुमराह करने का प्रयास किया जा रहा था।

## फोन चलाने से मना किया, विवाद के बाद भाई ने काट दिया बहन का गला




**अंबिकापुर।** 9 अगस्त को पूरे देश भर में भाई बहन का पवित्र त्योहार रक्षा बंधन का त्योहार मनाया जाएगा। कहा जाता है कि भाई बहन का रिश्ता सिर्फ एक पारिवारिक संबंध नहीं, बल्कि प्यार, सुरक्षा और भरोसे का सबसे मजबूत बंधन होता है, लेकिन इससे पहले एक ऐसी घटना सामने आई है, जिसे सुनकर आपके भी होश उड़ जाएंगे। थाना क्षेत्र की कुन्नी पुलिस चौकी अंतर्गत ग्राम लिपिंगी में 5 अगस्त की रात बहन ने भाई को मोबाइल चलाने से मना किया तो भाई आक्रोशित हो गया। उसने टांगी से ताबड़तोड़ वार कर बहन को मौत के घाट उतार दिया। मिली जानकारी के अनुसार, प्रार्थी स्मिथ मझवार ने 6 अगस्त को कुन्नी पुलिस चौकी पहुंच रिपोर्ट दर्ज कराई कि मृतका मुनेश्वरी अपने दोनों बच्चों के साथ खाना खाकर जमीन पर सोई हुई थी और उसी कमरे में जयप्रकाश पिता बिंद्रा राम मझवार लगभग 12.30 बजे खाट पर मोबाइल चला रहा था। मुनेश्वरी ने अपने भाई जयप्रकाश को मोबाइल चलाने से मना करते हुए मोबाइल छीन लिया। इसके बाद दोनों भाई बहन में लड़ाई हुआ, फिर मुनेश्वरी रात लगभग एक बजे सो गई। कुछ देर बाद जयप्रकाश ने गुस्से में आकर टांगी उठाकर बहन के गले और चेहरे में कई वार कर उसे मौत के घाट उतार दिया। प्रार्थी की रिपोर्ट पर पुलिस ने धारा 103 (1) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज करते हुए आरोपी जयप्रकाश को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो उसने बहन की हत्या करने का जुर्म कबूल लिया। इस पर पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

## वोकल फॉर लोकल को बढ़ावा देता आकांक्षा हाट अब रक्षाबंधन तक रहेगा जारी

**कोरिया।** नीति आयोग, भारत सरकार द्वारा आकांक्षी विकासखंडों की समग्र प्रगति हेतु संचालित संपूर्णता अभियान के अंतर्गत बैकुण्ठपुर विकासखंड में हाल ही में आयोजित ''संपूर्णता अभियान सम्मान समारोह'' के अवसर पर आरंभ हुआ ''आकांक्षा हाट'' अब रक्षाबंधन (9 अगस्त 2025) तक जारी रहेगा।पहले केवल तीन दिवस के लिए प्रस्तावित इस विशेष प्रदर्शनी और व्यावसायिक मेले को स्थानीय नागरिकों की उत्साही भागीदारी और भारी बिक्री को देखते हुए विस्तार दिया गया है। संयुक्त जिला कार्यालय परिसर के समीप कोरिया मिलेट्स कैफे के सामने आयोजित इस हाट में जिले के महिला स्व-सहायता समूहों, किसानों, स्थानीय उद्यमियों और कलाकारों द्वारा निर्मित उत्पादों की प्रदर्शनी और बिक्री की जा रही है। हाट में विशेष रूप से बिहान समूहों की महिलाएं द्वारा तैयार कोरिया मोदक, सोन हनी (शहद), अचार, मसाले, राखियाँ, पापड़-बड़ी, तथा मिलेट्स से बने व्यंजन और मिठाइयाँ प्रमुख आकर्षण बने हुए हैं। कृषि विज्ञान केंद्र कोरिया और एफएफओ से जुड़े किसानों द्वारा उत्पादित सुगंधित चावल, मूंगफली तेल, दालें, साबुन, एसेंशियल ऑयल और वन विभाग के ''संजीवनी'' उत्पाद भी उपभोक्ताओं को खूब भा रहे हैं। अब तक महिला समूहों को इस हाट से 1 लाख 50 हजार रुपए से अधिक की आय हो चुकी है। उत्पादों की गुणवत्तापूर्ण प्रस्तुति और पारंपरिकता ने उपभोक्ताओं को आकर्षित किया है, जिससे मांग लगातार बढ़ रही है। ''वोकल फॉर लोकल'' की भावना को मजबूत करता यह हाट स्थानीय स्तर पर रोजगार, आयवर्धन और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को गति देने का उत्कृष्ट उदाहरण बनकर उभरा है।

## अमृत सरोवरों के तट बनेंगे स्वतंत्रता दिवस समारोह के मंच



**कोरिया।** आज़ादी का पर्व इस वर्ष कोरिया जिले में और अधिक सार्थक बन रहा है। भारत सरकार के निर्देशानुसार जिले के 57 अमृत सरोवरों के तटों पर आगामी 15 अगस्त को ध्वजारोहण समारोह का आयोजन किया जाएगा। कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी ने इस संबंध में सभी संबंधित ग्राम पंचायतों को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी कर दिए हैं। महात्मा गांधी नरेगा योजना के तहत निर्मित अमृत सरोवर अब ग्रामीण क्षेत्रों में सामुदायिक सहभागिता, आजीविका उन्नयन और पर्यावरण संरक्षण का केंद्र बनते जा रहे हैं। इन सरोवरों से नागरिकों को जहां निस्तार और सिंचाई की सुविधा मिली है, वहीं स्व-सहायता समूह की महिलाएं मत्स्य पालन जैसे कार्यों से आत्मनिर्भरता की ओर अग्रसर हो रही हैं। जारी निर्देशों में कहा गया है कि ध्वजारोहण कार्यक्रम में ग्राम पंचायतों के विशिष्ट नागरिक, जनप्रतिनिधि, स्व-सहायता समूह की महिलाएं, युवा, स्कूली छात्र और आम नागरिक सहभागिता करेंगे। तिरंगा यात्रा और रचनात्मक प्रतियोगिताएं भी होंगी जिला पंचायत सीईओ डॉ. आशुतोष चतुर्वेदी ने जनपद पंचायतों को इन समारोहों के अंतर्गत तिरंगा यात्रा, चित्रकला, निबंध, कविता एवं स्लोगन लेखन प्रतियोगिता, स्वच्छता अभियान और पौधारोपण जैसी गतिविधियाँ आयोजित करने के निर्देश दिए हैं।

## हुडदंग करने वाले तीन हुड़दंगी भेजे गये जेल

**राजनांदगांव।** जिले की थाना बसंतपुर पुलिस ने थानाक्षेत्र में हुडदंग करने वाले तीन हुड़दंगियों के विरूद्व प्रतिबंधात्मक धाराओ के तहत् कार्यवाही करते हुए गिरफ्तार किया है। बता दें कि पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग के मार्गदर्शन व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा तथा नगर पुलिस अधीक्षक श्रीमती वैशाली जैन के दिशा निर्देश पर असमाजिक तत्वो पर आवश्यक कार्यवाही करने हेतु निर्देश प्राप्त हुआ है। इसी कड़ी में आज दिनांक 07.08.2025 को निरीक्षक एमन साहू थाना प्रभारी बसंतपुर के नेतृत्व पर थाना क्षेत्रान्तर्गत परिशांत भंग कर मोहल्ले में हो-हुल्लड़ करने वाले राहुल निषाद पिता स्व .राजू निषाद उम्र 27 साल निवासी जमातपारा रवि सारथी पिता स्व. मदन सारथी उम्र 38 साल निवासी कुंआ चौक नंदई तथा नागेश्वर उर्फपिन्टू पिता स्व. कमल साहू उम्र 21 साल निवासी कोठारपारा नंदई को गिरफ्तार कर उनके विरूद्व धारा 170, 126,135(3) बीनएसएसएस के तहत् कार्यवाही कर एसडीएम न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया जहां से जेल वारंट प्राप्त होने उपरान्त जिला जेल राजनांदगांव दाखिल किया गया।

## अवैध खननः 7 जेसीबी एवं 11 हाईवा जब्त

**रायपुर।** अवैध खनन के खिलाफ रायपुर पुलिस ने बड़ी कार्यवाही करते हुए नया रायपुर क्षेत्र में मुरुम खनन करने वाले कुल 7 जेसीबी और 11 हाईवा जप्त किया है। नया रायपुर क्षेत्र में लगातार अवैध मुरुम खनन की शिकायतें प्राप्त हो रही थीं, जिसे लेकर रायपुर के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. लाल उमेंद सिंह के निर्देशन में नवा रायपुर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विवेक शुक्ला के नेतृत्व में एक विशेष टीम गठित कर चल रहे अवैध मुरुम खनन करने वालों पर बड़ी कार्यवाही की गई है।

## शेयर ट्रेडिंग के नाम पर लाखों की ठगी, आरोपी राजस्थान से गिरफ्तार

**रायपुर।** शेयर ट्रेडिंग में मोटा मुनाफा कमाने का लालच देकर लोगों से ठगी करने वाले एक आरोपी को रायपुर पुलिस ने राजस्थान से गिरफ्तार किया है। आरोपी को रायपुर लाकर न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेजा गया है।

मिली जानकारी के अनुसार पीड़ित विकास लाहोटी पिता मोतीलाल लाहोटी पता जयश्री विहार पंडरी रायपुर ने शेयर ट्रेडिंग में मुनाफा कमाने के नाम से उनसे 59 लाख रुपए की धोखाधड़ी होने की रिपोर्ट रेंज साइबर थाना रायपुर में दिनांक 24/6/24 को पंजीबद्ध कराई थी। रिपोर्ट पर धारा 420,34 भादवि के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया था। मामले में आईजी अमरेश मिश्रा द्वारा रेंज साइबर थाना रायपुर की टीम को तकनीकी साक्ष्य एकत्र कर आरोपियों को गिरफ्तार करने के संबंध में निर्देश दिया गया जिसपर कार्यवाही करते हुए विवेचना क्रम में आरोपियों द्वारा उपयोग किए जा रहे वॉट्सएप नंबर, बैंक खातों एवं मोबाइल नंबरों की जानकारी प्राप्त कर विश्लेषण किया गया। जिसमे यह बात सामने आई कि राजस्थान निवासी प्रदीप जैन पिता हस्तीमल जैन उम्र 48 वर्ष पता मानसरोवर कॉलोनी, जयपुर राजस्थान द्वारा पता बदल बदल कर फर्जी कम्पनी बनाकर विभिन्न बैंकों में खाता खुलवाकर अपने अन्य साथियों की सहायता से उक्त बैंक खातों में प्रार्थी से रकम जमा करवाए गए थे। इन बैंक खातों में अलग अलग राज्यों के 57 से अधिक पुलिस थाना एवं साइबर सेल मे रिपोर्ट दर्ज है। जिसके बाद रायपुर पुलिस ने राजस्थान जाकर गिरफ्तार किया तथा आज दिनांक 07/08/25 को आरोपी को न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेजा गया है।

## आरक्षक ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**दुर्ग।** 6 अगस्त की शाम थाना पद्मनाभपुर क्षेत्र अंतर्गत न्यू पुलिस लाइन में निवासरत नवआरक्षक सुरेंद्र साहू (उम्र 35 वर्ष) द्वारा अपने ही घर में आत्महत्या कर लेने की दुखद जानकारी प्राप्त हुई। सुरेंद्र साहू अनुकंपा नियुक्ति पर आरक्षक पद पर कार्यरत थे।

## पाइप लाइन खराब होने पर पीडब्ल्यूडी करेगी क्षतिपूर्ति-महापौर

**जगदलपुर।** धरमपुरा इलाके में पीडब्ल्यूडी विभाग द्वारा सड़क चौड़ीकरण का कार्य प्रारंभ किया गया है। इस कार्य के चलते आसपास के कई मकानों की नल कनेक्शन लाइनें क्षतिग्रस्त हो गई हैं। जिससे क्षेत्र में जल आपूर्ति बाधित हो गई है। जैसे ही इस समस्या की जानकारी महापौर संजय पाण्डे को प्राप्त हुई, वे तत्काल मौके पर पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया। मौके से ही महापौर ने पीडब्ल्यूडी विभाग और पीएचई विभाग के अधिकारियों को तलब किया और दोनों विभागों को निर्देशित किया कि जलापूर्ति व्यवस्था को जल्द से जल्द बहाल किया जाए। उन्होंने ठेकेदार से चर्चा कर स्पष्ट किया कि सड़क निर्माण कार्य प्रारंभ करने से पूर्व ड्रेन व पाइप डक्ट लाइन सुनिश्चित की जाए ताकि भविष्य में ऐसी समस्याएं उत्पन्न न हों। महापौर ने कहा कि नगर निगम और पीडब्ल्यूडी विभाग को आपसी समन्वय के साथ कार्य करना होगा, ताकि जनता को किसी प्रकार की असुविधा न हो और सरकारी संसाधनों का दुरुपयोग भी रोका जा सके।

# प्रदर्शन की बयार और त्योहारी सीजन ने बढ़ाया पुलिस पर काम का बोझ

## उठाईगिरी और झपटमारी की चुनौती, निगरानी तेज




**कोरबा।** ईस्ट वेस्ट रेल कॉरिडोर निर्माण के साथ साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड में भूविस्थापित के लगातार प्रदर्शन, अलग-अलग कारण से होने वाले आंदोलन ने कोरबा जिले के अनेक पुलिस थाना को दबाव में ला दिया है। अक्सर यहां के काफी स्टाफ को मौके पर लॉ एंड ऑर्डर की व्यवस्था बनाने में नियोजित करना पड़ रहा है। इसके चलते पुलिस थानों में बल की कमी महसूस हो रही है।

रक्षाबंधन के त्योहारी सीजन में बाजार में भीड़भाड़ बढ़ी है। जिला मुख्यालय कोरबा के साथ उपनगरीय क्षेत्र और कस्बों में रक्षाबंधन पर्व के लिए खरीदारी का जोर बना हुआ है। राखी से लेकर कपड़े मिठाई और ज्वेलरी की दुकानों में रौनक कायम है। सुबह से रात तक बाजार में व्यस्तता बनी हुई है। ऐसे में कई प्रकार की चुनौतियां भी हैं। दुकानों में ही नहीं बल्कि खरीदारी करने वाले वर्ग के साथ झपटमारी और लूटपाट जैसी घटना ना हो जाए, यह सबसे बड़ी चिंता का विषय है। इसी बात को ध्यान में रखते हुए भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में पुलिस को नियुक्त किया गया है ताकि स्थिति पर निगरानी रखी जाए। कोरबा कोतवाली, सिविल लाइन के साथ कटघोरा, बालको नगर, कुसमुंडा, दीपका, बाकी मोगरा और पाली पुलिस थाना के काफी पुलिसकर्मियों की ड्यूटी इस काम में लगाई गई है। जबकि कोरबा जिले में ही ईस्ट वेस्ट रेल कॉरिडोर के निर्माण कार्य में आपत्ति को लेकर भी बल को लगाना पड़ा है। कुसमुंडा दीपिका और गेवरा कोयला खदान में आए दिन होने वाले प्रदर्शन के लिए भी पुलिस बल की जरूरत पड़ रही है। ऐसे में बल को रिजर्व रखा गया है। जबकि आगामी स्वाधीनता दिवस पर्व की परेड के लिए प्रत्येक थाने से पुलिसकर्मियों को प्रशिक्षण में भेजा जा रहा है। इससे अधिकांश पुलिस थाने फिलहाल दबाव की स्थिति में है। ऐसे में विभिन्न कार्य के संपादन में समस्याएं आड़े आ रही हैं। लगातार बनी स्थिति के परिपेक्ष में इस बात को महसूस किया जा रहा है कि कोरबा जिले के पुलिस थानों में पुलिस बल की उपलब्धता में बढ़ोतरी की जानी चाहिए।

### औद्योगिक जिले में ज्यादा है चुनौतियां

छत्तीसगढ़ के प्रमुख औद्योगिक जिले के रूप में उनकी गिनती होती है। जहां पर भारत अल्युमिनियम कंपनी, छत्तीसगढ़ पावर जेनरेशन कंपनी, साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड, इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन, अदानी पावर के अलावा कई औद्योगिक इकाइयां स्थापित है। औद्योगिक गतिविधियों के साथ-साथ बड़ी संख्या में श्रमिकों के नियोजन और श्रम कानून के परिपालन को लेकर आए दिन यहां पर तमाशा होते हैं। इस वजह से पुलिस को हस्तक्षेप करने के लिए अपनी भूमिका निभानी पड़ती है। हालांकि औद्योगिक इकाइयों के पास अपना खुद का सुरक्षा बल उपलब्ध है लेकिन बहुत सारे मामलों में उसकी उपयोगिता दर्ज नहीं हो पाती हैं।

# टेंडर खत्म : कॉलोनी से लेकर कई वार्ड में कचरा से मुश्किलें



**कोरबा।** जिले की दूसरी बड़ी नगर पालिका दीपिका में सफाई व्यवस्था का दम निकल रहा है। यहां वहां से हर रोज निकल रहे कचरा का समय पर उठाओ ना होने से स्थिति गजब की है। ऐसे हालात एसईसीएल कॉलोनी से लेकर नगर पालिका के वार्डों में बने हुए हैं। कारण बताया जा रहा है कि टेंडर खत्म हो गया है तो अभी कुछ दिन यह सब कुछ देखना ही होगा।

कहने के लिए नगर पालिका परिषद क्षेत्र के अंतर्गत सामान्य क्षेत्र के साथ-साथ साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड के गेवरा और दीपिका एरिया का आवासीय परिसर शामिल है। लेकिन प्रायोगिक रूप से एसईसीएल प्रबंधन ने अपने क्षेत्र की जरूरत खुद ही कर रखे हैं। इसके लिए उसका अपना अलग सिस्टम है। पता चला है कि स्वच्छता संबंधी कार्यों को ठेके पर कराया जा रहा है और पिछला टेंडर खत्म होने की वजह से साफ सफाई जैसे कार्यों के सामने समस्या खड़ी हो गई है। कुचला को में कचरा का उठाव नहीं होने की शिकायत लोगों ने की है। ऐसे में कचरा का क्षेत्रफल बढ़ता जा रहा है।

ऐसी ही स्थिति नगर पालिका के कई वार्ड में बनी हुई है, जहां से कचरा कलेक्शन बाधित है। मौजूदा दौर में एक तरफ हर कहीं सफाई पर विशेष ध्यान देने को कहां जा रहा है और इसके ठीक उल्टे कामकाज के लिए सिस्टम ही नहीं है। क्षेत्र के लोग इस पूरे मामले को लेकर अलग-अलग स्तर पर न केवल बातचीत कर रहे हैं बल्कि जिम्मेदारी तय करने को भी कह रहे हैं। उनका कहना है कि पॉलिटिक्स में शामिल लोगों से जनहित के मामलों में विशेष रुचि लेने की अपेक्षा की जाती है लेकिन देखने को मिल रहा है कि उन्हें सदस्यता विस्तार और पुरस्कार लेने से ही फुर्सत नहीं है।

# जनरल मजदूर की दुपहिया स्टैंड से पार

**कोरबा।** एसईसीएल दीपका एरिया के एमटीके 2 स्थित वाहन स्टैंड से लगातार दोपहिया गाड़ियों की चोरी हो रही है। जनरल मजदूर विजय प्रकाश यादव की दुपहिया भी इसी स्थान से चोरी हो गई। रात्रि शिफ्ट में यह कमी यहां पहुंचा था। उसके द्वारा पार्किंग स्टैंड में गाड़ी रखी गई थी। आज सुबह शिफ्ट समाप्त होने पर स्टैंड पर पहुंचा, तब यहां दोपहिया नदारत मिली। आसपास में तलाश करने पर कोई परिणाम सामने नहीं आए। उसके द्वारा दीपिका क्षेत्र के कार्मिक प्रबंधक के अलावा दीपिका थाना में मामले की जानकारी दी गई है। इससे पहले भी इसी स्टैंड से कई कर्मचारियों की दोपहिया की चोरी हो चुकी है। बार-बार हो रही घटनाओं से सवाल उठता है कि आखिर इन्हें अंजाम देने में कौन सा गिरोह काम कर रहा है। मांग की जा रही है कि पूरे क्षेत्र को हाई फ्रीक्वेंसी वाले सीसीटीवी कैमरा से लैस किया जाए ताकि चोरी चकारी करने वालों की पताशाजी आसान तरीके से हो सके।

## ग्रामीण की मौत

**कोरबा।** कोरबी चौकी के दुल्लापुर गांव में 74 वर्षीय इतवार सिंह गोंड़ की मौत हो गई। इस पर संदेह जताया जा रहा है। पुलिस का कहना है कि जांच में कारण स्पष्ट होगी।

# गजराजों की चिंघाड़ से गूंज रहा जंगल

**कोरबा।** जिले के कटघोरा वनमंडल का जंगल इन दिनों गजराजों की चिंघाड़ से गुंजायमान हो रहा है। जिससे ग्रामीणों में काफी दहशत है। यहां स्थित 7 रेंजों में से केंदई, पाली व चैतमा को छोड़कर कटघोरा, एतमानगर, जटगा एवं पसान रेंज में 80 के लगभग गजराज विचरण कर रहे हैं। जिनमें सर्वाधित 63 गजराजों की सक्रियता एतमानगर रेंज के बांधापारा (40) व पाथा 23 परिसर में हैं। गजराजों का दल दिन भर जंगल में रहने के बाद शाम को वे जंगल से निकलते हैं और आसपास स्थित गांवों में पहुंचकर खेतों में लगे धान की फसल को लगातार चौपट कर रहे हैं। हाथियों का उत्पात पूरे रात भर चलता है और सुबह होने से पहले फिर जंगल में जाकर डेरा डाल देते हैं। जहां एतमानगर क्षेत्र में मौजूद हाथियों के उत्पात से ग्रामीण परेशान हैं वहीं जटगा रेंज में 8, पसान में 2 व कटघोरा रेंज में 6 हाथी उत्पात मचाकर ग्रामीणों तथा वन विभाग की नाकों में दम कर रखे हैं। बताया जाता है कि जटगा में मौजूद 8 हाथ काफी दिनों से क्षेत्र में हैं लेकिन राहत की बात यह है कि लगभग एक माह से क्षेत्र में विचरण करने के बाद हाथियों ने कोई बड़ा नुकसान नहीं पहुंचाया है। पसान रेंज में मौजूद दो दंतैल ने आते ही रेंज के कोटमर्रा तथा तराईनार नामक गांव में कहर ढाते हुए जहां दो ग्रामीणों के घर को ढहा दिया, वहीं बड़ी मात्रा में धान की फसल को भी चौपट कर दिया था। कल क्षेत्र में सक्रिय दंतैलों में से एक दंतैल तनेरा गांव में पहुंचकर एक ग्रामीण के गोठान में बंधे मवेशियों पर हमला कर एक मवेशी को मार डाला था जबकि एक अन्य को घायल कर दिया था।

इस बच कटघोरा ब्लॉक एवं रेंज अंतर्गत छुरीकला नगर के समीप पिकनिक स्पॉट ग्राम झोरा सिरकी में तीन दिनों से जंगली हाथी डेरा डाले हुए हैं। हाथियों के द्वारा खेतों में लगे फसल को चौपट किये जाने से किसानों को भारी नुकसान हुआ है। वन मंडल कटघोरा अंतर्गत पिकनिक स्पॉट झोरा के समीप ग्राम सिरकी में धान के खेतों मे पहुंच कर उत्पात मचा रहे हैं। जंगली हाथी के ग्राम में घुसने को लेकर ग्रामीणों मे भय बना हुआ है , बताया जाता है बांगो के जंगल में विचरण करते हुए ग्राम पाथा, हथमार होते सिरकी जंगल पहुंचा है। ग्रामीणों का कहना है कि पांच से छह हाथियों का दल जंगल में देखा गया है। वे रात में गांव के आसपास पहुंच कर फसल को चौपट कर रहे हैं। किसानों की मेहनत, लागत सभी चौपट होने से रोजी-रोटी पर संकट मंडराता दिखाई दे रहा है। ग्रामवासी रात भर रतजगा कर हाथी को भगाने के उपाय जान जोखिम में डालकर कर रहे हैं। ग्रामीणों ने मांग की है कि हाथियों के द्वारा किये गये फसल की नुकसानी की भरपाई की जाये।

# सावधान, सड़क पर रील बनाई तो होगी मुसीबत

**कोरबा।** लगातार इस तरह की तस्वीर सामने आ रही है कि नए जमाने में लगातार बढ़ रही रील बनाने की बीमारी बढ़ती जा रही है। कहीं भी कभी भी और किसी भी कारण से झील बनने वाले सक्रिय हैं । इनमें टीनएजर्स से लेकर युवक , युवतियां और उम्रदराज भी पीछे नहीं हैं। लेकिन अब बहुत हो गया। खास तौर पर सड़क इस तरह की नौटंकी करने वालों पर अब एक्शन होगा।

कोरबा सहित विभिन्न क्षेत्रों से इस तरह की तस्वीर और और खबरें लगातार आ रही है की रील के चक्कर में शौकीन वर्ग रेलवे ट्रैक के साथ-साथ मुख्य मार्ग और हाईवे और उपस्थिति दर्ज करने में पीछे नहीं है। ऐसे में लोको पायलट के साथ-साथ गाड़ी के चालकों को सतर्कता वर्तनी पड़ती है। जबकि कई मौका पर हादसे भी हो चुके हैं। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म इंस्टाग्राम, से लेकर फेसबुक और व्हाट्सएप पर ऐसी तस्वीर भरी पड़ी है। जानकारों का कहना है कि मृग मरीचिका वाली दुनिया में दूसरे लोगों से लाइक, कमेंट और शेयर के चक्कर में इस तरह की हरकतें कुछ ज्यादा हो गई है। हालात ऐसे हैं कि अपनी आउट रीच को बढ़ाने और पहचान को दूर का रास्ता करने के चक्कर में लोग किसी भी स्तर तक जाने को तैयार बैठे हैं। ऐसे में सड़क हाथों के साथ-साथ दूसरे स्थान पर घटनाएं भी हो रही है। ऐसे मामलों को लेकर अब हाई कोर्ट ने खुद संज्ञान लिया है और पुलिस से पूछा है कि उसकी जानकारी में कितने मामले हैं और उसने क्या कुछ कार्रवाई की। इन कारणों से पुलिस को कार्रवाई करने के लिए मजबूर होना ही पड़ेगा। जानकारी मिली है कि कोरबा जिले में पुलिस ने पूर्व के कुछ मामलों में कार्रवाई की है । उसने स्पष्ट कर दिया है कि आगे इस तरह की हरकतों को ना तो बर्दाश्त किया जाएगा और ना ही किसी को बक्शा जायेगा।

# बकाया टैक्स अदा करो तब जारी होगा जन्म मृत्यु प्रमाण पत्र व राशन कार्ड

## नपा से अश्वनी ने पूछा - कहां है ऐसा नियम



**कोरबा।** जन्म मृत्यु प्रमाण पत्र और राशन कार्ड जारी करने के लिए नगरी निकायों से लेकर ग्राम पंचायत में व्यवस्था निश्चित है। लेकिन कोरबा जिले के बाकी मोगरा नगर पालिका परिषद में एक अलग ही व्यवस्था बनी हुई है। इसके अंतर्गत आवेदन करने वाले लोगों को प्रपत्र देने के लिए पहले बकाया टैक्स का भुगतान करने को कहा जा रहा है। अपनी तरह का नया सिस्टम है जिस पर लोगों को आपत्ति है।

नगर पालिका परिषद के भाजपा पार्षद अश्विनी मिश्र ने इस बारे में चीफ म्युनिसिपल ऑफीसर पत्राचार करते हुए लिखित में जानकारी देने को कहां है कि क्या ऐसी कोई बाध्यता इस मामले को लेकर सरकार के नगरी प्रशासन विभाग के द्वारा बनाई गई है। पूछा गया है कि इस प्रक्रिया में आखिर कितना समय लगेगा, ताकि लोगों को टेंशन से मुक्ति मिले। उन्होंने कहा है कि विभिन्न क्षेत्रों से इस प्रकार की शिकायतें आ रही है जो लोग राशन कार्ड से लेकर जन्म और मृत्यु का पंजीयन करने व इन मामलों में प्रमाण पत्र जारी करने की मांग कर रहे हैं उन्हें यही तर्क दिया जा रहा है कि पहले किया जाए। ऐसा होने पर ही प्रपत्र दिया जा सकेगा। इसके साथ ही राशन कार्ड में नए सदस्यों के नाम जोड़ने और किसी का नाम विलोपित करने के लिए भी यही तर्क दिया जा रहा है। अश्विनी ने ऑफिसर को बताया है इस तरह के बिल्कुल नए और असाधारण नियम के कारण काफी संख्या में लोग नगर पालिका कार्यालय के चक्कर काटने को मजबूर हैं। लोगों को जितनी जानकारी है उसके हिसाब से कोरबा जिले के दूसरे नगरी निकायों में ना तो ऐसा कोई नियम बना है और ना ही इसके लिए उन्हें चक्कर लगवाए जा रहे हैं। भाजपा पार्षद ने नगर पालिका परिषद के अजीबोगरीब रवैया के बारे में जिले के प्रभारी मंत्री अरुण साव, कैबिनेट मंत्री लखन लाल देवांगन, कलेक्टर कोरबा और विधायक प्रेमचंद पटेल को भी अवगत कराया है। उन्होंने कहा है कि सरकारी कार्यालय में जनता के काम आसान तरीके से हो इसके लिए कई प्रकार की चीज विकेंद्रीकृत की गई है लेकिन जिस प्रकार से बांकीमोगरा नगर पालिका में काम का चल रहा है उससे अलग संदेश जा रहा है।

# श्रावण पूर्णिमा को रिवर फ्रंट के लिए होगा संकल्प

**कोरबा।** जिले की लाइफ लाइन कहीं जाने वाली हसदेव में रिवरफ्रंट निर्माण के लिए काफी समय से मांग हो रही है। श्रावण पूर्णिमा 9 अगस्त को एक आयोजन के साथ इस बारे में संकल्प लिया जाएगा। इसके साथी हस्ताक्षर अभियान को गतिशीलता दी जाएगी।

नमामि हसदेव समिति के वरिष्ठ पदाधिकारी रणधीर पांडेय ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि एक व्यापक उद्देश्य के साथ इस दिशा में काम किया जाना है। 2 वर्ष से नदी संरक्षण को लेकर समिति काम कर रही है। शुरुआती दौर में सीमित लोग इस अभियान के साथ जुड़े और कालांतर में उनकी संख्या में बढ़ोतरी हुई। अब तक की स्थिति में समिति और उसके कार्य का न केवल विस्तार हुआ है बल्कि एक आदर्श स्थिति की तरफ हम लोग बड़े हैं। बताया गया कि नदी संरक्षण और जीवन व पर्यावरण के लिए इसकी आवश्यकता को मजबूती दी जा रही है और इसलिए जनता की ओर से अच्छा रिस्पांस अभियान को प्राप्त हो रहा है। उन्होंने बताया कि श्रावण पूर्णिमा को शाम 6:00 बजे कोरबा में सर्वमंगला हसदेव तट पर महा आरती की जाएगी। इस मौके पर विद्या भारती के प्रांतीय अध्यक्ष जुड़ावन दीन्ह ठाकुर यजमान होंगे। कार्यक्रम के लिए सभी आवश्यक तैयारी की जा रही है। बताया गया कि एक बेहतर उद्देश्य की पूर्ति के लिए नमामि हसदैव के कामकाज जारी हैं।

## करतला में सर्राफ ने बैठक ली

**कोरबा।** हर घर तिरंगा कार्यक्रम के लिए रामनारायण सर्राफ को करतला मंडल का प्रभारी बनाया गया है। इनके द्वारा कार्यकर्ताओं की बैठक ली गई। बैठक में मंडल अध्यक्ष रामकुमार गभेल सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद थे। बरपाली मंडल में भी प्रभारी अजय कंवर द्वारा बैठक ली गई। बैठक में मंडल अध्यक्ष ओमप्रकाश साहू सहित सभी कार्यकर्ताओं द्वारा रणनीति बनायी गई। दीपका नगर मंडल में प्रभारी नरेश टंडन ने बैठक ली। बैठक में हरिश थरवानी, राजू प्रजापति, धरम तिवारी, गुलशन ध्रुव ने कार्यक्रम करने के लिए विचार विमर्श किया। पाली मंडल में भी प्रभारी संजय शर्मा उपस्थित थे। यहां पर अध्यक्ष चंद्रशेखर पटेल, मुकेश कौशिक सहित सभी कार्यकर्ताओं ने एक साथ बैठकर कई सुझाव दिए। दर्री मंडल में मनोज लहरे व बालको में डिलेन्द्र यादव ने प्रभारियों के साथ मिलकर विचार विमर्श किया।

## आगजनी मामले में जांच जारी

**कोरबा।** जल जीवन मिशन के पाइप को आग लगाने के मामले में रजगामार चौकी ने अपराध दर्ज किया है। इसकी जांच की जा रही है। बताया गया कि स्कूल के पास पाइप डंप किए गए थे।

## कल्गामार में मचाया उत्पात

**कोरबा।** वनमंडल कोरबा के करतला वन परिक्षेत्र में एक बार फिर हाथियों के दल ने फिर दस्तक दे दिया है। कुदमुरा के रासते अचानक पहुंचे 24 हाथियों के दल ने यहां के कल्गामार गांव में जमकर उत्पात मचाते हुए 16 ग्रामीणों के धान फसल को रौंद दिया। पीड़ित ग्रामीणों द्वारा सूचना दिए जाने पर वन विभाग के अधिकारी व कर्मचारी मौर्को पर पहुंचकर हाथियों की निगरानी में जुट गया है। वहीं कल्गामार में आसपास के गांव में मुनादी कराई जा रही है। हाथियों द्वारा किए गए नुकसानी का आंकलन भी विभाग कर रहा है।




**हादसों से बचाते हैं यातायात नियम :** यातायात जागरूकता को लेकर कोरबा जिले में काम चल रहा है। इस श्रृंखला में सिविल लाइन क्षेत्रांतर्गत एनईपीएस विद्यालय में पुलिस ने विद्यार्थियों और शिक्षकों के साथ संवाद किया। उन्हें यातायात नियमों और संकेतकों की जानकारी दी गई। कहा गया कि नियम पालन करने से हादसे रूकते हैं और जिंदगी सुरक्षित रहती है। ट्रैफिक टीआई तेज सिंह यादव, ट्रैफिक टीआई मनोज राठौर और उनकी टीम ने मार्गदर्शन किया। विद्यालय प्रबंधन ने पुलिस के प्रयास को सराहा।

## संयुक्त मोर्चा ने आंदोलन की चेतावनी दी

**कोरबा।** एसईसीएल गेवरा प्रोजेक्ट में संयुक्त मोर्चा द्वारा एसईसीएल प्रबंधन को 20 सूत्रिय मांग पत्र पर सौंपा गया है। जिस पर वार्ता भी आयोजित की गई लेकिन वार्ता बेनतीजा रहा। इसके बाद से प्रबंधन द्वारा दूसरी बैठक नहीं बुलायी गई है। जिसे लेकर संयुक्त मोर्चा के शेखचांद मंसूरी, कृपालराल जायसवाल, छंदराम राठौर, अनूज राम, सहित सभी कार्यकर्ताओं ने प्रबंधन से मुलाकात करते हुए दोबारा ज्ञापन सौंपा और पुराने मांगों पर चर्चा करने को कहा। अगर उनकी मांगें नहीं मानी जाती है तो आने वाले दिनों में आंदोलन किया जाएगा।








स्वामी कौशल किशोर मिश्र की ओर से प्रकाशक, मुद्रक सुभाष अग्रवाल द्वारा आकाश आफसेट प्रिंटर्स से मुद्रित कर तिलक मार्ग, ट्रासंपोर्ट नगर, कोरबा से प्रकाशित, संपादक सुभाष अग्रवाल फोन: 221149, मो. : 9425224167 आर.एन.आई. पंजी. नं. 50254/89, ई-मेल tarunpresskrb@gmail.com